www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹ 400/-

सत्यमेव जयते

रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

खंड-51 अंक-5 पृष्ठ 44 | नई दिल्ली 2 - 8 मई 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)

भारत में पर्यटन रोजगार का एक प्रमुख स्रोत है. यह क्षेत्र केवल होटल और यात्रा सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवहन, हस्तशिल्प और अन्य संबंधित क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर आजीविका के अवसर पैदा करता है. कम विकसित क्षेत्रों में भी पर्यटन स्थानीय अर्थव्यवस्था को सहारा देता है. भारत पर्यटन डेटा संकलन 2025 के अनुसार, पर्यटन क्षेत्र कुल रोजगार में 13.34 प्रतिशत योगदान देता है, जिसमें 5.82 प्रतिशत प्रत्यक्ष रोजगार शामिल है. वहीं, जीडीपी में इसका योगदान 5.22 प्रतिशत है, जिसमें 2.72 प्रतिशत प्रत्यक्ष योगदान है.

पर्यटन के इसी महत्व को देखते हुए केंद्रीय बजट 2026-27 में इसे प्रमुख विकास क्षेत्र के रूप में रेखांकित किया गया है. बजट में राष्ट्रीय आतिथ्य संस्थान के माध्यम से कौशल विकास, पर्यटक मार्गदर्शकों के प्रशिक्षण, विरासत और अनुभवात्मक पर्यटन स्थलों के विकास, डिजिटल पर्यटन प्लेटफॉर्म के निर्माण तथा बुनियादी ढांचे और संपर्कता में सुधार जैसे उपाय प्रस्तावित किए गए हैं. इन पहलों का मुख्य उद्देश्य रोजगार सृजन को बढ़ावा देना, सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और पर्यटन क्षेत्र के सतत विकास को सुनिश्चित करना है.

थीम और गंतव्य-आधारित पर्यटन विकास

केंद्र सरकार ने उत्तर-पूर्वी राज्यों जैसे- अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बौद्ध पर्यटन सर्किट विकसित करने के लिए एक नई योजना की घोषणा की है. इसका उद्देश्य इन क्षेत्रों को बौद्ध और आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक केंद्रों के रूप में विकसित करना है. इस योजना के अंतर्गत मंदिरों और मठों के संरक्षण एवं विकास, पर्यटकों की समझ बढ़ाने के लिए व्याख्या केंद्र की स्थापना, बेहतर सड़क एवं परिवहन संपर्क, तथा तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं और विरासत अवसंरचना के विकास जैसे प्रमुख उपाय शामिल हैं. इन पहलों से देशी और विदेशी दोनों प्रकार के पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ने की उम्मीद है. यह पहल पहले से चल रही स्वदेश दर्शन योजना पर आधारित है, जिसके तहत विषय-आधारित पर्यटन सर्किटों का विकास, बेहतर अवसंरचना और पर्यटक सुविधाओं पर जोर दिया गया था. अब इसे उन्नत रूप में स्वदेश दर्शन 2.0 के रूप में लागू किया गया है, जिसमें सतत पर्यटन, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों का संरक्षण तथा सामुदायिक भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया है. अब तक इस योजना के अंतर्गत 76 परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें से अधिकांश पूर्ण हो चुकी हैं. यह देशभर में पर्यटन अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण और क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है.

इको-ट्रेल्स और संपर्कता

केंद्रीय बजट में प्रकृति-आधारित और सतत पर्यटन पर विशेष जोर दिया गया है, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पूर्वी घाट के अराकू वैली तथा पश्चिमी घाट के पोडिगाई मलई में पर्यावरण के अनुकूल पर्वतीय और प्रकृति ट्रेल्स के विकास का प्रस्ताव है. ओडिशा, कर्नाटक और केरल के तटीय क्षेत्रों में कछुओं के प्रमुख अंडन स्थलों के आसपास टर्टल ट्रेल्स तथा आंध्र प्रदेश की पुलिकट झील के किनारे बर्ड-वॉचिंग ट्रेल्स जैसी पहलें भारत की जैव विविधता का लाभ उठाते हुए इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखती हैं. इसके अलावा, उच्च गति रेल सहित रेल और क्षेत्रीय संपर्कता के विस्तार तथा दूरदराज क्षेत्रों तक बेहतर पहुंच से पर्यटन गतिशीलता को सुगम बनाने और उभरते व स्थापित पर्यटन स्थलों तक पहुंच में सुधार की उम्मीद है. ये उपाय पर्यटन योजना को बुनियादी ढांचे के विकास के साथ जोड़ने के लिए तैयार किए गए हैं, जिससे पर्यटकों को निर्बाध पहुंच मिल सके और साथ ही स्थानीय आर्थिक विकास एवं सततता को बढ़ावा मिल सके.

वैश्विक पहचानः बिग कैट समिट 2026

भारत वर्ष 2026 में पहली बार आयोजित होने वाले ग्लोबल बिग कैट समिट की मेजबानी करेगा, जिसमें 95 देशों के नेता संरक्षण, आवास सुरक्षा, अनुसंधान और सतत वन्यजीव पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे. यह आयोजन वैश्विक वन्यजीव सहयोग और इको-टूरिज्म में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है.भारत पहले से ही इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) के माध्यम से इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जो कि बड़ी बिल्ली प्रजातियों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक संगठन है. इसका मुख्यालय भारत में स्थित है और इसे कई देशों का समर्थन प्राप्त है. विश्व की सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों में से पांच- बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता, भारत में पाए जाते हैं, जो इस क्षेत्र में देश को विशेष प्राकृतिक बढ़त प्रदान करते हैं.

इस समिट की मेजबानी से भारत की पहचान एक प्रमुख वन्यजीव पर्यटन गंतव्य के रूप में और मजबूत होगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी. साथ ही, राष्ट्रीय उद्यानों के आसपास बुनियादी ढांचे और पर्यटक सुविधाओं में सुधार को भी बढ़ावा मिलेगा. इसके अतिरिक्त, यह पहल स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर पैदा करेगी तथा ऐसे पर्यटन को प्रोत्साहित करेगी जो प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करता हो.

संस्थागत और मानव संसाधन सुधार

केंद्रीय बजट में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में कौशल सुधार तथा संस्थानों को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम प्रस्तावित किए गए हैं. इनमें एक प्रमुख पहल राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग टेकनालॉजी परिषद् को उन्नत कर राष्ट्रीय आतिथ्य संस्थान के रूप में विकसित करना है. यह नया संस्थान बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा, उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम, शोध के अवसर और अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रदान करेगा. साथ ही, यह शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच एक प्रभावी सेतु के रूप में कार्य करेगा.

एक अन्य महत्वपूर्ण पहल के तहत 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर 10,000 पर्यटक मार्गदर्शकों के प्रशिक्षण के लिए एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया जाएगा. यह कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान के सहयोग से संचालित होगा और 12 सप्ताह के हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कक्षा शिक्षण, फील्ड प्रशिक्षण और ऑनलाइन मॉड्यूल शामिल होंगे. इसका उद्देश्य मार्गदर्शकों की गुणवत्ता में सुधार करना, पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना और रोजगार के अधिक अवसर सृजित करना है.

ये प्रयास कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर सर्विस प्रोवाइडर्स तथा इनक्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट फैसिलिटेटर जैसे पर्यटन मंत्रालय के मौजूदा कार्यक्रमों को और सुदृढ़ करेंगे, जिनका उद्देश्य पर्यटन सेवाओं में कौशल और पेशेवर दक्षता को बढ़ाना है. समग्र रूप से, ये उपाय एक कुशल कार्यबल तैयार करने और देशभर में पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं.

डिजिटल और विरासत अवसंरचना

बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग और विरासत स्थलों के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया गया है. इसके तहत एक प्रमुख पहल राष्ट्रीय गंतव्य डिजिटल नॉलेज ग्रिड की स्थापना है. यह एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म होगा, जो भारत के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और विरासत स्थलों से संबंधित जानकारी का संकलन और प्रसार करेगा. इससे शोधकर्ताओं, इतिहासकारों, कंटेंट क्रिएटर्स और पर्यटकों को विश्वसनीय जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी. साथ ही, यह बेहतर योजना निर्माण, पर्यटन स्थलों की दृश्यता बढ़ाने और विरासत स्थलों के प्रभावी प्रबंधन में भी मदद करेगा.

बजट में 15 प्रमुख पुरातात्विक स्थलों- लोथल, धोलावीरा, राखीगढ़ी, सारनाथ, हस्तिनापुर और लेह पैलेस को आकर्षक पर्यटन गंतव्यों के रूप में विकसित करने की भी योजना है. इसके अंतर्गत वॉकवे का निर्माण, व्याख्या केंद्रों की स्थापना, पर्यटक सुविधाओं का विस्तार तथा संरक्षण कार्यों को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को अधिक समृद्ध और अनुभवात्मक यात्रा का अवसर मिल सके.

शेष पृष्ठ 2 पर

Follow us @Employ_News
Follow us @EmploymentNews

पृष्ठ 1 का शेष

पर्यटन से प्रगति की नई राहें ...

ये पहलें, पहले से चल रही स्वदेश दर्शन 2.0, SASCI योजना तथा PRASHAD योजना जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाती हैं, जो पर्यटन अवसंरचना और विरासत विकास को समर्थन देती हैं. समग्र रूप से, इन प्रयासों का उद्देश्य भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण करते हुए सतत पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करना है.

मेडिकल टूरिज्म और वेलनेस एकीकरण

केंद्रीय बजट 2026-27 में राज्यों को पांच क्षेत्रीय चिकित्सा हब स्थापित करने में सहायता के लिए एक नई योजना प्रस्तावित की गई है. इसका उद्देश्य भारत को मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म का एक अग्रणी वैश्विक केंद्र बनाना है. इन हब्स में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष आधारित उपचार पद्धतियों तथा मेडिकल पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे डायग्नोस्टिक सेवाएं, उपचार के बाद देखभाल और पुनर्वास, को एकीकृत किया जाएगा.

इनमें से कई परियोजनाएं सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी के माध्यम से विकसित की जाएंगी, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच दोनों में सुधार होगा. यह पहल स्वास्थ्य, वेलनेस और पर्यटन को एक साथ जोड़ने की सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है. इसके अंतर्गत WHO ग्लोबल ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर जैसे संस्थानों को सुदृढ़ करने तथा स्थानीय स्वास्थ्य और आतिथ्य सेवाओं में सुधार पर भी बल दिया गया है. समग्र रूप से, इन उपायों का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना, उनके अनुभव को समृद्ध बनाना और वैश्विक मेडिकल टूरिज्म बाजार में भारत की स्थिति को और मजबूत करना है.

पूर्वोदय राज्यों के विकास को बढ़ावा

केंद्रीय बजट 2026-27 में पूर्वोदय राज्यों जैसे- बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश, पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि पर्यटन के माध्यम से क्षेत्रीय विकास को गति दी जा सके. इसके तहत प्रत्येक राज्य में एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य विकसित करने की योजना है. इस पहल को बेहतर अवसंरचना के माध्यम से समर्थन मिलेगा, जिसमें दुर्गापुर को एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करते हुए ईस्ट कोस्ट इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का विस्तार शामिल है. यात्रा को सुगम बनाने के लिए बजट में 4,000 इलेक्ट्रिक बसें जोड़ने का भी प्रस्ताव है. इससे परिवहन अधिक स्वच्छ, कुशल और पर्यटकों के लिए सुलभ होगा. इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और विरासत का उपयोग कर पर्यटन-आधारित विकास को बढ़ावा देना है. बेहतर संपर्कता और सार्वजनिक सेवाओं के माध्यम से ये राज्य अधिक पर्यटकों को आकर्षित कर सकेंगे और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे. समग्र रूप से, यह दृष्टिकोण पूर्वी भारत को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.

निष्कर्ष

केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रस्तावित पर्यटन पहलें आर्थिक विकास को गति देने, रोजगार सृजन करने और भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं. यह दृष्टिकोण नई योजनाओं और मौजूदा कार्यक्रमों के समन्वय के माध्यम से अवसंरचना सुधार, विरासत संरक्षण, कौशल विकास और डिजिटल साधनों के उपयोग पर आधारित है. साथ ही, आध्यात्मिक, इको, साहसिक और मेडिकल पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों के विकास पर भी विशेष जोर दिया गया है.

पूर्वोत्तर में बौद्ध सर्किट का विकास, आतिथ्य सेवाओं का उन्नयन और विरासत स्थलों का सुधार जैसे प्रयास अधिक सतत और अनुभव-आधारित पर्यटन की दिशा में परिवर्तन को दर्शाते हैं. ये पहलें स्वदेश दर्शन 2.0, PRASHAD योजना और कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ मिलकर बेहतर समन्वय और संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करती हैं.

अवसंरचना, स्थानीय समुदायों और सांस्कृतिक धरोहरों को जोड़ते हुए यह बजट पर्यटन विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है. यदि इन उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, तो यह यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और भारत को एक अग्रणी वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है.

(पीआईबी से इनपुटस के साथ ईन टीम द्वारा संकलित लेख)

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर

तकनीकी सहयोग संस्थान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेन्टर (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है :

क्र. सं.	पदों का नाम	रिक्तियों की संख्या	आयु	मुआवजा
1	लीड कंसल्टेंट – इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिवीजन, एनएचएसआरसी	01	55 वर्ष और उससे कम	रु. 1,30,000/– से 1,70,000/– के मध्य

योग्यता और अनुभव : आवश्यक योग्यता और अनुभव के विवरण के साथ टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टीओआर) **www.nhsrcindia.org**, **www.mohfw.gov.in** और **www.devnetjobsindia.org** पर उपलब्ध हैं।

आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही जमा किए जाने चाहिए (जैसा कि वेबसाइट पर बताया गया है)। आवेदन की अंतिम तिथि: **12 मई 2026**

कृते प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएसआरसी

EN 5/48

ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

पंजाब एण्ड सिंध बैंक

(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालय: मा.सं.विभाग,
एनबीसीसी भवन ब्लॉक 3, किडवई नगर, नई दिल्ली – 110023
Email: ho.hrd@psb.bank.in

पी.एस.बी

जहाँ सेवा ही जीवन – ध्येय है

पंजाब एंड सिंध बैंक में सुरक्षा विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती

पंजाब एंड सिंध बैंक नियमित आधार पर सुरक्षा प्रबंधक के 27 विशेषज्ञ अधिकारियों के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है:

क्रम संख्या	पद	वेतनमान	रिक्तियां
1	सुरक्षा प्रबंधक	एमएमजीएस द्वितीय	27

पूरी जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट **https://punjabandsind.bank.in** पर भर्ती लिंक देखें।
आवेदन करने की अंतिम तिथि 05.05.2026 तक है।

मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास)

EN 5/37

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर

तकनीकी सहयोग संस्थान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएच एंड एफडब्ल्यू) की ओर से नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) के अंतर्गत पूर्णतः संविदा के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

क्र. सं.	पदों का नाम	रिक्तियों की संख्या	आयु सीमा	मुआवजा
1	कंसल्टेंट – सर्विलांस, एम एंड ई एंड रिसर्च (एनवीएचसीपी, एमओएचएफडब्ल्यू)	01	45 वर्ष तक	रु. 60,000/– से 1,20,000/– मासिक

योग्यता और अनुभव : आवश्यक योग्यता और अनुभव के विवरण के साथ टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टीओआर) **www.nhsrcindia.org**, **www.mohfw.gov.in** और **www.devnetjobsindia.org** पर उपलब्ध हैं।

आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही जमा किए जाने चाहिए (जैसा कि वेबसाइट पर बताया गया है)। आवेदन की अंतिम तिथि: **12 मई 2026.**

कृते प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएसआरसी

EN 5/19

रोज़गार समाचार

प्रतिमा वीरेन्द्र सिंह
मुख्य संपादक

रहीसुद्दीन रिहान
संपादक

अक्षित मलिक
उप-संपादक (विज्ञापन)

मिहिर कुमार बासु
उत्पादन अधिकारी

गणेशी लाल
सहायक निदेशक (उत्पादन)

अभिषेक चतुर्वेदी
संपादक (प्रसार)

पता : रोज़गार समाचार
सातवां तल, सूचना भवन
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in
प्रसार और शिकायत
en-support@gov.in
संपादकीय : 011-24369426
विज्ञापन : 011-24369429/30
प्रसार
011-24044000/24044001
लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419

सं.ए-35020/04/2026-प्रशा. II

संघ लोक सेवा आयोग

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली 110069

दिनांक: 17.04.2026

रिक्ति परिपत्र

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में ग्रेड वेतन 4200 रु. (7वें वेतन आयोग का स्तर-6) में नयाचार सहायक (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित, अनुसचिवीय) एक रिक्ति को प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन (सशस्त्र बल कर्मियों के लिए) के आधार पर भरे जाने के संबंध में.

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में ग्रेड वेतन 4200 रु. (7वें वेतन आयोग का स्तर-6) में नयाचार सहायक (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित, अनुसचिवीय) एक रिक्ति को प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन (सशस्त्र बल कर्मियों के लिए) के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है.

2. विवरण यथा सामान्य शर्तें, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, आवेदन पत्र का प्रपत्र आदि संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट अर्थात् **http://www.upsc.gov.in/vacancy-circulars** पर उपलब्ध हैं.

(अपर्णा श्रीवास्तव)
अवर सचिव (प्रशा. II)
संघ लोक सेवा आयोग
दूरभाष संख्या: 011-23388476

EN 5/39

सं.ए-35020/02/2024-प्रशा. II

संघ लोक सेवा आयोग

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड नई, दिल्ली 110069

दिनांक: 17.04.2026

रिक्ति परिपत्र

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में वेतन बैंड-2 (9300-34800 रु.) + ग्रेड वेतन 4200 रु. (7वें वेतन आयोग का स्तर-6) में सतर्कता सहायक (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित, अनुसचिवीय) एक रिक्ति को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के संबंध में.

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में वेतन बैंड-2 (9300-34800 रुपये) और ग्रेड पे 4200 रुपये (7वें सीपीसी के अनुसार लेवल-6) के तहत सतर्कता सहायक [सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप 'बी', गैर-राजपत्रित, मंत्रिस्तरीय] के पद पर 01 (एक) रिक्ति को केवल प्रतिनियुक्ति के आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भरने का प्रस्ताव है.

2. विवरण यथा सामान्य शर्तें, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, आवेदन पत्र का प्रपत्र आदि संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट अर्थात् **http://www.upsc.gov.in/vacancy-circulars** पर उपलब्ध हैं.

(अपर्णा श्रीवास्तव)
अवर सचिव (प्रशा. II)
संघ लोक सेवा आयोग
दूरभाष संख्या: 011-23388476

EN 5/40

सं. U-12025/20/2026-H-III (FTS-8398731)

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(अस्पताल-III अनुभाग)

कर्तव्य भवन, नई दिल्ली

निदेशक, उत्तर पूर्वी इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान (NEIGRIHMS), शिलांग के पद पर भर्ती.

उत्तर पूर्वी इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान, शिलांग (NEIGRIHMS), जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है, में **निदेशक** के पद को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद वेतन मैट्रिक्स के लेवल-17 में रु. 2,25,000/- (नियत) (NPA सहित) के वेतन पर है, जो अधिकतम रु. 2,37,500/- तक देय है.

यह पद प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) / समावेशन / प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से भरा जाएगा. प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित)/ समावेशन के लिए चयन केंद्रीय/राज्य सरकारों, स्वायत्त संगठनों, अनुसंधान संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों के अधिकारियों में से किया जाएगा. रिक्ति से संबंधित पात्रता मानदंड, आयु सीमा आदि का विवरण **www.mohfw.gov.in** तथा **www.neigrihms.gov.in** पर देखा जा सकता है.

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, Employment News में रिक्ति के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है.

(अनुराग तिवारी)
भारत सरकार के अवर सचिव
दूरभाष सं.: 011-24013282

CBC 17119/11/0001/2627 EN 5/83

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

सं. ई-72/002/डेपु-डीएसपी/एनआईए/2025(सीपी एन. 5820)/3650 दिनांक: 20/03/2026

अतिरिक्त एसपी और उप एसपी के तौर पर एनआईए में प्रतिनियुक्ति हेतु सूचना

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अति. एसपी) और उप पुलिस अधीक्षक (उप. एसपी)** के पदों के लिए नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं. पद और रिक्ति के विवरण निम्नानुसार हैं:-

पद और वेतनमान	रिक्ति	रिक्तियों के अनुरूप तैनाती का प्रस्तावित स्थान
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अति. एसपी) **वेतनमान-वेतन मैट्रिक्स स्तर-11** **(रु. 67700-208700)** **(असंशोधित वेतन बैंड-3 (रु. 15600-39100)** **साथ में ग्रेड वेतन रु. 6600/-)**	02 पद * प्रतिनियुक्ति आधार पर	अखिल भारतीय आधार पर
उप पुलिस अधीक्षक **(उप एसपी)** वेतनमान-वेतन मैट्रिक्स स्तर-10 (रु. 56100-177500) **(असंशोधित वेतन बैंड-3** (रु. 15600-39100) साथ में ग्रेड वेतन रु. 5400/-)	03 पद * **प्रतिनियुक्ति आधार पर**	अखिल भारतीय आधार पर

(* रिक्तियों के **अनुरूप परिवर्तन के विषयाधीन**)

2. पात्रता मानदंड (शैक्षणिक अर्हता, अनुभव आदि) और आवेदन फॉर्म एनआईए वेबसाइट **www.nia.gov.in/recruitment-notice.htm** पर **अनुलग्नक-I (क), I (ख)** और **अनुलग्नक-II** के तौर पर उपलब्ध हैं. पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

3. पात्र अधिकारियों के नामांकन साथ में निम्नलिखित दस्तावेजों की हार्ड प्रति **पुलिस अधीक्षक (प्रशा.), एनआईए मुख्यालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 के पास 'रोजगार समाचार'** में इस मद के प्रकाशन की तिथि से **45 दिनों के भीतर** उचित माध्यम से पहुंच जाने चाहिए.

इस बीच, इच्छुक अधिकारी आवेदन पत्र की एक अग्रिम प्रति ई-मेल आईडी **spadmin.nia@gov.in** पर अथवा डाक से ऊपर वर्णित पते पर भेज सकते हैं.

i. निर्धारित प्रपत्र में **(अनुलग्नक-II)** (एनआईए वेबसाइट **www.nia.gov.in/recruitment-notice.htm** पर उपलब्ध) विधिवत भरा हुआ और सक्षम प्राधिकारी प्रतिहस्ताक्षरित जीवनवृत्त.

ii. दावाकृत शैक्षणिक अर्हताओं के संबंध में समर्थित प्रमाणपत्र/दस्तावेज.

iii. वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक के विधिवत सत्यापित एपीएआर डोजियर की फोटो प्रतियां. यदि एपीएआर की रिपार्टिंग नहीं हुई है किसी भी बीच की अवधि के लिए गैर रिपोर्टिंग/संचालन प्रमाणपत्र भी प्रेषित की जा सकती है.

iv. संबंधित विभाग द्वारा जारी सतर्कता मुक्ति प्रमाणपत्र और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र.

v. पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर अधिरोपित बड़ी/छोटी पेनाल्टीज के विवरण.

vi. पद के लिए पात्रता मानदंडों के अनुरूप अनुभव के विवरण का जीवनवृत्त के कॉलम नं. 07 में साफ-साफ उल्लेख किया जाना चाहिए.

4. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्र, या किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन-पत्र या जिनके साथ उपर्युक्त पैरा 03 के अनुरूप दस्तावेज/ सूचना संलग्न नहीं होगी, उस पर विचार नहीं किया जायेगा. संवर्ग प्राधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि अधिकारियों द्वारा भेजा गया विवरण रिकॉर्ड के अनुसार सही है.

(श्रीजीत टी, भा.पु.से.)
उप महानिरीक्षक (प्रशा.)
एनआईए मुख्यालय, नई दिल्ली

CBC 19133/11/0003/2627 EN 5/81

आईसीएआर-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो

नई दिल्ली- 110012

अखिल भारतीय समन्वित क्षमतावान फसल अनुसंधान नेटवर्क में **यंग प्रोफेशनल - 1 (2 पद)** के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे **18 मई 2026** को पुराना भवन, समिति कक्ष, कमरा संख्या 2, आईसीएआर-एनबीपीजीआर में अपने आवेदन पत्र और सभी संबंधित दस्तावेजों की प्रति के साथ प्रत्यक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों. प्रत्यक्ष साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन साक्षात्कार की तिथि पर किया जाएगा. पदों का विवरण, आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता आदि नीचे दिए गए हैं.

क्र. सं.	पद का नाम	वर्तमान उपलब्धियां (सैलरी)	योग्यता	आयु मानदंड
1.	**यंग प्रोफेशनल-I (02 पद)** **अवधि:** केवल 30.09.2026 तक	समेकित (Consolidated) **30,000/- रुपये प्रति माह.**	**अनिवार्य (Essential):** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्व-विद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ विज्ञान/ वाणिज्य/ कंप्यूटर में स्नातक. **वांछनीय (Desirable):** आईटी एप्लिकेशन, वर्चुअल मीटिंग प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर कौशल (MS Word, Excel, Power Point) आदि का व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव.	**21 से 45 वर्ष** **आयु में छूट:** भारत सरकार / ICAR के नियमों के अनुसार SC/ ST/ महिला उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष तक और OBC नॉन-क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष की छूट लागू है.

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.nbpgr.org.in पर जाएं. EN 5/76

दूरभाष /Phone: 0891-2586404/2586406
फैक्स/Fax: 0891-2559464
ई-मेल/E-mail: admin.dept.nstl@gov.in
समाचार पत्र आदि निदेशक के नाम से भेजे जाएं
All correspondence to be addressed to the Director

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
Government of India, Ministry of Defence
रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन
Defence Research & Development Orgn.

नौसेना विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला
Naval Science & Technological Laboratory

विज्ञान नगर, विशाखापट्टनम-530027
Vigyan Nagar, Visakhapatnam-530027

विज्ञापन सं.: NSTL/APPRENTICESHIP/01/2026 दिनांक : 17 अप्रैल 2026

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि: विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर.

स्नातक/डिप्लोमा/आईटीआई उम्मीदवारों के लिए अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 तथा 1961, 1973 और 2014 में किए गए संशोधनों के अंतर्गत शिक्षुता प्रशिक्षण.

नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजिकल लेबोरेटरी (NSTL), विशाखापत्तनम, DRDO की एक प्रमुख लेबोरेटरी है, जो राष्ट्र के लिए कौशल निर्माण पहल के तौर पर अप्रेंटिस नियुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है. नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजिकल लेबोरेटरी (NSTL) केवल उन योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है जिनके पास ग्रेजुएशन/डिप्लोमा/आईटीआई (जो वर्ष 2023, 2024 और 2025 में पास किया हो) है और जो भारतीय नागरिक हैं; यह नियुक्ति नीचे दिए गए विवरण के अनुसार एक वर्ष की अवधि के लिए होगी.

शैक्षिक योग्यता (अप्रेंटिसशिप)	विषय	भर्ती किए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या	प्रति माह स्टाइपेंड
बी.टेक / बी.ई., (ग्रेजुएट अप्रेंटिस)	मैकेनिकल इंजीनियरिंग	10	सरकारी मानदंडों के अनुसार
	कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग		
	इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ECE)		
	इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (EEE)		
डिप्लोमा (टेक्नीशियन अप्रेंटिस)	कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग	10	सरकारी मानदंडों के अनुसार
	EEE		
	मैकेनिकल इंजीनियरिंग		
	इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन		
	DCCP		
आईटीआई (टेक्नीशियन वोकेशनल अप्रेंटिस)	फोटोग्राफर / डिजिटल फोटोग्राफर	22	सरकारी मानदंडों के अनुसार
	इलेक्ट्रीशियन		
	इलेक्ट्रॉनिक्स		
	फिटर		
	डीजल / मोटर मैकेनिक		
	कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA)		
	स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेटेरियल असिस्टेंट		
	कुल पद	42	

नोट:

1. ऊपर बताए गए अप्रेंटिस के लिए, SC/ST/OBC कैटेगरी के लिए आरक्षण अप्रेंटिस एक्ट 1961, अप्रेंटिसशिप नियम 1992 और अप्रेंटिसशिप (संशोधन) नियम 2019 के प्रावधानों के अनुसार लागू होगा.
2. **आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 15 दिन है.**
3. आवेदन सिर्फ ऑनलाइन मोड में ही स्वीकार किए जाएंगे, यानी NATS और NAPS पोर्टल के जरिये.

अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए नियम और शर्तें:

1.	सभी योग्यताएं उचित वैधानिक प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त भारतीय संस्थानों से होनी चाहिए.
2.	बी.ई./बी.टेक/डिप्लोमा उम्मीदवारों का **www.nats.education.gov.in** यानी **NATS 2.0** पर और आईटीआई उम्मीदवारों का **www.apprenticeshipindia.gov.in** पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है.
3.	सिर्फ वे नियमित उम्मीदवार ही आवेदन करने के पात्र हैं जिन्होंने वर्ष 2023, 2024 और 2025 के दौरान अपनी शैक्षणिक योग्यताएं पूरी की हैं.
4.	पोस्ट ग्रेजुएट योग्यता वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.
5.	जिन उम्मीदवारों ने पहले ही अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग पूरी कर ली है या जो इस समय किसी भी संगठन के तहत अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग कर रहे हैं, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.
6.	एक साल से अधिक काम का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.
7.	आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख को उम्मीदवार की उम्र 18 साल से कम नहीं होनी चाहिए.
8.	ऊपर बताए गए ट्रेड के लिए अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग की अवधि 12 महीने होगी, जो अप्रेंटिसशिप के अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की तारीख से शुरू होगी.
9.	चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण के लिए बुलाए गए, आवेदकों को कोई TA/DA नहीं दिया जाएगा.
10.	यह एंगेजमेंट और ट्रेनिंग पूरी तरह से अप्रेंटिस एक्ट 1961 के प्रावधानों के अनुसार है, और ट्रेनिंग पूरी होने के बाद अप्रेंटिस को नौकरी देने की कोई बाध्यता नहीं है.
11.	इंटरव्यू के समय और ट्रेनिंग की अवधि के दौरान, संस्थान द्वारा कोई ट्रांसपोर्ट सुविधा नहीं दी जाएगी. अप्रेंटिस को उनके चयन के बाद और ट्रेनिंग की अवधि के दौरान कोई हॉस्टल सुविधा/क्वार्टर नहीं दिया जाएगा.
12.	चयन, आवश्यकतानुसार, एकेडमिक मेरिट/लिखित परीक्षा/इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा, बशर्ते दस्तावेज का सत्यापन संतोषजनक हो.
13.	किसी भी उम्मीदवार द्वारा या उसकी ओर से, अप्रेंटिस के चयन की प्रक्रिया को प्रभावित करने के इरादे से किया गया कोई भी प्रचार या व्यक्तिगत संपर्क, उम्मीदवार की उम्मीदवारी को तत्काल रद्द कर देगा.
14.	नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजिकल लेबोरेटरी (NSTL) के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि यदि परिस्थितियां ऐसी हों, तो वह बिना कोई कारण बताए विज्ञापन/चयन प्रक्रिया को वापस ले सकता है/रद्द कर सकता है.
15.	ऊपर बताई गई अप्रेंटिस की संख्या केवल सांकेतिक है और प्राप्त पात्र आवेदनों के अंतिम मूल्यांकन के आधार पर बाद के चरण में इसमें बदलाव हो सकता है.
16.	उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आधार कार्ड के साथ 'डायरेक्ट बेनिफिशियरी ट्रांसफर' (DBT) सुविधा को सक्रिय करवा लें; साथ ही, उनके बैंक खाते को भी आधार कार्ड से 'सीड' (जोड़ा/लिंक/सिंक्रनाइज) किया हुआ होना चाहिए, ताकि (सरकारी हिस्से का) स्टाइपेंड सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जा सके.
17.	तथ्यों को छिपाने पर चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण या प्रशिक्षण अवधि के दौरान अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

आवेदन कैसे करें:

1.	आवेदन पत्र भरने से पहले, उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन में उल्लेखित सभी पात्रता मानदंडों और अन्य नियमों को पूरा करते हैं.
1.	संबंधित पोर्टलों पर पंजीकृत उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप **(Annexure-A)** में अपने आवेदन की स्कैन की हुई प्रति **admin2.dept.nstl@gov.in** ईमेल आईडी पर जमा करनी होगी.
2.	उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन **(परिशिष्ट-ए)** के सभी कॉलम में सही विवरण भरें और साथ ही सभी अनिवार्य दस्तावेज की स्कैन की हुई प्रतियां भी अपलोड करें.
3.	अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों को प्रतिशत में दर्शाया जाना चाहिए. CGPA के मामले में, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार CGPA को प्रतिशत में बदल लें; दस्तावेज के सत्यापन के दौरान इसकी जांच की जाएगी.
4.	नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजिकल लेबोरेटरी (NSTL), विशाखापत्तनम में कार्यभार ग्रहण करते समय, उम्मीदवारों को आवेदन **(परिशिष्ट-ए)** का हस्ताक्षरित प्रिंटआउट और ऑनलाइन जमा किए गए दस्तावेज की मूल प्रतियां साथ लानी होंगी.
5.	अंतिम तिथि के बाद प्राप्त ऑनलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे. अधूरे या आंशिक रूप से भरे हुए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

सामान्य निर्देश:

1. चुने गए उम्मीदवारों के क्रेडेंशियल्स का सत्यापन कॉन्ट्रैक्ट बनाने से पहले ही किया जाएगा, और यदि वांछित योग्यता में कोई अंतर या विसंगति पाई जाती है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी तत्काल रद्द कर दी जाएगी.
2. सभी आवेदकों को दस्तावेज सत्यापन/ज्वाइनिंग के समय, नीचे बताए गए दस्तावेज की स्व-सत्यापित प्रतियां और आवेदन पत्र (Annexure-A) का प्रिंटआउट साथ लाना अनिवार्य है.

साथ लाए जाने वाले दस्तावेज:

(a) 10वीं की मार्कशीट और प्रमाणपत्र
(a) बी.ई/बी.टेक/डिप्लोमा/आईटीआई के सभी सेमेस्टरों की मार्कशीट
(b) डिग्री / प्रोविजनल डिग्री / डिप्लोमा / आईटीआई प्रमाणपत्र
(c) जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
(d) PWD प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
(e) भारत सरकार द्वारा जारी कोई भी फोटो पहचान पत्र, जैसे पैन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि.
(f) आधार कार्ड और बैंक पासबुक की प्रति
(g) EWS प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
(h) सिविल असिस्टेंट सर्जन या समकक्ष अधिकारी द्वारा जारी मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र
(i) दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ

3. प्रशिक्षण के लिए न चुने गए उम्मीदवारों से किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.
4. प्रमाणपत्र सत्यापन के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची उन्हें उनके बायो-डेटा में पत्राचार के लिए दिए गए ई-मेल आईडी के माध्यम से सूचित की जाएगी.
5. चुने गए उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग की तारीख पर भारत सरकार के नियमों के अनुसार एक कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करना होगा.
6. अंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग के समय, अपने पिछले निवास स्थान (कम से कम पिछले एक वर्ष का) या अपने स्थायी पते का वैध पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
7. किसी भी विवाद की स्थिति में, कानूनी क्षेत्राधिकार माननीय उच्च न्यायालय, अमरावती, आंध्र प्रदेश का होगा.

किसी भी जानकारी के लिए, कृपया किसी भी कार्य दिवस पर (यानी सोमवार से शुक्रवार तक) संपर्क करें: 0891-2586406 या admin2.dept.nstl@gov.in पर मेल करें.

निदेशक
नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजिकल लेबोरेटरी (NSTL), विशाखापत्तनम

CBC 10301/11/0005/2627 EN 5/67

पटना उच्च न्यायालय

विज्ञापन सं. PHC/02/2026

योग्य अभ्यर्थियों से पटना उच्च न्यायालय में **कंप्यूटर ऑपरेटर-कम-टाइपिस्ट (समूह-'C') के 48 रिक्त पदों** पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के **लेवल-4 (रु. 25,500/- से रु. 81,100/-)** में हैं, साथ ही प्रचलित भत्ते देय होंगे.

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:

I. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक.

II. कंप्यूटर एप्लीकेशन में कम से कम 6 माह का डिप्लोमा/प्रमाणपत्र.

III. टाइपिंग दक्षता प्रमाणपत्र: अंग्रेजी में 40 शब्द प्रति मिनट तथा हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट.

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि 01.01.2026 होगी.

आयु सीमा: 01.01.2026 को 18-37 वर्ष (उच्चतम आयु सीमा में अनुमेय छूट लागू होगी) (विस्तृत विज्ञापन देखें).

महत्वपूर्ण तिथियां:

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	17.04.2026
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	16.05.2026
ऑनलाइन शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि	19.05.2026

विस्तृत विज्ञापन हेतु कृपया पटना उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट: **https://patnahighcourt.gov.in/** देखें.

रजिस्ट्रार जनरल (प्रभारी)

EN 5/70

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
5 इंस्टीट्यूशनल एरिया, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070
फोन : 011-26707776, ई-मेल : nbtpublishingcourse@gmail.com

पुस्तक प्रकाशन में सर्टिफिकेट कोर्स

1 जून से 10 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

- पुस्तक प्रकाशन में एक विस्तृत पाठ्यक्रम
- पुस्तक उद्योग से विषय-विशेषज्ञ
- एनबीटी के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में सोमवार से शुक्रवार तक कक्षाएँ
- कोर्स फीस ₹ 15000 + जीएसटी

आवेदन हेतु अंतिम तिथि 20 मई 2026

अधिक जानकारी एवं आवेदन-पत्र हेतु देखे :www.nbtindia.gov.in

CBC 21103/11/0006/2627 EN 5/78

डिस्क्लेमर

रोज़गार समाचार में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने होते हैं. यह आवश्यक नहीं है कि ये विचार सरकार अथवा उस संगठन के हों, जिससे वे संबंधित हैं. रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की सामग्री संगठन अथवा उनके प्रतिनिधियों से संबंधित होती है. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले सामग्रियों के सही होने और उनके प्रभावों के बारे में स्वयं को अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिए. इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ्य सामग्री को लेकर उत्पन्न किसी भी दायित्व के प्रति रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं है.

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

सं. ई-76/001/डेपु-लीगल/एनआईए/2025(सीएफ एन. 5839)/4155 **दिनांक: 02/04/2026**

वरिष्ठ पीपी और पीपी के तौर पर एनआईए में प्रतिनियुक्ति हेतु सूचना

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर **वरिष्ठ पब्लिक प्रोसीक्यूटर (वरिष्ठ पीपी) और पब्लिक प्रोसीक्यूटर (पीपी)** के पदों के लिए प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) आधार पर नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं. पद और रिक्ति के विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्रम संख्या	पद और वेतनमान	रिक्ति	रिक्तियों के अनुरूप तैनाती का प्रस्तावित स्थान
1.	वरिष्ठ पब्लिक प्रोसीक्यूटर (वरि. पीपी) वेतनमान-वेतन मैट्रिक्स स्तर-11 (रु. 67700-208700) (असंशोधित वेतन बैंड-3 (रु. 15600-39100) साथ में ग्रेड वेतन रु. 6600/-)	07 पद * प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) आधार पर	अखिल भारतीय आधार पर
2.	पब्लिक प्रोसीक्यूटर (पीपी) वेतनमान-वेतन मैट्रिक्स स्तर-10 (रु. 56100-177500) (असंशोधित वेतन बैंड-3 (रु. 15600-39100) साथ में ग्रेड वेतन रु. 5400/-)	14 पद * प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) आधार पर	अखिल भारतीय आधार पर

(* रिक्तियों के अनुरूप परिवर्तन के विषयाधीन)

2. पात्रता मानदंड (शैक्षणिक अर्हता, अनुभव आदि) और आवेदन फॉर्म एनआईए वेबसाइट **www.nia.gov.in/recruitment-notice.htm** पर **अनुलग्नक-I (क), I (ख)** और **अनुलग्नक-II** के तौर पर उपलब्ध हैं. पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

3. पात्र अधिकारियों के नामांकन साथ में निम्नलिखित दस्तावेजों की हार्ड प्रति **पुलिस अधीक्षक (प्रशा.), एनआईए मुख्यालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 के पास 'रोज़गार समाचार'** में इस मद के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों के भीतर** उचित माध्यम से पहुंच जाने चाहिए.

इस बीच, इच्छुक अधिकारी आवेदन पत्र की एक अग्रिम प्रति ई-मेल आईडी **spadmin.nia@gov.in** पर अथवा डाक से ऊपर वर्णित पते पर भेज सकते हैं.

i. निर्धारित प्रपत्र में **(अनुलग्नक-II)** (एनआईए वेबसाइट **www.nia.gov.in/recruitment-notice.htm** पर उपलब्ध) विधिवत भरा हुआ और सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित जीवनवृत्त.

ii. दावाकृत शैक्षणिक अर्हताओं, बैचलर डिग्री की अनिवार्य अर्हता सहित के संबंध में समर्थित प्रमाणपत्र/दस्तावेज.

iii. वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक के विधिवत सत्यापित एपीएआर डोजियर की फोटो प्रतियां. यदि एपीएआर की रिपार्टिंग नहीं हुई है किसी भी बीच की अवधि के लिए गैर रिपोर्टिंग/संचालन प्रमाणपत्र भी प्रेषित की जा सकती है.

iv. संबंधित विभाग द्वारा जारी सतर्कता मुक्ति प्रमाणपत्र और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र.

v. पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर अधिरोपित बड़ी/छोटी पेनाल्टीज के विवरण.

vi. पद के लिए पात्रता मानदंडों के अनुरूप अनुभव के विवरण का जीवनवृत्त में साफ-साफ उल्लेख किया जाना चाहिए.

4. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्र या किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन-पत्र या जिनके साथ उपर्युक्त पैरा 03 के अनुरूप दस्तावेज/सूचना संलग्न नहीं होगी, उस पर विचार नहीं किया जायेगा. संवर्ग प्राधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि अधिकारियों द्वारा भेजा गया विवरण रिकॉर्ड के अनुसार सही है.

(श्रीजीत टी, भा.पु.से.)
उप महानिरीक्षक (प्रशा.)
एनआईए मुख्यालय, नई दिल्ली

CBC 19133/11/0005/2627 EN 5/82

सीएसआईआर - नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी

(वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
जोरहाट-785006, असम
विज्ञापन सं. 01/2026-REC
"सरकार ऐसे कार्यबल के निर्माण का प्रयास करती है जो लैंगिक संतुलन को दर्शाता हो तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है"

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 05/05/2026
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 04/06/2026

सीएसआईआर-नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, जोरहाट, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के अंतर्गत एक प्रमुख संस्थान है, जो भारत सरकार के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग का एक स्वायत्त निकाय है. सीएसआईआर-एनईआईएसटी उत्साही, युवा, गतिशील एवं प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

पद का नाम	पदों की संख्या एवं आरक्षण स्थिति	आवश्यक योग्यता	वेतन मैट्रिक्स स्तर एवं कुल पारिश्रमिक* (लगभग)	अधिकतम आयु सीमा* (वर्ष)
मल्टी-टास्किंग स्टाफ (पोस्ट कोड: MTS)	कुल पद: 09 UR-04, EWS-01, OBC (NCL)-02, SC-01, ST-01 [उपरोक्त 09 पदों में से 02 पद PwBD हेतु तथा 02 पद ESM हेतु आरक्षित]	मैट्रिकुलेशन या समकक्ष उत्तीर्ण; वांछनीय योग्यता: इंटरमीडिएट (12वीं कक्षा) उत्तीर्ण	लेवल-1 (रु. 33,375)	25
ड्राइवर (गैर-तकनीकी) (पोस्ट कोड: DR)	01 (UR)	विस्तृत जानकारी हेतु CSIR-NEIST की वेबसाइट देखें (www.neist.res.in)	लेवल-2 (रु. 36,700)	27

प्रयुक्त संक्षेपाक्षर: UR - अनारक्षित, EWS - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, OBC (NCL) - अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर), SC - अनुसूचित जाति, ST - अनुसूचित जनजाति, PwBD - दिव्यांग व्यक्ति, ESM - भूतपूर्व सैनिक.

*विस्तृत विज्ञापन हेतु अभ्यर्थियों को संस्थान की वेबसाइट **www.neist.res.in** देखने की सलाह दी जाती है.

प्रशासन नियंत्रक

CBC 36216/11/0001/2627 EN 5/85

FDDI फुटवियर डिज़ाइन एवं विकास संस्थान
राष्ट्रीय महत्व का संस्थान

Ministry of Commerce & Industry, Government of India

दुनिया को रचनाकारों की आवश्यकता है

यही वह है जिसके लिए FDDI आपको तैयार करता है।

प्रवेश प्रारंभ 2026

B.Design (4 वर्ष)
- फुटवियर डिज़ाइन*
- फैशन डिज़ाइन*
- लेदर लाइफस्टाइल एवं प्रोडक्ट डिज़ाइन*

BBA (3+1) (ऑनर्स)
- रिटेल एवं फैशन मर्चेंडाइज*

M.Design (2 वर्ष)
- फुटवियर डिज़ाइन*
- फैशन डिज़ाइन*

MBA (2 वर्ष)
- रिटेल एवं फैशन मर्चेंडाइज*

*(प्रत्येक कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक और विशेषज्ञताएं उपलब्ध हैं)

पंजीकरण की अंतिम तिथि
AIST परीक्षा के लिए – 05th मई 2026.

AIST परीक्षा–10th मई 2026.

यहां स्कैन करें पंजीकरण के लिए

संपूर्ण भारत में 12 परिसर:
नोएडा | फुरसतगंज (रायबरेली) | रोहतक | चंडीगढ़ (बनूर) | जोधपुर | अंकलेश्वर (सूरत) | हैदराबाद | पटना | कोलकाता | छिंदवाड़ा | चेन्नई | गुना

अधिक जानकारी के लिए देखें:
कॉल: 18005696909 | www.fddiindia.com

EN 5/2

आयुध निर्माणी देहू रोड

म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की इकाई
भारत सरकार का उद्यम
रक्षा मंत्रालय
पुणे, महाराष्ट्र-412101

म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड
Munitions India Limited
विनाशाय दुष्कृताम्

Ordnance Factory Dehu Road

Unit of Munitions India Ltd.
Govt. of India Enterprises
Ministry of Defence
Pune, Maharashtra-412101

दूरभाष संख्या/Phone No. : 020-27167246, 7546 फैक्स/Fax: 020-27671616, 3838 ई-मेल /email : ofdrestt@ord.gov.in

भर्ती

(1914/आ.नि.दे.रो./02/कार्यकाल आधारित/प्रोजेक्ट इंजीनियर/2026)

अनुबंध के आधार पर कार्यकाल आधारित (TENURE BASED) कार्मिकों के लिए, आयुध निर्माणी देहुरोड, पुणे, म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की इकाई, भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय में प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए ग्रेजुएट/डिप्लोमा प्रोजेक्ट इंजीनियर (मैकेनिकल/केमिकल) ट्रेड के अभ्यर्थियों से ऑफ-लाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इस अवधि को आयुध निर्माणी देहू रोड, पुणे की आवश्यकता और कार्मिक के प्रदर्शन के आधार पर नियुक्ति की तारीख से अधिकतम चार वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है (प्रारंभिक अवधि सहित).

1) पद का विवरण, मूल वेतन और रिक्तियां निम्नानुसार हैं:-

पद का नाम	विषय	रिक्तियों की संख्या						मूल वेतन	स्तर
		अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	कुल		
कार्यकाल आधारित ग्रेजुएट/ डिप्लोमा प्रोजेक्ट इंजीनियर	मैकेनिकल	03	02	01	00	01	07	प्रथम वर्ष रु. 36000/- द्वितीय वर्ष रु. 37080/- तृतीय वर्ष रु. 38192/- चतुर्थ वर्ष रु. 39338/- वर्तमान दर के अनुसार महंगाई भत्ता	सुपरवाइजरी लेवल
	केमिकल	02	02	01	00	01*	06		

* कैरी फॉरवर्ड - एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोज़गार समाचार पत्र के विज्ञापन संख्या सीबीसी 10201/12/0102/2526 दिनांक 21-27 मार्च 2026 में प्रकाशित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) श्रेणी की 01 रिक्ति का विस्तृत विज्ञापन एम.आई. एल. के वेबसाइट पर तकनीकी कारणवश प्रकाशित नहीं किया जा सका था, उस रिक्ति को भी इस विज्ञापन में समाविष्ट किया गया है.

2) शैक्षणिक योग्यता: मैकेनिकल, केमिकल क्षेत्र में बीई/बीटेक/डिप्लोमा की शैक्षिक अर्हता के साथ गोला बारूद और विस्फोटक के निर्माण/ हैंडलिंग में प्रशिक्षु रहे ग्रेजुएट/डिप्लोमा इंजीनियर.

3) आयु सीमा: सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तिथि (अर्थात रोज़गार समाचार में विज्ञापन प्रकाशन से 21 वें दिन) को 18 से 30 वर्ष के बीच.

आयु सीमा में छूट: सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा 30 वर्ष है. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए सामान्य वर्ग से 05 वर्ष की अधिकतम छूट तथा अन्य पिछड़ा वर्ग- एन सी एल के उम्मीदवारों के लिए सामान्य वर्ग से 03 वर्ष की अधिकतम छूट होगी.

4) आवेदन की अंतिम तिथि- रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन तिथि से 21 दिन.

5) पूर्ण विवरण और आवेदन करने की प्रक्रिया के लिए कृपया म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (https://munitionsindia.in/career) अथवा (https://ddpdoo.gov.in) पर Career टैब के अंतर्गत "O.F. Dehu Road (OFDR): Applications are invited for "Tenure based GRADUATE / DIPLOMA PROJECT ENGINEER" शीर्षक पर जा सकते हैं.

नोट: आयुध निर्माणी देहूरोड की आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ अथवा घट सकती है.

(अमित कुमार मीणा)
अपर महाप्रबंधक / एम एम
कृते मुख्य महाप्रबंधक

CBC 10201/12/0010/2627

EN 5/93

बीआरआईसी बायोटेक्नोलॉजी विज्ञान संगठन | एनसीसीएस राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र

बीआरआईसी- राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र, पुणे
बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च एंड इनोवेशन काउंसिल
राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र, पुणे

NCCS कॉम्प्लेक्स, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय परिसर, गणेशखिंड, पुणे 411 007

पीएच.डी. प्रवेश - अगस्त 2026

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 16 मई, 2026

राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र (NCCS), पुणे, अगस्त 2026 सत्र के लिए अपने पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है.

अभ्यर्थी भारतीय नागरिक होने चाहिए, जिनका शैक्षणिक रिकॉर्ड मजबूत हो तथा आधुनिक जीवविज्ञान में डॉक्टोरल शोध करने के प्रति दृढ़ समर्पण हो, जिनमें सेल एवं मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, स्ट्रक्चरल बायोलॉजी, बायोइन्फॉर्मेटिक्स, सिस्टम्स बायोलॉजी, न्यूरोसाइंस, इम्यूनोलॉजी, इन्फेक्शन बायोलॉजी, कैंसर बायोलॉजी तथा माइक्रोबियल इकोलॉजी शामिल हैं, उन्हें आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. CSIR, UGC, DBT (श्रेणी-I), ICMR या BINC द्वारा प्रदत्त जूनियर रिसर्च फेलोशिप (JRF) के साथ स्नातकोत्तर डिग्री रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं.

वे अभ्यर्थी जिनके पास फेलोशिप नहीं है, लेकिन उन्होंने दिसंबर 2025 में NCBS/TIFR द्वारा आयोजित JGEEBILS परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे भी आवेदन कर सकते हैं. NCCS इस श्रेणी से चयनित अभ्यर्थियों को सीमित संख्या में फेलोशिप प्रदान करेगा. पीएच.डी. साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का चयन NCCS के चयन मानदंडों के अनुसार किया जाएगा. कृपया ध्यान दें कि आवेदन जमा करने मात्र से पीएच.डी. कार्यक्रम में साक्षात्कार या चयन की गारंटी नहीं होती है.

पात्रताः

1. अभ्यर्थियों के पास विज्ञान की किसी भी शाखा में स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए, तथा आधुनिक जीवविज्ञान में शोध करने की प्रबल रुचि हो, और न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड प्वाइंट औसत (GPA) प्राप्त किया हो.
   - SC/ST/OBC वर्गों तथा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 5% अंकों की छूट भारत सरकार के मानकों के अनुसार लागू होगी.
2. अभ्यर्थियों को निम्नलिखित में से किसी एक मानदंड को पूरा करना आवश्यक हैः
   - CSIR, UGC, DBT (श्रेणी-I), ICMR या BINC से वैध फेलोशिप प्राप्त हो,

     या
   - दिसंबर 2025 में NCBS/TIFR द्वारा आयोजित JGEEBILS परीक्षा में सम्मिलित हुए हों. साक्षात्कार के लिए चयन NCCS द्वारा निर्धारित JGEEBILS कट-ऑफ के आधार पर किया जाएगा.

DBT (श्रेणी-II), ICMR या ICMR परियोजना श्रेणी के अंतर्गत सूचीबद्ध फेलोशिप के लिए पात्र अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया हमारी वेबसाइटः **https://www.nccs.res.in/Career/1** देखें.

डीन, अकादमिक
राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र

EN 5/4

Ministry of MSME GOVERNMENT OF INDIA

INDO DANISH TOOL ROOM JAMSHEDPUR
(MSME Technology Centre , Jamshedpur)

M-4 (Part), Phase – VI , Tata Kandra Road, P.O. Gamharia, Jamshedpur – 832108
Phone : (0657) 22012661/62, E-Mail: reach@idtr.gov.in Website : www.idtr.gov.in

ADMISSION NOTICE for AICTE APPROVED DIPLOMA COURSES
(Academic Session: 2026-27)
Course Tuition Fee is Free for all the SC / ST candidate

- **DIPLOMA IN TOOL AND DIE UNDER MECHANICAL ENGINEERING (DTDUM) - 300 seats**
- **DIPLOMA IN ADVANCE MECHATRONICS & INDUSTRIAL AUTOMATION (DAMIA) - 120 seats**

आवेदन पत्र की बिक्रीः 01/04/2026 – 15/06/2026

प्रवेश परीक्षा की तिथिः 28/06/2026 (रविवार)

शैक्षणिक योग्यताः General/EWS उम्मीदवारों के लिए मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक (10वीं) या समकक्ष, गणित एवं विज्ञान (भौतिकी/रसायन या दोनों) विषयों में न्यूनतम 50% अंक अनिवार्य (SC/ST/OBC/PH हेतु 40%)। 10वीं के परिणाम की प्रतीक्षारत उम्मीदवार लिखित परीक्षा में शामिल हो सकते हैं, किन्तु उनको 10वीं की अपनी मार्कशीट काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

आयु सीमा (As on 01/07/2026): General/EWS हेतु 15–19 वर्ष (जन्मः 02/07/2007 से 01/07/2011)। SC/ST/OBC/PH उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष तक की छूट (अधिकतम 22 वर्ष, जन्मः 02/07/2004 से 01/07/2011)।

आवेदन कैसे करें: General/OBC/EWS वर्ग के उम्मीदवार 700/- रुपये और SC/ST/PH वर्ग के उम्मीदवार 350/- रुपये, SBI ONLINE COLLECT के माध्यम से भुगतान करें, लिंक हमारी वेबसाइट में उपलब्ध है। PROSPECTUS के साथ आवेदन पत्र IDTR मेन गेट पर प्राप्त कर सकते हैं या उम्मीदवार हमारी बेवसाइट से भी आवेदन पत्र DOWNLOAD करके पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र आवश्यक राशि की ऑनलाईन भुगतान रसीद और SC/ST/OBC/PH/EWS प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) के साथ निम्नांकित पते पर भेजें। उम्मीदवारों को आवेदन पत्र के साथ अपना आधार कार्ड और दसवीं कक्षा की मार्कशीट संलग्न करनी होगी। SC/ST/OBC/PH/EWS उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध प्रमाण पत्र काउंसलिंग के समय प्रमाण पत्र प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में मेरिट सूची के अनुसार मौका अगले अभ्यर्थी को दे दिया जाएगा ।

भुगतान "SBI ONLINE COLLECT" के माध्यम से किया जाएगा, लिंक वेबसाइट (www.idtr.gov.in) पर उपलब्ध है ।

नोटः झारखण्ड राज्य के OBC उम्मीदवारों के पास JHNBC या JHOBC संदर्भ संख्या वाला Non-Creamy Layer Certificate जो 01.04.2026 या उसके बाद जारी हुआ होना चाहिए अथवा सत्र 2026–27 के लिए वैध होना चाहिए।

अंतिम तिथिः सभी दस्तावेजों के साथ में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को जमा करने की अंतिम तिथि 16.06.2026

प्रवेश-पत्रः प्रवेश-पत्र (ADMIT CARD) वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा। जिसे 22/06/2026 से DOWNLOAD किया जा सकता है।

- आरक्षण नीति भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार लागू है।
- परीक्षा स्थल जमशेदपुर में निर्धारित किया जाएगा, जो ADMIT CARD में लिखा रहेगा।
- DTDUM Course झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार) द्वारा मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के समकक्ष अनुमोदन प्राप्त है।

पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन को संलग्नकों के साथ " महाप्रबंधक, इंडो डेनिश टूल रुम जमशेदपुर, M-4 (PART), Phase - VI, टाटा कांड्रा रोड, गम्हरिया, जमशेदपुर – 832108", के पते पर भेजें। लिफाफे पर " डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदनः 2026 - 27" लिखना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी के लिए www.idtr.gov.in पर जाएं या संपर्क करें : 8797874619, 9308372317, 9431372785, 8709478034

महाप्रबंधक, आईडीटीआर, जमशेदपुर

EN 5/7

रावी एवं ब्यास जल अधिकरण

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग
पंचम तल, मोहन सिंह प्लेस, बाबा खड़क सिंह मार्ग
कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001
दूरभाष सं.: 23340036 (कार्यालय)
ईमेलः registrarrbwt@gmail.com

सं. 06/RBWT/Recruitment of Posts/2020 (Part-II)

रिक्ति परिपत्र

पात्र अभ्यर्थियों से रावी एवं ब्यास जल अधिकरण में (समूह 'A') के निम्नलिखित पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) / पुनर्नियोजन के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो केंद्रीय/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों/सरकारी उपक्रमों/न्यायालयों/अधिकरणों में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों से, DoPT के प्रतिनियुक्ति संबंधी नियमों (कार्यालय ज्ञापन सं. 6/8/2009-Estt.(Pay II) दिनांक 17 जून, 2010 तथा समय-समय पर संशोधित) के अनुसार, तथा पुनर्नियोजन के लिए DoPT कार्यालय ज्ञापन सं. 3/03/2016-Estt.(Pay II) दिनांक 01.05.2017 एवं समय-समय पर संशोधित नियमों के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं.

क्रम सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन मैट्रिक्स में स्तर
1.	कोर्ट मास्टर	01	(पे लेवल-11)

2. पद से संबंधित अधिक जानकारी/विवरण, नियम एवं शर्तों आदि के लिए जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग की वेबसाइट **http://jalshakti-dowr.gov.in/** देखें. उपर्युक्त पद हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, **रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 60 दिन** है (आवेदन की सॉफ्ट कॉपी अग्रिम रूप से ईमेल **rbwtrecruitment@gmail.com** पर भेजी जा सकती है).

3. निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त अथवा आवश्यक सूचना/दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन अस्वीकृत किए जाने के पात्र होंगे.

(गिरीश कुमार अग्रवाल)
प्रमुख, RBWT

EN 5/17

नेशनल बाल भवन
कोटला रोड, नई दिल्ली - 110002

नेशनल बाल भवन में **सहायक लेखा अधिकारी** (Pay Level-7 - GP 4600) के पद पर प्रतिनियुक्ति आधार पर प्रारंभिक 03 वर्ष की अवधि के लिए आवेदन आमंत्रित करने संबंधी सूचना.

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन स्तर	भर्ती हेतु निर्धारित मानदंड
1.	सहायक लेखा अधिकारी	01	वेतन स्तर-7 (GP 4600)	लेखा शाखा में वेतन स्तर-6 (GP 4200) में सहायक के रूप में न्यूनतम 08 वर्ष की नियमित सेवा, जो सरकारी विभागों/स्वायत्त निकायों/विश्वविद्यालयों के लेखा/लेखा परीक्षा प्रकोष्ठों से हो.

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिन** होगी. नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.प्रतिनियुक्ति प्रारंभ में 03 वर्ष की अवधि के लिए होगी तथा आगे बढ़ाए जाने की संभावना है. अभ्यर्थी अपने आवेदन (केवल निर्धारित प्रारूप में) उचित माध्यम से, एनओसी, सतर्कता स्वीकृति तथा पिछले पांच वर्षों के एपीएआर के साथ अग्रेषित करें.

प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ा जाएः

1. आवेदन युक्त लिफाफे पर "APPLICATION FOR THE POST OF Assistant Accounts Officer" अंकित होना चाहिए.
2. चयनित अधिकारियों का वेतन सीसीएस (आरपी) नियम, 2016 (समय-समय पर संशोधित) के अनुसार विनियमित किया जाएगा तथा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा आवेदन की अंतिम तिथि पर 56 वर्ष होगी.
3. अधिकारी का वेतन स्तर केवल भर्ती नियमों में निर्धारित आवश्यक सेवा हेतु ही मान्य होगा. एसीपी/एमएसीपी के तहत प्राप्त वेतन स्तर को उक्त स्तर में आवश्यक सेवा हेतु पात्रता के रूप में नहीं माना जाएगा.
4. प्रतिनियुक्ति पर मानक नियम एवं शर्तें, जो समय-समय पर लागू होंगी, लागू रहेंगी.
5. निदेशक, नेशनल बाल भवन को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी आवेदन अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

इच्छुक अभ्यर्थी, जो वर्तमान में केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सरकारी विभागों के स्वायत्त निकायों/विश्वविद्यालयों में कार्यरत हैं तथा निर्धारित पात्रता रखते हैं और प्रतिनियुक्ति पर सेवा देने के इच्छुक हैं, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर संलग्न प्रपत्र (**अनुलग्नक-I**), जो नेशनल बाल भवन की वेबसाइट **www.nationalbalbhavan.nic.in** पर उपलब्ध है, में आवेदन करें. आवेदन पत्र पर पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया जाना चाहिए तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जाएं.

नियंत्रक विभाग केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के आवेदन अग्रेषित करे जो निर्धारित पात्रता पूरी करते हों, साथ ही एनओसी, प्रशासनिक स्वीकृति प्रमाण पत्र, सतर्कता स्वीकृति तथा पिछले पांच वर्षों के एपीएआर आदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हों, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा. अभ्यर्थी को साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन के समय सभी प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे, जो न्यूनतम निर्धारित योग्यता के अतिरिक्त संबंधित क्षेत्र में आवश्यक सेवा से संबंधित हों.

6. चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन में भाग लेने हेतु कोई टीए/डीए देय नहीं होगा.
7. पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन (सभी दृष्टियों से) **निदेशक, नेशनल बाल भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002** को भेजा जाना चाहिए. अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

निदेशक, एनबीबी

EN 5/10

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

(This advertisement can be accessed on the RBI website www.rbi.org.in)

भारतीय रिज़र्व बैंक में कनिष्ठ अभियंता (सिविल/ इलैक्ट्रिकल) के पद के लिए भर्ती – पैनल वर्ष 2026

भारतीय रिज़र्व बैंक, जिसे इसके बाद 'बैंक' कहा जाएगा, में पात्र उम्मीदवारों से **'कनिष्ठ अभियंता (सिविल/ इलैक्ट्रिकल)'** के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस पद के लिए चयन देशव्यापी प्रतियोगी परीक्षा तथा उसके बाद भाषा दक्षता परीक्षा के माध्यम से होगा। कृपया नोट करें कि उक्त विज्ञापन संबंधी शुद्धिपत्र, यदि हो, केवल **बैंक की वेबसाइट** (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किया जाएगा।

यह पूरा विज्ञापन **बैंक की वेबसाइट** (www.rbi.org.in) पर उपलब्ध है और इसे एम्पलॉयमेंट न्यूज़/ रोजगार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है।

1. उम्मीदवार पद हेतु अपनी पात्रता सुनिश्चित करें:

आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापित पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी के आधार पर बैंक पद के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को आवश्यक शुल्क/सूचना प्रभार (जहां भी लागू हो) देने पर परीक्षा में शामिल करेगा और उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम चरण अर्थात दस्तावेज सत्यापन के समय ही करेगा। यदि किसी भी स्तर पर, यह पाया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत कोई भी जानकारी असत्य/गलत है या यदि उम्मीदवार बैंक के अनुसार पद के लिए पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऐसे उम्मीदवार यदि पहले ही बैंक की सेवा में शामिल हो चुके होंगे तो उन्हें बिना किसी सूचना के बैंक की सेवाओं से हटाया जा सकता है।

2. आवेदन का माध्यम:

उम्मीदवारों को केवल **बैंक** की वेबसाइट (www.rbi.org.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन प्रस्तुत करने का कोई अन्य तरीका उपलब्ध नहीं है।

"ऑनलाइन आवेदन फॉर्म" भरने के लिए संक्षिप्त अनुदेश विस्तृत सूचना के **पैरा 8** में दिए गए हैं।

उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक कर सकते हैं।

"कनिष्ठ अभियंता (सिविल/ इलैक्ट्रिकल) के पद के लिए भर्ती - पैनल वर्ष 2026"

3. महत्वपूर्ण तारीखें:

आवेदन प्रस्तुत करने की विंडो	16 अप्रैल 2026 – 06 मई 2026
परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान	16 अप्रैल 2026 – 06 मई 2026
आवेदन फॉर्म संशोधन/ सुधार के लिए एडिट विंडो	एडिट विंडो की तारीखें नियत समय पर बैंक की वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएंगी।
ऑनलाइन परीक्षा की अनंतिम तारीख*	06 जून 2026

***बैंक के पास परीक्षा की तारीखों में बदलाव का अधिकार सुरक्षित है।**

4. सहायता सुविधा:

फॉर्म भरने में, परीक्षा शुल्क का भुगतान या कॉल लैटर प्राप्त करने में समस्या होने पर लिंक अर्थात http://cgrs.ibps.in/ पर संपर्क करें। याद रहे ई-मेल भेजते समय ई-मेल के विषय के बॉक्स में **'Recruitment for the Post of Junior Engineer (Civil/ Electrical) – Panel Year 2026'** जरूर लिखें।

5. मोबाइल फोन और अन्य इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग प्रतिबंधित है:

क) जहां परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है उस परिसर में मोबाइल फोन या संचार का कोई भी साधन लाने की अनुमति नहीं है। इन अनुदेशों का उल्लंघन किया जाता है तो अयोग्य ठहराये जाने के साथ-साथ भविष्य में परीक्षाओं में बैठने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

ख) परीक्षा भवन में कैलकुलेटर का प्रयोग करने या इसे अपने पास रखने की अनुमति नहीं है।

ग) उम्मीदवारों को उनके हित में सूचित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल सहित अन्य कोई भी निषिद्ध वस्तु नहीं लाएं, क्योंकि इन वस्तुओं की सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की जा सकती है।

विस्तृत सूचना

1. रिक्तियाँ

भारतीय रिज़र्व बैंक पात्र उम्मीदवारों से नीचे उल्लिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

भर्ती अंचल		रिक्तियों की संख्या#						भू.पू.सै.		पीडब्ल्यूबीडी			
		अ जा	अ ज जा	अपिव	ई डब्ल्यू एस	सामा./ अना.	कुल	भू.पू. सै.-1	भू.पू. सै.-2	प	बी	सी	डी
कनिष्ठ अभियंता (सिविल)													
1.	पूर्व	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-	-	-
2.	पश्चिम	-	1	1	1	1	4	-	-	-	1(1)	-	-
3.	उत्तर	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-	-	-
4.	दक्षिण	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
5.	मध्य	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-	-	-
	कुल	-	1	1	1	4	7	-	-	-	1(1)	-	-
कनिष्ठ अभियंता (इलैक्ट्रिकल)													
1.	पूर्व	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2.	पश्चिम	-	-	1	1	1	3	-	-	-	-	1(1)	-
3.	उत्तर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
4.	दक्षिण	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-	-	-
5.	मध्य	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	कुल	-	-	1	1	2	4	-	-	-	-	1(1)	-

कोष्ठक () में दी गई रिक्तियाँ बैकलॉग रिक्तियाँ दर्शाती हैं।

 # बैंक को आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने या रिक्तियों को न भरने का अधिकार है।

संक्षेपाक्षर इस प्रकार हैं:

अजा – अनुसूचित जाति, **अजजा** – अनुसूचित जनजाति, **अपिव** – अन्य पिछड़ा वर्ग, **ईडब्ल्यूएस** - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **सामा./अना.** – सामान्य/ अनारक्षित, **पीडब्ल्यूबीडी** – बेंचमार्क दिव्यांगजन, **भू.पू.सै.** – भूतपूर्व सैनिक, **भू.पू.सै.-1** – दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक/ सैन्य कार्रवाई में मृत सैनिकों के आश्रित, **भू.पू.सै.-2** – भूतपूर्व सैनिक (सामान्य)

2. कार्य का विवरण

कनिष्ठ अभियंता (सिविल): भवन संबंधित संरचनात्मक प्रणाली से संबंधित सिविल निर्माण/ अनुरक्षण/ आंतरिक कार्य इत्यादि और कार्यालय भवनों एवं आवासीय कॉलोनियों में संबंधित अन्य काम संभालना और देखरेख करना।

कनिष्ठ अभियंता (इलैक्ट्रिकल): इलैक्ट्रिकल/ इलैक्ट्रो-मैकेनिकल/ इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रॉनिक्स इन्स्टालेशन/ सिस्टम्स तथा कार्यालय भवनों एवं आवासीय कॉलोनियों में संबंधित अन्य कार्य संभालना और देखरेख करना।

3. पात्रता की शर्तें

3.1 राष्ट्रीयता - उम्मीदवार को या तो:

i. भारत का नागरिक होना चाहिए, अथवा

ii. नेपाल की प्रजा, अथवा

iii. भूटान की प्रजा, अथवा

iv. ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से 1 जनवरी 1962 से पहले भारत आ गया हो, अथवा

v. कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों कीनिया, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जाम्बिया, मालावी, जायरे, इथियोपिया तथा विएतनाम से प्रव्रजन करके आया हो।

परंतु यदि उम्मीदवार उक्त (ii) (iii) (iv) तथा (v) में से किसी वर्ग से हो तो उनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र होना चाहिए।

ऐसे उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है जिनके मामले में पात्रता प्रमाणपत्र आवश्यक हो किंतु भारत सरकार द्वारा उसके संबंध में पात्रता प्रमाणपत्र जारी किए जाने के बाद ही उसको नियुक्ति प्रस्ताव भेजा जा सकता है।

3.2 आयु (01/04/2026 की स्थिति में)

आयु 20 और 30 वर्ष के बीच हो। केवल वही उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे जिनका जन्म 02/04/1996 से पहले और 01/04/2006 के बाद (दोनों दिन शामिल हैं) नहीं हुआ हो।

उच्चतर आयु सीमा में रियायत: उच्चतर आयु सीमा में निम्नानुसार रियायत दी जाएगी:

क्र. सं.	वर्ग	उच्चतर आयु सीमा में छूट
1.	अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (अजा/ अजजा)	5 वर्ष अर्थात 35 वर्ष की आयु तक
2.	अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव)	3 वर्ष अर्थात 33 वर्ष की आयु तक
3.	बेंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी)	10 वर्ष (सामान्य/ईडबल्यूएस), 13 वर्ष (अपिव) और 15 वर्ष (अजा/अजजा)
4.	भूतपूर्व सैनिक	सशस्त्र सेनाओं में की गई कुल सेवा की अवधि में 3 वर्ष जोड़ते हुए, लेकिन अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं।
5.	विधवाएं/तलाकशुदा महिलाएं/कानूनी तौर पर अलग रह रही महिलाएं जिन्होंने पुन: विवाह नहीं किया है	35 वर्ष तक (अजा/अजजा के लिए 40 वर्ष)

नोट : उक्त प्रकारों या इनके साथ कोई और प्रकार मिलाते हुए आयु-सीमा में संचयी छूट नहीं दी जाएगी।

3.3 शैक्षणिक अर्हता (01/04/2026 की स्थिति में)

कनिष्ठ अभियंता (सिविल): किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय या बोर्ड से न्यूनतम 65% अंकों (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55%) के साथ सिविल इंजीनियरिंग में न्यूनतम तीन साल का डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55% अंकों (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 45%) के साथ सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री।

कनिष्ठ अभियंता (इलैक्ट्रिकल): किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय या बोर्ड से न्यूनतम 65% अंकों (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 55%) के साथ इलैक्ट्रिकल या इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में न्यूनतम तीन साल का डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55% अंकों (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 45%) के साथ इलैक्ट्रिकल या इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग की डिग्री।

नोट-

1) अजा/अजजा/बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हताओं में उक्त छूट संबंधित पद तथा वर्ग के अंतर्गत रिक्तियों के आरक्षण तथा पदों को उपर्युक्तानुसार पीडबल्यूबीडी के लिए चिन्हित किए जाने के अधीन होगी।

2) पात्रता प्राप्त करने की तारीख विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा जारी किए गए अंक पत्र या अनंतिम प्रमाणपत्र पर प्रदर्शित तारीख होगी। यदि किसी विशेष परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय / संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है, तो विश्वविद्यालय / संस्थान के उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र जिस पर वह तारीख दर्शायी गयी हो जिस दिन वेबसाइट पर परिणाम प्रकाशित किया गया था, उस तारीख को उत्तीर्ण करने की तारीख माना जाएगा।

3) प्रतिशत की गणना: प्रतिशत अंक उम्मीदवार द्वारा सभी विषयों में सभी सेमेस्टर (रों)/वर्ष (षों) में प्राप्त कुल अंकों द्वारा सभी विषयों के अधिकतम अंकों के कुल योग में भाग देते हुए निकाले जाएंगे चाहे कोई भी ऑनर्स / वैकल्पिक / अतिरिक्त वैकल्पिक विषय हों। यह उन विश्वविद्यालयों के लिए भी लागू होगा जहां क्लास/ग्रेड का निर्णय केवल ऑनर्स के अंकों के आधार पर किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त प्रतिशत का अंश नजरअंदाज किया जाएगा अर्थात **49.99 प्रतिशत को 50 प्रतिशत से कम माना जाएगा।**

(शेष पृष्ठ 9 पर)

(पृष्ठ 8 का शेष)

4) कुछ विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड श्रेणी अथवा अंकों के प्रतिशत नहीं अपितु समग्र ग्रेड प्वाइंट प्रदान करते हैं (उदाहरण के लिए सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई आदि)। यदि विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड द्वारा समग्र ग्रेड प्वाइंटों को अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड बताया जाता है तो उसे स्वीकार किया जाएगा। तथापि यदि विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड द्वारा डिग्री/उत्तीर्ण होने संबंधी प्रमाणपत्र में समग्र ग्रेड प्वाइंटों को अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड नहीं बताया जाता है तो अपरिभाषित मानदंड (मानदंडों) की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

समकक्ष सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई अथवा कोई और शब्दावली जो 10 प्वाइंट स्केल पर दी गई है	अंकों का समग्र प्रतिशत
6.75	60%
6.25	55%
5.75	50%

5) जहां समग्र ग्रेड प्वाइंट (सीजीपीए/ ओजीपीए/ सीपीआई आदि) 10 के अतिरिक्त अन्य किसी संख्या में से दिए गए हों तो इनका 10 में से सामान्यीकरण किया जाएगा तथा उसकी गणना उक्त नोट (4) के अनुसार की जाएगी।

3.4 अनुभव (01/04/2026 की स्थिति में)

कनिष्ठ अभियंता (सिविल): कार्यालय भवनों/वाणिज्यिक भवनों/आवासीय परिसरों के सिविल रखरखाव और/अथवा सिविल निर्माण कार्य के निष्पादन और पर्यवेक्षण में डिप्लोमा धारक को कम से कम 2 वर्ष तथा डिग्री धारक को कम से कम 1 वर्ष के अनुभव के साथ आरसीसी डिज़ाइन तथा अन्य सिविल कार्यों का मूलभूत ज्ञान, कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान, सिविल कार्यों आदि के लिए संविदाएं तैयार करने का अनुभव, आदि या किसी पीएसयू में एक वर्षीय स्नातक प्रशिक्षुता प्रशिक्षण होना चाहिए।

कनिष्ठ अभियंता (इलैक्ट्रिकल): एचटी/एलटी सब-स्टेशनों, केन्द्रीकृत ए.सी. प्लांट, लिफ्टों, यूपीएस, डीजी-सेट, सीसीटीवी, फायर एलार्म सिस्टम इत्यादि वाले बड़े भवनों/वाणिज्यिक भवनों में इलैक्ट्रिकल इंस्टालेशन को चालू करने तथा इनकी देखरेख के कामों में डिप्लोमा धारक को कम से कम 2 वर्ष तथा डिग्री धारक को कम से कम 1 वर्ष का अनुभव या किसी पीएसयू में एक वर्षीय स्नातक प्रशिक्षुता प्रशिक्षण।

4. चयन की योजना

उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन परीक्षा और उसके बाद भाषा दक्षता परीक्षा (एलपीटी) के माध्यम से किया जाएगा।

I. ऑनलाइन परीक्षा 300 अंकों की होगी और यह परीक्षा 06 जून 2026 को आयोजित की जाएगी।

क्र. सं.	परीक्षा का नाम (वस्तुनिष्ठ)	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक (कुल भारांक)	कुल समय
1	अंग्रेज़ी भाषा	50	50	40
2	इंजीनियरिंग विषय पेपर I	40	100	40
3	इंजीनियरिंग विषय पेपर II	40	100	40
4	सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति	50	50	30
	कुल	180	300	150 मिनट

कनिष्ठ अभियंता (सिविल/इलैक्ट्रिकल) के पदों के लिए इंजीनियरिंग विषय (पेपर I और II) के लिए सांकेतिक पाठ्यक्रम अनुलग्नक - I में दिया गया है।

II. **भाषा दक्षता परीक्षा** (एलपीटी) - मुख्य ऑन-लाइन परीक्षा में अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को भाषा दक्षता परीक्षा देनी होगी। एलपीटी संबंधित अंचल की आधिकारिक / स्थानीय भाषा(ओं) में आयोजित की जाएगी (अनुलग्नक - II)। उम्मीदवार जो आधिकारिक/ स्थानीय भाषा(ओं) में दक्ष नहीं होंगे, उन्हें अयोग्य घोषित किया जाएगा।

नोट-

i. अंग्रेजी भाषा की परीक्षा के अतिरिक्त उक्त ऑनलाइन परीक्षा/परीक्षाएं द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी और हिन्दी में होंगी।

ii. उम्मीदवार को वस्तुनिष्ठ परीक्षा के प्रत्येक भाग में अलग से उत्तीर्ण होना होगा।

iii. वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तरों के लिए नकारात्मक अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक गलत जवाब के लिए ¼ अंक काटा जाएगा।

iv. सभी उम्मीदवारों की सूची से प्रत्येक श्रेणी में उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या, बैंक द्वारा तय किए गए अनुसार(उपलब्धता के आधार पर रिक्तियों की संख्या का लगभग 05 गुना), को ऑनलाइन परीक्षा से शॉर्टलिस्ट किया जाएगा जो कुल प्राप्तांक के अवरोही क्रम में व्यवस्थित होगा।

v. परीक्षा के बारे में अन्य विस्तृत जानकारी सूचना के हैंडआउट में दी जाएगी, उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट से परीक्षा हेतु कॉल लैटर डाउनलोड करने के साथ यह हैंडआउट भी डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा।

vi. ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के रोल नंबर आरबीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

vii. यदि परीक्षा का आयोजन एक से अधिक सत्रों में किया जाता है तो विभिन्न सत्रों में प्रयुक्त अलग-अलग टेस्ट बैटरियों के कठिनाई स्तर में थोड़े से भी अंतर को समायोजित करने के लिए विभिन्न सत्रों में प्राप्त स्कोर को आईबीपीएस की मानक प्रक्रिया अपनाकर समीकृत किया जाएगा। अलग-अलग सत्रों (यदि आयोजित किया जाता है) में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त 'संशोधित-स्कोर' को इक्विपरसेंटाइल विधि का उपयोग करके सामान्यीकृत किया जाएगा।

viii. वस्तुनिष्ठ टेस्ट में कुल प्राप्तांकों में पर्याप्त रूप से उच्च मैरिट पाने वाले उम्मीदवारों को पर्याप्त संख्या में भाषा दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, इस मैरिट का निर्धारण बैंक द्वारा निर्धारित रिक्तियों के संबंध में निर्णय के आधार पर होगा।

ix. एलपीटी अनिवार्य है। एलपीटी में उपस्थित होने से किसी भी उम्मीदवार को किसी भी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जाएगी, एलपीटी बैंक के संबंधित अंचल कार्यालयों में कराया जाएगा। अंतिम चयन बैंक की आवश्यकता के अनुरूप उम्मीदवार के ऑनलाइन परीक्षा में प्रदर्शन, एलपीटी में अर्हता, मेडिकल फिटनेस, प्रमाणपत्रों के सत्यापन आदि के आधार पर होगा। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

x. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक के नियमानुसार उसके चिकित्सीय रूप से योग्य पाए जाने के अधीन होगी।

5. परीक्षा केंद्र

i. भारत में विभिन्न केन्द्रों पर ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों की अनंतिम सूची अनुलग्नक - III में दी गई है।

ii. तथापि प्रतिक्रिया, प्रशासनिक सुलभता इत्यादि के परिप्रेक्ष्य में परीक्षा केन्द्रों को रद्द तथा/अथवा अन्य केन्द्रों को जोड़ने का अधिकार भारतीय रिज़र्व बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।

iii. उम्मीदवार को उस अंचल के अनुरूप परीक्षा केंद्र का चयन करना होगा जिसके लिए उसने आवेदन किया है। तथापि, बैंक के पास यह अधिकार भी सुरक्षित रहेगा कि वह किसी उम्मीदवार को उसके द्वारा चयनित केन्द्र के अतिरिक्त कोई अन्य केन्द्र आबंटित करे तथा किसी उम्मीदवार को उस राज्य/संघ शासित प्रदेश से बाहर कोई ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र आबंटित करे जहां की रिक्ति के लिए उसने आवेदन किया हो।

iv. उम्मीदवार परीक्षा केन्द्र पर अपने जोखिम तथा खर्च पर परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और बैंक किसी भी प्रकार के हादसे अथवा हानि इत्यादि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

v. परीक्षा केन्द्र बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. सेवा की शर्तें / कैरियर संभावनाएं

6.1 वेतनमान:

चयनित उम्मीदवारों को ₹29000 – 1700 (3) – 34100 – 2040 (4) - 42260 – 2720 (6) – 58580 – 2950 (2) – 64480 – 3370 (3) – 74590 – 4050 (1) – 78640 के वेतनमान में ₹47,700/- प्रति माह का आरंभिक मूल वेतन (अर्थात ₹29,000/- और कनिष्ठ अभियंताओं को अनुमेय नौ अग्रिम वेतन वृद्धियां) और समय-समय पर स्वीकार्य अन्य भत्ते दिए जाएंगे। वर्तमान में कनिष्ठ अभियंताओं (सिविल/इलैक्ट्रिकल) के लिए आरंभिक मासिक सकल परिलब्धियां लगभग ₹91,309/- हैं।

**यदि बैंक द्वारा आवास उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो वेतन का 15% मकान किराया भत्ता दिया जाएगा।

6.2 परिलब्धियां:

उपलब्धता के आधार पर आवास, नॉलेज अपडेशन के लिए भत्ता, ब्रीफकेस, आवास सज्जा के लिए भत्ता, आदि पात्रता के अनुसार। पात्रता के अनुसार डिस्पेंसरी सुविधा, वार्षिक स्वास्थ्य जांच सुविधा, ओपीडी इलाज/अस्पताल में रहकर इलाज कराने के लिए मेडिकल व्यय की प्रतिपूर्ति; ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत। अपेक्षित न्यूनतम वर्षों की सेवा पूरी करने वाले नियमित कर्मचारियों के लिए रियायती ब्याज दर पर आवास ऋण और वैयक्तिक अग्रिम उपलब्ध होंगे। भर्ती कर लिए गए उम्मीदवारों को ग्रेच्युटी के अतिरिक्त निश्चित अभिदान वाली नई पेंशन योजना के तहत रखा जाएगा।

6.3 उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

6.4 चयनित उम्मीदवारों को आरंभ में बैंक के उसी भर्ती अंचल में स्थित कार्यालय में पदस्थापित किया जाएगा, जिसमें उन्होंने आवेदन किया था। तथापि, प्रशासनिक जरूरतें होने पर उन्हें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और मध्य अंचल में स्थित कार्यालयों में स्थानांतरित किया जा सकता है जो इस प्रकार हैं:

क) **पूर्व अंचल:** कोलकाता, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, पटना, रांची, शिलांग, अगरतला, गंगटोक, आइज़ोल, इंफाल, ईटानगर, कोहिमा

ख) **पश्चिम अंचल:** अहमदाबाद, मुंबई (बेलापुर, भायखला सहित), पुणे, पणजी

ग) **उत्तर अंचल:** चंडीगढ़, शिमला, जयपुर, जम्मू/ श्रीनगर, कानपुर, लखनऊ, देहरादून, नई दिल्ली

घ) **दक्षिण अंचल:** बंगलुरु, चेन्नै, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम

ङ) **मध्य अंचल:** भोपाल, रायपुर, नागपुर, हैदराबाद

7. आरक्षण संबंधी दिशानिर्देश

7.1 किसी विशेष पद के लिए भले ही अजा/ अजजा/ अपिव/ ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए कोई रिक्ति आरक्षित न हो, फिर भी ऐसे उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, वे किसी भी रियायत/छूट आदि के लिए पात्र नहीं होंगे। ऐसे मामले में भी अजा/ अजजा के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है, लेकिन उन्हें निर्दिष्ट सूचना शुल्क का भुगतान करना होगा। **अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों के लिए जिन अंचलों में कोई रिक्ति आरक्षित नहीं है वहां वे आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।** परिणाम को अंतिम रूप देते समय विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा।

7.2 अजा/अजजा और अपिव उम्मीदवारों के लिए:

i. अजा/अजजा/अपिव के रूप में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को केवल निर्धारित प्रपत्र में ही भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए पदनामित प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें उम्मीदवार की जाति, अधिनियम/आदेश जिसके तहत जाति को अजा/अजजा (अनुलग्नक-IV) के रूप में मान्यता दी गयी है और गाँव/कस्बा जिसका उम्मीदवार सामान्य रूप से निवासी है, का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके जाति/समुदाय प्रमाणपत्र में उनकी जाति/समुदाय का नाम और उसकी वर्तनी ठीक वैसी ही हो जैसी केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की गयी है (केंद्रीय सूची में अपिव जातियों के रूप में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अपिव श्रेणी की जातियों की सूची वेबसाइट https://www.ncbc.nic.in पर उपलब्ध है, अजजा श्रेणी के लिए प्रत्येक राज्य की जाति की सूची वेबसाइट https://tribal.nic.in पर उपलब्ध है और अजा श्रेणी के लिए प्रत्येक राज्य की जाति की सूची वेबसाइट https://www.socialjustice.nic.in पर उपलब्ध है।) जाति प्रमाणपत्र में जाति के नाम में किसी अंतर की स्थिति में उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ii. अपिव श्रेणी से संबंधित लेकिन 'क्रीमी लेयर' में आने वाले उम्मीदवार अपिव आरक्षण के लिए पात्र नहीं हैं। वे अपनी श्रेणी 'सामान्य' (सामा.) के रूप में दर्शाएँ। उक्त श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा करने वाले अपिव उम्मीदवारों को वित्तीय वर्ष (एफवाई) 2025-26, 2024-25 और 2023-24 के लिए आय के आधार पर अपिव (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा और यह प्रमाणपत्र 01 अप्रैल 2026 को/ उसके बाद जारी किया गया होना चाहिए (वित्तीय वर्ष 2025-26 के पूरा होने के बाद) लेकिन पदों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख के बाद का नहीं होना चाहिए। पदों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख अर्थात 06 मई 2026 से पहले उम्मीदवार के पास आरक्षण का लाभ उठाने के लिए अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक - V) में अपेक्षित अपिव प्रमाणपत्र होना चाहिए।

7.3 ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए:

i. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए भर्ती में आरक्षण कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-Estt (Res) दिनांक 31 जनवरी 2019 द्वारा अधिशासित है।

ii. ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक - VI) में सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष (2025-26) के लिए जारी और वर्ष (2026-27) के लिए वैध "आय और संपत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करने पर लिया जा सकता है। ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार यह नोट करें कि पदों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख अर्थात 06 मई 2026 तक यदि उनके पास कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार "आय और संपत्ति प्रमाणपत्र" नहीं है, तो ऐसे ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार केवल 'सामान्य (सामा.)' श्रेणी के तहत आवेदन करें।

7.4 पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए:

आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 34 के अंतर्गत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति आरक्षण के लिए पात्र हैं। 'बेंचमार्क दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण' के संबंध में, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 15 जनवरी 2018 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36035/02/2017- Estt (Res) के अनुसार दिव्यांगता की चार श्रेणियां निम्नानुसार हैं:

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(पृष्ठ 9 का शेष)

[क] (क) दृष्टीहीनता और कम दृष्टि	[ख] (ख) बधिर और ऊंचा या कम सुनाई देना
[ग] (ग) लोकोमोटर दिव्यांगता जिसमें शामिल है सेरेब्रल पाल्सी, ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड हमले से पीड़ित और मस्कुलर डिस्ट्रोफी;	[घ] (घ) ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, सीखने की विशिष्ट अक्षमता और मानसिक बीमारी; (ङ.) बधिर- दृष्टीहीनता सहित खंड (क) से (ङ) के तहत व्यक्तियों में से कई दिव्यांगताएं

i. कनिष्ठ अभियंता (सिविल/ इलैक्ट्रिकल) के पद के लिए कार्यात्मक आवश्यकताएं और बेंचमार्क दिव्यांगताओं की उपयुक्त श्रेणी निम्नानुसार हैं:

पद	कार्यात्मक आवश्यकताएं	बेंचमार्क दिव्यांगताओं की उपयुक्त श्रेणी
कनिष्ठ अभियंता (सिविल)	एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ़, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी	क) एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी, एसआई घ) एसएलडी, एमआई ङ) ऊपर (क) से (घ) तक शामिल एमडी
कनिष्ठ अभियंता (इलैक्ट्रिकल)	एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, केसी, पीपी, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, सी	क) - ख) डी, एचएच ग) ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी, एसआई घ) एसएलडी, एमआई ङ) ऊपर (ख) से (घ) तक शामिल एमडी

कार्यात्मक आवश्यकता के संबंध में उपयोग किए गए संक्षिप्ताक्षर: एस=बैठना, एसटी=खड़ा होना, डब्ल्यू=चलना, बीएन=झुकना, एमएफ़=उँगलियों का उपयोग, आरडबल्यू= पढ़ना और लिखना, एसई= देखना, एच=सुनना, सी=संप्रेषण, केसी=टेकना और झुकना, पीपी=खींचना और धकेलना

श्रेणी हेतु उपयोग किए गए संक्षिप्ताक्षर: एलवी=कम दृष्टि, डी=बधिर, एचएच=ऊंचा या कम सुनाई देना, ओए=एक हाथ, बीए=दोनों हाथ, ओएल=एक पैर, बीएल=दोनों पैर, एलसी=ठीक हुआ कुष्ठ रोग, डीडबल्यू=बौनापन, एएवी=एसिड हमले से पीड़ित, एसडी=रीढ़ की हड्डी विकृति, एसआई=रीढ़ की हड्डी की चोट, एसएलडी=सीखने की विशिष्ट अक्षमता, एमआई=मानसिक बीमारी, एमडी=कई दिव्यांगताएं,

ii. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार किसी भी श्रेणी (अर्थात सामान्य/अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस) से संबंधित हो सकते हैं। पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण समानान्तर है और पदों के लिए कुल रिक्तियों के अंतर्गत ऐसी दिव्यांगता के लिए पहचान किए गए पदों के अधीन है।

iii. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए, जैसा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 और भारत सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार निर्धारित है। ऐसे प्रमाणपत्र का सत्यापन/पुनः सत्यापन किया जाएगा, जैसा कि बैंक/सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय किया जाए।

iv. पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित बैकलॉग रिक्तियों को संबंधित श्रेणी में बेंचमार्क दिव्यांगजन द्वारा भरा जाएगा। यदि उस श्रेणी का कोई उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध नहीं है, तो ऐसी बैकलॉग रिक्तियों को अन्य पात्र पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के बीच अदला-बदली द्वारा भरा जाएगा, बशर्ते कि ऐसी दिव्यांगता के लिए उपयुक्त पदों की पहचान ऊपर पैरा 7.4 (i) में उल्लेख किए गए अनुसार की गई हो।

v. अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को आरपीडबल्यूडी अधिनियम, 2016 के अनुसार और भारत सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार निर्धारित दिव्यांगता प्रमाणपत्र देना होगा।

नोट -

क) डीओपीटी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के परामर्श से दिनांक 19 मई 2023 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36035/8/2023-Estt. (Res-II) के माध्यम से सूचित किया है कि अस्थायी दिव्यांगता प्रमाणपत्र के आधार पर स्थायी प्रकृति की नौकरियों में आरक्षण का लाभ देना उचित नहीं है क्योंकि इसका अपरिवर्तनीय स्थायी दिव्यांगता वाले वास्तविक दिव्यांग व्यक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

ख) एक व्यक्ति, जो आरक्षण का लाभ लेना चाहता है, उसे भारत सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया स्थायी दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा और यह प्रमाणपत्र बैंक द्वारा तय किए गए अनुसार सत्यापन/ पुनः सत्यापन के अधीन होगा।

ग) उम्मीदवार के पास आवेदन की अंतिम तारीख से पहले सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया स्थायी दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए।

घ) डीईपीडबल्यूडी से दिनांक 17 दिसंबर 2025 के कार्यालय ज्ञापन सं. 18-25/2024-Policy के माध्यम से प्राप्त स्पष्टीकरण के संदर्भ में, उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि अस्थायी दिव्यांगता श्रेणी के अंतर्गत "सुधार की संभावना" वाली दिव्यांगता स्थितियां आरक्षण के लिए पात्र नहीं हैं। दिव्यांगता स्थितियां, अर्थात् "प्रगतिशील, गैर-प्रगतिशील या सुधार की संभावना नहीं", आरक्षण के लिए पात्र होंगी। यदि किसी उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दिव्यांगता प्रमाण पत्र में केवल 'अस्थायी दिव्यांगता' का उल्लेख है और यह नहीं बताया गया है कि अस्थायी दिव्यांगता "सुधार की संभावना" वाली है या "प्रगतिशील, गैर-प्रगतिशील या सुधार की संभावना नहीं" वाली है, तो उम्मीदवार से अपेक्षित होगा कि वह अस्थायी दिव्यांगता के स्वरूप की पहचान करते हुए नया दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे कि यह "सुधार की संभावना" वाली है या "प्रगतिशील, गैर-प्रगतिशील या सुधार की संभावना नहीं" वाली है।

vi. दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश:

दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए परीक्षा की सामग्री को बड़े फ़ॉन्ट में देखने की सुविधा उपलब्ध होगी। दृष्टिबाधित उम्मीदवार (जो कम से कम 40% दिव्यांगता से पीड़ित हैं) परीक्षा की सामग्री को बड़े फ़ॉन्ट में देखने का विकल्प चुन सकते हैं और ऐसे सभी उम्मीदवार प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे।

vii. स्क्राइब का उपयोग और प्रतिपूरक समय (40% या अधिक दिव्यांगता):

आरपीडबल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2(द) के अंतर्गत परिभाषित बेंचमार्क दिव्यांगजन, जिन्हें गति के साथ लिखने में कठिनाई है, पर ऑनलाइन/लिखित परीक्षा के समय निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

क) दृष्टिहीनता, लोकोमोटर दिव्यांगता (दोनों हाथ प्रभावित-बीए) और सेरेब्रल पाल्सी की श्रेणी में आने वाले बेंचमार्क दिव्यांगजनों के मामले में, यदि वे चाहें तो स्क्राइब की सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

ख) अन्य श्रेणी के बेंचमार्क दिव्यांगजनों के मामले में, स्क्राइब की सुविधा सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ सिविल सर्जन/ चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अनुलग्नक - VII में दिए गए प्रारूप के अनुसार इस आशय से जारी एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में शारीरिक कठिनाइयाँ हैं और उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब आवश्यक है।

ग) स्क्राइब की अर्हता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की अर्हता से एक कदम नीचे होनी चाहिए। स्वयं अपने स्क्राइब का विकल्प चुनने वाले बेंचमार्क दिव्यांगजनों को अनुलग्नक - VIII में दिए गए प्रारूप के अनुसार स्वयं अपने स्क्राइब का ब्यौरा प्रस्तुत करना होगा।

घ) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार, जिन्हें गति के साथ टाइपिंग/लिखने की शारीरिक कठिनाई है, उन्हें परीक्षा के प्रति घंटे पर 20 मिनट के प्रतिपूरक समय की अनुमति दी जाएगी चाहे वे स्क्राइब की सुविधा का उपयोग कर रहे हों या नहीं।

viii. स्क्राइब का उपयोग और प्रतिपूरक समय (40% से कम दिव्यांगता वाले व्यक्ति):

पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार (जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या अधिक की है) पर लागू अनुदेशों के अलावा, निम्नलिखित नियम आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2(घ) में दी गई परिभाषा के तहत कवर किए गए निर्दिष्ट दिव्यांगजनों परंतु उक्त अधिनियम की धारा 2(द) में दी गई परिभाषा के तहत कवर नहीं किए गए दिव्यांगजनों, अर्थात जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम और जिन्हें लिखने में कठिनाई है, के लिए लागू होंगे:

क) स्क्राइब और/ या प्रतिपूरक समय की सुविधा केवल उन्हें दी जाएगी जिन्हें लिखने में कठिनाई है, जो सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा अनुलग्नक - IX में दिए गए प्रारूप के अनुसार इस आशय से जारी एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के अधीन होगी कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में शारीरिक कठिनाइयाँ हैं और उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब आवश्यक है।

ख) स्क्राइब की अर्हता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की अर्हता से एक कदम नीचे होनी चाहिए। स्क्राइब का विकल्प चुनने वाले व्यक्ति को अनुलग्नक - X में दिए गए प्रारूप के अनुसार स्वयं अपने स्क्राइब का ब्यौरा प्रस्तुत करना होगा।

ग) केवल उन व्यक्तियों को परीक्षा के प्रति घंटे पर 20 मिनट के प्रतिपूरक समय की अनुमति दी जाएगी जो स्क्राइब प्राप्त करने के लिए पात्र हैं।

नोट -

i. उम्मीदवार को अपने खर्च पर अपने स्क्राइब की व्यवस्था करनी होगी।

ii. कोई भी उम्मीदवार जो स्क्राइब का उपयोग कर रहा है, उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह उपर्युक्त दिशानिर्देशों के अनुसार परीक्षा में स्क्राइब का उपयोग करने के लिए पात्र है। उम्मीदवार द्वारा उपर्युक्त दिशा-निर्देशों का उल्लंघन या वास्तविक तथ्यों को छुपाने पर बैंक उसकी उम्मीदवारी को रद्द करने के अलावा उम्मीदवार और स्क्राइब के खिलाफ कोई भी अन्य कार्रवाई कर सकता है जो बैंक उचित समझे। यदि उम्मीदवार पहले ही बैंक की सेवा में शामिल हो चुका है तो उसे बिना किसी नोटिस के बैंक की सेवा से हटाया जा सकता है ।

iii. परीक्षा के दौरान, किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया जाता है कि स्क्राइब स्वयं से प्रश्नों का उत्तर दे रहा है, तो ऐसे उम्मीदवार का परीक्षा सत्र समाप्त कर दिया जाएगा और उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर कर्मियों द्वारा परीक्षा के बाद यह सूचित किया जाता है कि स्क्राइब ने स्वयं से प्रश्नों का उत्तर दिया है तो स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग करने वाले ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भी रद्द कर दी जाएगी।

iv. ये दिशानिर्देश समय-समय पर भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले दिशानिर्देशों/ स्पष्टीकरणों, यदि कोई हों, के अनुसार परिवर्तन के अधीन हैं।

7.5 भूतपूर्व सैनिकों के लिए दिशानिर्देश:

i. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा जो भारत सरकार, गृह मंत्रालय, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के दिनांक 27 अक्तूबर 1986 की अधिसूचना संख्या 36034/5/85/ Estt(SCT), 04 अक्तूबर 2012 की अधिसूचना संख्या 36034/1/2006-Estt.(Res.) द्वारा संशोधित और इसके बाद समय-समय पर यथासंशोधित, में निर्धारित परिभाषा की शर्तों को पूरा करते हैं।

ii. दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक: ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जो संघ के सशस्त्र बलों में सेवा के दौरान शत्रु अथवा उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाई के दौरान दिव्यांग हुए हों – उन्हें दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा।

iii. **सैन्य कार्रवाई में मृत सैनिक के आश्रित:** निम्नलिखित सैन्य कार्रवाई में मारे गए सैनिकों के लिए यह माना जाएगा कि वे सैन्य सेवा के दौरान कार्रवाई में मारे गए (क) युद्ध, (ख) युद्ध जैसी सैन्य कार्रवाई या किसी अन्य देश या पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम रेखा पर सीमा झड़प (ग) नागालैन्ड, मिजोरम आदि में विद्रोही हालात से निपटने में सशस्त्र विरोधियों से लड़ते हुए (घ) विदेशों में शांति सेना मिशन में सेवा के दौरान (ङ.) बारूदी सुरंगें बिछाने और शत्रुओं की बारूदी सुरंगों को हटाने के अलावा सैन्य कार्रवाई पूरी होने के एक माह पहले और तीन माह बाद की अवधि के बीच बारूदी सुरंगों को हटाने की कार्रवाई के दौरान (च) वास्तविक सैन्य कार्रवाई या सरकार द्वारा निर्दिष्ट अवधि के दौरान शीत-दंश (छ) अर्ध-सैन्य बलों के भड़के हुए कार्मिकों से निपटने और (ज) श्रीलंका में कार्रवाई के दौरान मारे गए आईपीकेएफ़ के कार्मिक।

iv. ऐसे उम्मीदवार जो सैन्य बलों से कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त हुए हैं या जिनकी निर्धारित नियोजन अवधि (अर्थात एसपीई) 01.05.2027 को या उससे पहले पूरी होनी संभावित है, केवल वे ही इस भर्ती के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। उनसे यह भी अपेक्षित होगा कि वे आरबीआई में कार्य-ग्रहण करते समय कार्यमुक्ति का पत्र और स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करें कि वे भारत सरकार के नियमों के अनुसार भूतपूर्व सैनिक को प्राप्य लाभों के लिए पात्र हैं। ऐसे उम्मीदवार जो अपने नियोजन की आरंभिक अवधि पहले ही पूरी कर चुके हों और विस्तारित नियोजन के तहत सेवा में हों उन्हें उस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। ऊपर बताए गए उम्मीदवारों का यदि चयन हो जाता है तो उन्हें 01.05.2027 को या उससे पहले कार्यमुक्त होकर बैंक में कार्यभार ग्रहण करना होगा। ऐसे सभी उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्रों के फॉर्म अनुलग्नक - XI में दिए गए हैं और ये प्रमाणपत्र बैंक में प्रस्तुत करने होंगे।

v. यदि कोई भूतपूर्व सैनिक पुनः रोजगार प्राप्त करने के लिए मिलने वाले लाभों को प्राप्त करने के बाद सिविल साइड में सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुका है, तो सरकारी सेवा में पुनः रोजगार के प्रयोजन से उसका भूतपूर्व सैनिक दर्जा समाप्त हो जाता है। (डीओपीटी कार्यालय ज्ञापन सं. 36034/27/84-Estt. (SCT) दिनांक 02 मई 1985)

vi. केंद्र सरकार के अधीन पुनः रोजगार प्राप्त भूतपूर्व सैनिकों के लिए लागू निम्नलिखित नियम ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होने वाले भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए लागू होंगे (दिनांक 02 अप्रैल 1992 का डीओपीटी कार्यालय ज्ञापन सं. 36034/6/90-Estt. (SCT)):

जिन भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों ने केंद्र सरकार के अधीन समूह 'ग' और 'घ' में पहले ही रोजगार प्राप्त कर लिया है उन्हें केंद्र सरकार के अधीन उच्चतर ग्रेड या कैडर या समूह 'ग'/'घ' में रोजगार प्राप्त करने के लिए भूतपूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित आयु संबंधी छूट का लाभ दिया जाएगा। तथापि ऐसे उम्मीदवार केंद्र सरकार की सेवा में भूतपूर्व सैनिकों के लिए दूसरी बार आरक्षण के लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे।

(शेष पृष्ठ 11 पर)

(पृष्ठ 10 का शेष)

8. आवेदन प्रक्रिया

8.1 आवेदन प्रक्रिया के संबंध में अनुदेश:

उम्मीदवार आवेदन प्रस्तुत करने की विंडो के दौरान केवल **"कनिष्ठ अभियंता (सिविल/ इलैक्ट्रिकल) के पद के लिए भर्ती – पैनल वर्ष 2026"** लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, और आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं होगा। डिजी लॉकर को ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ एकीकृत किया गया है। उम्मीदवार डिजी लॉकर के माध्यम से जारी किए गए क्रेडेंशियल/ दस्तावेजों (आधार, शैक्षिक अर्हता दस्तावेज आदि) और जानकारी (नाम, जन्म तारीख, लिंग आदि) का एक्सेस स्वैच्छिक आधार पर प्रदान कर सकते हैं।

8.2 ऑनलाइन आवेदन के लिए पूर्व आवश्यकताएं:

क) ऑनलाइन आवेदन से पहले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने अपने फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर, फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश में बतायी गयी आवश्यक विशेषताओं के अनुसार स्कैन कर लिए हैं।

ख) उम्मीदवार अपेक्षित आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए आवश्यक विवरण/ दस्तावेज तैयार रखें।

ग) उम्मीदवार के पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी होनी चाहिए, जिसे इस भर्ती प्रक्रिया के परिणामों की घोषणा तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। बैंक परीक्षा के लिए कॉल लैटर इत्यादि पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजेगा। किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार अपनी ई-मेल आईडी किसी दूसरे के साथ शेयर नहीं करें/ किसी दूसरे व्यक्ति की ई-मेल आईडी का उल्लेख नहीं करें। यदि किसी उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं हो, तो उसे चाहिए कि ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ई-मेल आईडी बनाए तथा उस ईमेल एकाउंट को बरकरार रखे।

8.3 परीक्षा शुल्क / सूचना प्रभार (लौटाया नहीं जाएगा):

16 अप्रैल 2026 से 06 मई 2026 (दोनों तारीख शामिल) तक ऑनलाइन भुगतान किया जाए

- अजा/ अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी/ भू.पू.सै. के लिए ₹50/- और 18% जीएसटी। (सूचना प्रभार)
- अपिव/ सामान्य/ ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए ₹450/- और 18% जीएसटी (परीक्षा शुल्क+सूचना प्रभार)
- स्टाफ उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क/ सूचना प्रभार के भुगतान से छूट दी गई है।
- परीक्षा शुल्क/ सूचना प्रभार के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन शुल्क उम्मीदवार को वहन करना होगा।

8.4 आवेदन प्रक्रिया:

क) **01 अप्रैल 2026** को पात्रता शर्तें पूरी करने वाले उम्मीदवारों को सबसे पहले 'ऑनलाइन आवेदन' करने के लिए विज्ञापन पृष्ठ में लिंक अर्थात **"कनिष्ठ अभियंता (सिविल/ इलैक्ट्रिकल) के पद के लिए भर्ती – पैनल वर्ष 2026"** पर क्लिक करने होगा। यह उम्मीदवारों को ऑनलाइन पंजीकरण पृष्ठ पर भेजेगा।

ख) उम्मीदवारों को अपना मूल विवरण दर्ज करना होगा और दिए गए विनिर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा अपलोड करनी होगी।

ग) अपने आवेदन को रजिस्टर करने के लिए उम्मीदवार "Click here for New Registration" टैब पर क्लिक करें और अपना नाम, संपर्क हेतु जानकारी तथा ई-मेल आईडी भरें। इसके बाद सिस्टम द्वारा प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन नम्बर और पासवर्ड तैयार करके स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। उम्मीदवार इस प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन नम्बर और पासवर्ड को नोट करें। प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन नम्बर और पासवर्ड की जानकारी देते हुए ईमेल से और मोबाइल पर एक एसएमएस भी भेजा जाएगा।

घ) यदि उम्मीदवार अपना आवेदन एक बार में पूरा नहीं भर पा रहे हों तो वे पहले से भरे हुए डाटा को "SAVE AND NEXT" टैब पर क्लिक करते हुए सेव कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन को प्रस्तुत करने के पहले ऑनलाइन आवेदन में अपने ब्योरों को जांचने के लिए "SAVE AND NEXT" सुविधा का उपयोग करें और यदि आवश्यक हो तो उन्हें संशोधित करें। दृष्टिबाधित उम्मीदवार सावधानीपूर्वक आवेदन पत्र भरवाएं और अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए विवरणों को जांच लें/जांच करवा लें कि वे सही हैं।

ङ) उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं ऑनलाइन आवेदन में ध्यानपूर्वक ब्योरे भरें और इसकी जाँच करें क्योंकि COMPLETE REGISTRATION BUTTON पर क्लिक करने के बाद कोई परिवर्तन संभव/ विचारणीय नहीं होगा।

च) आवेदन में उम्मीदवार का या उसके पिता/ पति का नाम इत्यादि सही प्रकार से भरा गया हो जैसा कि फोटो पहचान प्रमाण/ प्रमाणपत्रों/ अंकसूचियों में दिया गया है। इनमें किसी प्रकार का परिवर्तन/ अंतर पाए जाने पर उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है।

छ) 'Validate your details' और 'Save & Next' बटन से अपने ब्योरे सत्यापित करें और आवेदन सेव कर लें।

ज) फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर के लिए दिए गए दिशानिर्देशों में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर स्कैन करके अपलोड करें।

झ) आवेदन फॉर्म के अन्य ब्योरे भरने के लिए आगे बढ़ें।

ञ) COMPLETE REGISTRATION से पहले Preview टैब क्लिक कर पूरे आवेदन का प्रीव्यू देखें और जाँचें।

ट) यदि आवश्यक हो तो विवरण सुधार लें और केवल यह जाँचने और सुनिश्चित करने के बाद ही "COMPLETE REGISTRATION" पर क्लिक करें कि आपके द्वारा अपलोड किया गया फोटोग्राफ, हस्ताक्षर तथा भरी गई अन्य जानकारी सही है।

ठ) 'Payment' टैब पर क्लिक करें और भुगतान करें।

ड) 'Submit' बटन पर क्लिक करें।

ढ) उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन स्वयं सावधानीपूर्वक भरें। COMPLETE REGISTRATION बटन पर क्लिक करने के बाद किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं है। उम्मीदवार यह नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन में भरा गया नाम परीक्षा के समय सत्यापन हेतु दिखाए गए फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नाम से पूर्णत: मेल खाना चाहिए। वे महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के बाद अपना पहला/ अंतिम/ मध्य का नाम बदल दिया है वे इसका विशेष ध्यान रखें। दृष्टिबाधित उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में भरी गई जानकारी की जाँच करने/करवाने के लिए उत्तरदायी होंगे और COMPLETE REGISTRATION से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए भी कि जानकारी सही है क्योंकि COMPLETE REGISTRATION के बाद कोई परिवर्तन संभव नहीं है।

ण) कृपया नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन में भरी गई सारी जानकारी जिसमें उम्मीदवार का नाम, वर्ग, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, परीक्षा केन्द्र इत्यादि सम्मिलित हैं, अंतिम मानी जाएगी और आवेदन फॉर्म को ऑनलाइन प्रस्तुत कर देने के बाद इसमें कोई परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। अत: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि ऑनलाइन आवेदन अत्यंत सावधानीपूर्वक भरें क्योंकि विवरणों में परिवर्तन के लिए किसी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन फॉर्म में गलत और अपूर्ण विवरण दिए जाने या आवेदन फॉर्म में अपेक्षित विवरण छूट जाने के परिणामस्वरूप उत्पन्न स्थितियों के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

त) ऑनलाइन आवेदन, जो किसी भी रूप में अधूरा हो, जैसे कि बिना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के या ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपलोड की गई अपठनीय/ अस्पष्ट फोटोग्राफ, मान्य नहीं माना जाएगा।

थ) उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सूचित किया जाता है कि वे अंतिम तारीख से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तारीख की प्रतीक्षा न करें, ताकि इंटरनेट पर भारी लोड/ वेबसाइट जाम के कारण बैंक की वेबसाइट पर लॉगऑन करने में डिस्कनैक्ट/ अक्षम/ असफल होने की संभावना से बच सकें।

द) उक्त किसी भी कारण से अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के नियंत्रण से बाहर किसी भी कारण से उम्मीदवारों द्वारा अंतिम तारीख के भीतर उनके आवेदन नहीं प्रस्तुत कर पाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

थ) कृपया नोट करें की उक्त प्रक्रिया ही आवेदन करने की वैध प्रक्रिया है। किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन अथवा अधूरी प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी और ऐसे आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

न) आवेदन में भरी गई कोई भी जानकारी उम्मीदवार के लिए व्यक्तिगत रूप से बाध्यकारी होगी, तथा यदि बाद में पाया जाता है कि उसके द्वारा दी गई जानकारी/ विवरण असत्य है तो वह न्यायिक कार्रवाई/ सिविल कार्रवाई का/ की भागी होगा/ होगी।

8.5 भुगतान का माध्यम:

उम्मीदवारों को अपेक्षित शुल्क/ सूचना प्रभार का भुगतान केवल <u>ऑनलाइन माध्यम</u> से करना होगा:

क) आवेदन-फॉर्म पेमेंट गेटवे के साथ जुड़ा हुआ है और निम्नलिखित अनुदेशों का पालन करते हुए भुगतान प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

ख) डेबिट कार्ड (रूपे/ वीजा/ मास्टर कार्ड/ मेस्ट्रो), क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड/ मोबाइल वैलेट के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है।

ग) ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपने भुगतान की जानकारी सबमिट करने के बाद, कृपया सर्वर से सूचना की प्रतीक्षा करें। कृपया दोहरे भुगतान से बचने के लिए बैक अथवा रीफ्रेश बटन न दबाएं।

घ) लेनदेन सफलतापूर्वक पूरा हो जाने पर एक ई-रसीद जेनरेट हो जाएगी।

ङ) 'ई-रसीद' तैयार न होने का मतलब है कि भुगतान असफल रहा। असफल भुगतान पर उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अपने प्रोविज़नल रजिस्ट्रेशन नंबर तथा पासवर्ड से फिर लॉगिन करें और भुगतान की प्रक्रिया दुहराएं।

च) उम्मीदवारों से अपेक्षा है कि वे इस ई-रसीद और ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिन्टआउट निकाल लें। <u>कृपया ध्यान रखें कि यदि यह जेनरेट नहीं हो रहा है तो हो सकता है कि आपका ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूरा नहीं हुआ है।</u>

छ) क्रेडिट कार्ड प्रयोक्ताओं के लिए: सभी कीमतें भारतीय रुपए में अंकित हैं। यदि आप गैर-भारतीय क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कर रहें हैं तो आपका बैंक विद्यमान विनिमय दर के अनुसार स्थानीय मुद्रा में परिवर्तन कर देगा।

ज) आपके डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने लिए कृपया लेनदेन पूरा हो जाने पर अपनी ब्राउजर विंडो को बंद कर दें।

झ) शुल्क के भुगतान के बाद शुल्क के विवरण सहित आवेदन फॉर्म का प्रिंट लेने की सुविधा उपलब्ध है।

8.6 उम्मीदवारों के लिए सामान्य नियम/ अनुदेश:

क) उम्मीदवार केवल एक पद और एक अंचल के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक से अधिक रजिस्ट्रेशन की स्थिति में केवल अंतिम रजिस्ट्रेशन मान्य होगा।

ख) ऑनलाइन आवेदन करते समय उम्मीदवारों को किसी भी पते पर अपने आवेदन का प्रिन्टआउट या कोई प्रमाणपत्र या इनकी प्रतिलिपियां प्रस्तुत करने/ भेजने की जरूरत नहीं है। आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी असत्य/गलत है या बैंक के अनुसार उम्मीदवार पात्रता के मानदंडों को पूरा नहीं करता/ करती है तो उसकी उम्मीदवारी/ नियुक्ति को रद्द/ समाप्त कर दिया जाएगा।

ग) सभी शैक्षणिक योग्यताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालयों/संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए। यदि अंकों के स्थान पर ग्रेड दिए गए हैं तो उम्मीदवारों को चाहिए कि वे ग्रेड का अंकीय समकक्ष स्पष्ट रूप से दर्शाएँ।

घ) आवेदन के लिए पात्रता के बारे में सलाह देने के लिए उम्मीदवारों के किसी भी अनुरोध पर बैंक विचार नहीं करेगा।

ङ) ऑनलाइन परीक्षा हेतु कॉल लैटर डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर जाना होगा। कॉल लैटर डाउनलोड करने की सूचना ई-मेल/एसएमएस द्वारा भी भेजी जाएगी। संबंधित लिंक पर क्लिक कर उम्मीदवार कॉल लैटर डाउनलोड करने का विंडो खोल सकेंगे। कॉल लैटर डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को (i) रजिस्ट्रेशन नंबर/रोल नंबर, (ii) पासवर्ड/जन्मतिथि का प्रयोग करना होगा। उम्मीदवार कॉल लैटर पर अपना आसानी से पहचानने योग्य नवीनतम फोटो चिपकाएं जो मुख्यत: वही फोटो हो जो रजिस्ट्रेशन के समय दिया गया था तथा परीक्षा केंद्र पर (i) कॉल लैटर (ii) नीचे दिए खंड (ड) के अनुसार और कॉल-लैटर में दिए विनिर्देशों के अनुसार फोटो-युक्त पहचान का प्रमाण तथा मूल रूप में लाए हुए फोटो-युक्त पहचान प्रमाण की एक प्रतिलिपि साथ लाएं।

च) परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवारों को अपने खर्च पर आना होगा।

छ) देरी से आने वाले उम्मीदवार अर्थात कॉल-लैटर में बताए गए रिपोर्टिंग समय के बाद परीक्षा के लिए आने वाले उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉल-लैटर में दिया गया रिपोर्टिंग समय परीक्षा प्रारंभ होने के समय से पहले का समय है। यद्यपि परीक्षा का समय 2.5 घंटे है, तथापि उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल पर करीब-करीब 4 घंटे (लगभग) रुकना पड़ सकता है, जिसमें विभिन्न औपचारिकताओं जैसे विभिन्न अपेक्षित दस्तावेजों का सत्यापन करना तथा उन्हें प्राप्त करना, लॉग-इन करना, अनुदेश देना इत्यादि सम्मिलित है।

ज) एलपीटी/ दस्तावेज सत्यापन के समय उम्मीदवारों को आयु/ अर्हता/ वर्ग आदि से संबंधित दस्तावेज बैंक को प्रस्तुत करने होंगे। जो उम्मीदवार अजा/ अजजा/ अपिव के तौर पर आरक्षण चाहते हैं उन्हें निर्धारित प्रोफार्मा में सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उम्मीदवार की जाति, अधिनियम/ आदेश जिसके तहत उम्मीदवार की जाति को अजा/ अजजा/ अपिव के तौर पर मान्यता दी गई है और गाँव/ कस्बा जहाँ का उम्मीदवार मूल निवासी है, का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।

झ) अपिव के तौर पर आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवार को निर्धारित प्रपत्र में घोषणा करनी होगी कि वह दस्तावेज सत्यापन की तारीख को क्रीमी लेयर से संबद्ध नहीं है। अपिव प्रमाणपत्र, जिसमें नॉन-क्रीमी वाक्यांश भी निहित हो, 01 अप्रैल 2026 को या इसके बाद जारी किया होना चाहिए।

ञ) <u>अजा/ अजजा/ अपिव/ पीडब्ल्यूबीडी/ ईडब्ल्यूएस/ भूतपूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध आरक्षण/ छूट का लाभ चाहने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण/</u>

(शेष पृष्ठ 12 पर)

(पृष्ठ 11 का शेष)

छूट के हकदार हैं। उनके पास अपने दावे के समर्थन में इस तरह के लाभों के लिए निर्धारित सभी आवश्यक प्रमाण पत्र भी निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए। ये प्रमाणपत्र पदों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख के या उससे पहले के होने चाहिए। **आयु में रियायत चाहने वाले उम्मीदवारों को एलपीटी/ दस्तावेज सत्यापन के समय आवश्यक प्रमाणपत्र(त्रों) की प्रतिलिपियाँ प्रस्तुत करनी होंगी।**

ट) सरकारी क्षेत्र, सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रमों, सरकारी उपक्रमों/वित्तीय संस्थाओं/बैंकों, लोक उद्यम या ऐसे अन्य संगठनों में स्थायी या अस्थायी क्षमता में काम कर रहे या कैजुअल अथवा दैनिक आधार पर कर्मचारी से अलग कार्य-प्रभारित कर्मचारी के रूप में काम कर रहे सभी उम्मीदवार बैंक को अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पहले अपने नियोक्ता (कार्यालय/विभाग प्रमुख) को इस भर्ती के लिए आवेदन के बारे में लिखित में सूचित करें। ऐसे संगठनों में काम कर रहे उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि ऑनलाइन आवेदन करते समय वे यह वचनपत्र प्रस्तुत करें कि उन्होंने इस भर्ती के लिए आवेदन करने के बारे में अपने कार्यालय/विभाग प्रमुख को लिखित में सूचित कर दिया है। उम्मीदवार यह ध्यान दें कि यदि उनके नियोक्ता से बैंक को यह सूचना प्राप्त होती है कि उम्मीदवार को भर्ती के लिए आवेदन/परीक्षा में बैठने की अनुमति रोकी जाती है तो उनका आवेदन/उम्मीदवारी अस्वीकार/रद्द कर दिया जाएगा/दी जाएगी।

ठ) कार्यग्रहण के समय अनुशंसित उम्मीदवारों को अपने पीएसयू/ सरकारी/ अर्ध-सरकारी नियोक्ता से उचित डिस्चार्ज प्रमाण-पत्र लाना होगा।

ड) परीक्षा भवन में तथा एलपीटी के समय कॉल लैटर के साथ वर्तमान में वैध पहचान पत्र (जिस पर बिल्कुल वही नाम लिखा हो जो कॉल लैटर पर है) जैसे कि पैन कार्ड/ पासपोर्ट/ स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ वोटर कार्ड/ बैंक की पासबुक फोटोग्राफ सहित/ आधिकारिक लैटरहेड पर किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र फोटोग्राफ सहित/ आधिकारिक लैटरहेड पर किसी जनप्रतिनिधि द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र फोटोग्राफ सहित/ किसी मान्यता प्राप्त महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय द्वारा जारी वैध नवीनतम पहचान पत्र/ आधार कार्ड/ ई-आधार कार्ड फोटोग्राफ के साथ/ कर्मचारी आईडी/ बार-काउंसिल द्वारा जारी फोटोग्राफ सहित पहचान पत्र में से कोई एक मूल रूप में तथा उसकी प्रतिलिपि अन्वीक्षक को सत्यापन हेतु प्रस्तुत की जाए। उम्मीदवार की पहचान को कॉल लैटर में दिए गए विवरण, उपस्थिति सूची तथा प्रस्तुत किए गए अपेक्षित दस्तावेज़ से सत्यापित किया जाएगा। यदि उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध है तो उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।

ढ) **राशन कार्ड और लर्नर्स ड्राइविंग लाइसेन्स पहचान प्रमाण के रूप में मान्य नहीं होंगे।**

ण) उम्मीदवार को परीक्षा/ साक्षात्कार देते समय क्रमशः परीक्षा कॉल लैटर तथा साक्षात्कार कॉल लैटर के साथ फोटो पहचान-पत्र प्रमाण मूल में तथा उसकी प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जिसके बिना उन्हें परीक्षा/ साक्षात्कार में नहीं बैठने दिया जाएगा। उम्मीदवार नोट करें कि कॉल लैटर पर प्रदर्शित नाम (जो रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के दौरान दिया गया था) फोटो पहचान प्रमाण पर दिए नाम से पूरी तरह मेल खाना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्होंने विवाह के बाद अपना पहला/ अंतिम/ मध्य नाम बदल लिया हो, वे इसका विशेष ध्यान रखें। यदि कॉल-लैटर में तथा फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नामों में कोई भी असमानता पाई गई तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। जिन उम्मीदवारों ने अपना नाम बदल लिया है, उन्हें केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब वे मूल गजट अधिसूचना/ अपना मूल विवाह प्रमाण पत्र/ शपथ पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करेंगे।

त) उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन करते समय कोई भी असत्य, बनावटी अथवा जाली विवरण नहीं दें और न ही कोई महत्वपूर्ण जानकारी छिपाएं।

थ) यदि परीक्षा/ एलपीटी अथवा इसके बाद में चयन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवार निम्नलिखित का दोषी है (या पाया जाता है)–

i. अनुचित तरीकों का प्रयोग करने या

ii. किसी दूसरे का वेश धारण करने या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा वेश धारण करवाए जाने का या

iii. परीक्षा/ एलपीटी हॉल में दुर्व्यवहार करना या किसी प्रयोजन के लिए परीक्षा(ओं) की विषय-वस्तु या उसकी किसी जानकारी को पूरा या उसके किसी भाग को किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से, मौखिक या लिखित, इलैक्ट्रॉनिक या मैकेनिकल माध्यम से प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, प्रसार करने, एकत्र करने या प्रसार और एकत्र करने में सहायता करने का या

iv. चयन के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी असंगत या अनुचित तरीके का सहारा लेने का या

v. अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी अनुचित तरीके से समर्थन लेने का, या

vi. परीक्षा/ एलपीटी हॉल में मोबाइल फोन या संचार का कोई भी समान इलेक्ट्रॉनिक साधन लाने का, ऐसे उम्मीदवार आपराधिक अभियोग के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्रवाई के भागी होंगे:

- वह जिस परीक्षा का/ की उम्मीदवार है, उसके लिए अयोग्य हो जाएगा/ जाएगी
- बैंक द्वारा आयोजित किसी परीक्षा से स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट अवधि के लिए उसे प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।
- यदि उसने पहले ही बैंक में कार्यग्रहण कर लिया है तो, सेवाएँ समाप्त कर दी जाएंगी।

द) बैंक उम्मीदवारों के उत्तरों को परीक्षा में बैठे अन्य उम्मीदवारों के उत्तरों से मिलाते हुए विश्लेषण करेगा, ताकि सही और गलत जवाबों में एकरूपता के पैटर्न को पकड़ा जा सके। ऐसे विश्लेषण के आधार पर, यदि यह निष्कर्ष निकाला जाता है या पाया जाता है कि उत्तरों को शेयर किया गया है और प्राप्तांक असली/वैध नहीं हैं, तो बैंक को उसकी उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार होगा और ऐसे (अयोग्य) उम्मीदवारों का परिणाम रोक दिया जाएगा।

ध) किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।

न) बैंक के साथ सभी पत्राचारों में, आवेदन प्रस्तुत करने के बाद प्राप्त रजिस्ट्रेशन नंबर और 'कॉल लैटर' में दिए गए रोल नंबर का उल्लेख अवश्य किया जाए।

त) पात्रता, परीक्षाओं के आयोजन, एलपीटी आकलन, ऑनलाइन परीक्षा, ऑनलाइन परीक्षा और एलपीटी में न्यूनतम अर्हक मानकों के निर्धारण, रिक्तियों की संख्या और परिणामों को सूचित करने के बारे में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा, और इस बारे में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

प) परीक्षा के आयोजन में कुछ समस्याओं के होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, इससे परीक्षा लेने और/अथवा परिणाम तैयार करने का कार्य प्रभावित हो सकता है। उस स्थिति में समस्या को सुधारने का भरसक प्रयास किया जाएगा, जिसमें उम्मीदवारों को दूसरे केन्द्र पर भेजना या यदि जरूरी समझा गया तो परीक्षा को फिर से आयोजित करना शामिल है। इस बारे में बैंक का निर्णय अंतिम होगा, जिन उम्मीदवारों को ये परिवर्तन स्वीकार नहीं होंगे वे अपनी उम्मीदवारी से वंचित रह जाएंगे।

फ) यदि परीक्षा का आयोजन एक से अधिक सत्रों में किया जाता है तो विभिन्न सत्रों में प्रयुक्त अलग-अलग टेस्ट बैटरियों के कठिनाई स्तर में थोड़े से भी अंतर को समायोजित करने के लिए विभिन्न सत्रों में प्राप्त स्कोर को आईबीपीएस की मानक प्रक्रिया अपनाकर समीकृत किया जाएगा। अलग-अलग सत्रों (यदि आयोजित किया जाता है) में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त 'संशोधित-स्कोर' को इक्विपरसेंटाइल विधि का उपयोग करके सामान्यीकृत किया जाएगा। किसी केन्द्र पर यदि नोड क्षमता कम है या किसी केंद्र पर या उम्मीदवार के लिए कोई तकनीकी व्यवधान आ जाता है, तो एक से अधिक सत्र आवश्यक हो सकते हैं।

ब) जहां परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर या संचार का कोई भी साधन लाने की अनुमति नहीं है। इन अनुदेशों का उल्लंघन किया जाता है तो अयोग्य ठहराये जाने के साथ-साथ भविष्य में परीक्षाओं में बैठने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

भ) उम्मीदवारों को परीक्षा भवन में कैलकुलेटर का प्रयोग करने या इसे अपने पास रखने की अनुमति नहीं है।

म) उम्मीदवारों को उनके हित में सूचित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन/ पेजर सहित अन्य कोई भी निषिद्ध वस्तु नहीं लाएं, क्योंकि इन वस्तुओं की सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की जा सकती है।

य) रिज़र्व बैंक उम्मीदवारों को अंक तालिका नहीं देगा। तथापि, ऑनलाइन परीक्षा के अंक अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

र) इन पदों के लिए बैंक (स्टाफ-उम्मीदवार) के वे कर्मचारी भी आवेदन कर सकेंगे, जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों।

ऱ) इस विज्ञापन और/ या उसके जवाब में आवेदन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरू की जा सकती है और केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों/ अधिकरणों/ फोरमों के एकल और एकमात्र अधिकार क्षेत्र में ही वाद/ मुकदमे की जांच होगी।

ल) उम्मीदवार का ऑनलाइन परीक्षा/ एलपीटी में प्रवेश पूर्णतया अनंतिम है। उम्मीदवार को कॉल लैटर भेजा गया है, केवल इस तथ्य का आशय यह नहीं है कि उसकी उम्मीदवारी को रिज़र्व बैंक ने पूरी तरह से स्वीकार कर लिया है।

ळ) किसी भी स्तर पर यदि यह पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंड पूरा नहीं करता/ करती है और/ या यह कि उसने कोई गलत/ असत्य जानकारी प्रस्तुत की है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि इनमें से किसी कमी/ कमियों का पता नियुक्ति के बाद चलता है तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं। पात्रता, लिखित परीक्षा का संचालन, अन्य परीक्षण और चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में बैंक द्वारा किसी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

ळ) उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी यदि असत्य पायी जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या भर्ती या बैंक में कार्यभार संभालने के बाद भी रद्द किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, आवेदक केवल ऑनलाइन आवेदन करेंगे। किसी मैनुअल / पेपर आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और मूल दस्तावेज़ों के संदर्भ में पात्रता शर्तों के सत्यापन के अधीन होगी। स्क्रीनिंग और चयन उम्मीदवार द्वारा दिए गए विवरण के आधार पर होगा। इसलिए यह आवश्यक है कि आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन में सटीक, पूर्ण और सही जानकारी प्रस्तुत करनी चाहिए। गलत या असत्य जानकारी प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवार के मामले में, उसकी उम्मीदवारी को चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अस्वीकार किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन में घोषित पत्राचार के पते, वर्ग के परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

व) उम्मीदवार को फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड करना भी सुनिश्चित करना चाहिए। यदि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर उचित रूप से अपलोड नहीं किए गए हैं तो उम्मीदवार को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

श) **पहचान सत्यापन- बायोमेट्रिक डेटा कैप्चरिंग या अन्य मोड द्वारा:** बैंक के पास चयन के दौरान या उसके बाद किसी भी समय बायोमेट्रिक सत्यापन/सत्यापन के अन्य तरीके को करने का अधिकार सुरक्षित है। यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा, उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। तदनुसार, बैंक, विभिन्न चरणों में, उम्मीदवारों के सत्यापन/बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए डिजिटल प्रारूप में उम्मीदवारों के फोटो/अंगूठे के निशान/आईआरआईएस स्कैन को कैप्चर कर सकता है। उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि उनका सही फोटो/अंगूठे का निशान/आईआरआईएस स्कैन विभिन्न चरणों में लिया गया है क्योंकि किसी भी विसंगति के कारण उनकी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे उन दिशानिर्देशों का पालन करें जो उन्हें उनके कॉल लैटर में दिए जाएंगे। यदि बैंक सत्यापन के प्रयोजन के लिए बायोमेट्रिक डेटा की कैप्चरिंग का उपयोग करने का निर्णय लेता है, तो उम्मीदवार को बायोमेट्रिक सत्यापन करवाने के समय उचित सावधानी बरतनी होगी। यदि अंगूठे का निशान / कैप्चर किया जाने वाला आईआरआईएस स्कैन को कोई नुकसान होता है / क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो उम्मीदवार तुरंत परीक्षा केंद्र पर संबंधित प्राधिकारी को सूचित करेगा। ऐसी किसी स्थिति में, उम्मीदवार द्वारा घोषणा किए जाने पर, प्राधिकारी कुछ वैकल्पिक प्रावधान करेंगे, बायोमेट्रिक डेटा सत्यापन के लिए उम्मीदवार की अन्य उंगलियों, पैर की उंगलियों आदि के निशान को कैप्चर किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के बाद के चरण में, यदि बायोमेट्रिक डेटा ऑनलाइन परीक्षा केंद्र में लिए गए मूल बायोमेट्रिक डेटा से मेल नहीं खाता है, तो बैंक किसी भी शिकायत/पत्राचार पर विचार नहीं करेगा। बायोमेट्रिक डाटा की स्थिति (मिलान होता है या नहीं) के संबंध में इसके सत्यापन प्राधिकारी का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

ष) **उम्मीदवारों हेतु आवेदन पत्र में संशोधन/ सुधार करने के लिए 'एडिट विंडो':**

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख के बाद, उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन/ सुधार करने में समर्थ बनाने के लिए 2 दिनों की अवधि के लिए 'एडिट विंडो' प्रदान की जाएगी, जिसमें उम्मीदवारों को अपेक्षित भुगतान करने पर उनकी आवश्यकतानुसार ऑनलाइन आवेदन डेटा में आवश्यक सुधार/परिवर्तन करने के बाद आवेदन पुनःप्रस्तुत करने की अनुमति दी जाएगी। एडिट विंडो की तारीखें बैंक की वेबसाइट पर नियत समय में अधिसूचित की जाएंगी। उम्मीदवारों को आवेदन करने के पश्चात 'एडिट विंडो' में केवल निम्नलिखित फील्ड में दर्ज प्राथमिकताओं/ डेटा को बदलने की अनुमति दी जाएगी:

क. परीक्षा केंद्र

ख. पिता का नाम

ग. माता का नाम

उम्मीदवारों हेतु आवेदन पत्र में संशोधन/ सुधार करने के लिए 'एडिट विंडो' के संबंध में महत्त्वपूर्ण बिंदु:

i. केवल वही उम्मीदवार आवेदन पत्र में सुधार कर सकेंगे, जिन्होंने आवेदन पंजीकरण की निर्दिष्ट अवधि के भीतर आवश्यक शुल्क/ सूचना शुल्क के भुगतान के साथ सफलतापूर्वक अपना पूर्ण ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिया है।

ii. एक उम्मीदवार को संशोधित/ सुधारित आवेदन को केवल एक बार 'आवेदन पत्र को संशोधित/सुधार करने के लिए एडिट विंडो' के दौरान सुधारने और पुनःप्रस्तुत करने की अनुमति दी जाएगी, अर्थात यदि कोई उम्मीदवार अद्यतन आवेदन में गलती करता है तो कोई अद्यतन करने की अनुमति नहीं होगी। सुधारा हुआ आवेदन प्रस्तुत करने से पहले, उम्मीदवारों को यह जांचना चाहिए कि उन्होंने फॉर्म के प्रत्येक फ़ील्ड में सही विवरण भर दिए हैं।

iii. उम्मीदवारों द्वारा 'नाम', 'ईमेल आईडी', 'मोबाइल नंबर', 'पत्राचार का पता' या 'स्थायी पता', 'श्रेणी' और 'राष्ट्रीयता' फील्ड आदि के लिए मूल आवेदन में प्रस्तुत किए गए डेटा को एडिट नहीं किया जा सकता है।

iv. 'एडिट विंडो' के माध्यम से आवेदन फॉर्म को संशोधित/ सुधारने के लिए लागू शुल्क ₹200/- (जीएसटी सहित) है। यह सुधार शुल्क सभी उम्मीदवारों पर समान रूप से लागू होगा, चाहे उनकी श्रेणी कोई भी हो।

(शेष पृष्ठ 13 पर)

(पृष्ठ 12 का शेष)

एक बार जमा किया गया सुधार शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा के लिए समायोजित किया जाएगा।

v. लागू संशोधन शुल्क की प्राप्ति के बाद ही, केवल नवीनतम संशोधित आवेदन को वैध माना जाएगा।

vi. कई आवेदनों के मामले में, उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे केवल नवीनतम आवेदन को एडिट करें।

vii. 'उम्मीदवारों हेतु आवेदन पत्र को संशोधित/सुधार करने के लिए एडिट विंडो' की समाप्ति के बाद, किसी भी परिस्थिति में किसी परिवर्तन/ संशोधन/ सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

8.7 दस्तावेज स्कैन करने के लिए दिशानिर्देश:

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले यह जरूरी है कि उम्मीदवार निम्न विनिर्देशों के अनुसार अपने फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन की हुई (डिजिटल) इमेज बना लें:

क) फोटोग्राफ इमेज: (4.5 सेमी × 3.5 सेमी)

- फोटोग्राफ नवीनतम पासपोर्ट स्टाइल की कलर पिक्चर होनी चाहिए।
- सुनिश्चित करें कि फोटो कलर हो, और हल्के रंग के बैक ग्राउंड में ली गई हो, बैकग्राउंड सफेद हो तो बेहतर रहेगा।
- शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखें।
- यदि फोटो धूप में लिया जा रहा हो तो सूरज को अपने पीछे रखें या खुद को छाया में रखते हुए फोटो खिंचवाएं ताकि आपकी आंखें बंद नहीं हों और परछाई भी नहीं बने।
- यदि फ्लैश का प्रयोग किया हो तो 'रेड आई' नहीं आने पाए।
- यदि आप चश्मा लगाते हों तो ध्यान रखें कि चश्मे के लेन्स में से आपकी आंखें स्पष्ट दिखाई दें, रिफ्लेक्शन नहीं हो।
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे वाले फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। धार्मिक पगड़ी आदि की अनुमति है लेकिन इससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए।
- आकार 200 x 230 पिक्सेल (बेहतर)
- फाइल का साइज 20KB – 50KB के बीच रहे।
- यह सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 50KB से ज्यादा नहीं हो। यदि फाइल का साइज 50 KB से अधिक बन रहा हो तो स्कैनिंग के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदल लें।

ख) फोटोग्राफ कैप्चर:

- उपर्युक्त फोटोग्राफ के अलावा, उम्मीदवारों को अपनी लाइव फोटोग्राफ कैप्चर करने और अपलोड करना आवश्यक होगा, जो वे वेबकैम या मोबाइल फोन का उपयोग करके कर सकते हैं।
- "कैप्चर फोटो" विकल्प का चयन करने पर, उम्मीदवारों का वेबकैम सक्रिय हो जाएगा, जिससे वे अपनी तस्वीर खींच सकेंगे, जो आवेदन पत्र में स्वचालित रूप से अपलोड हो जाएगी।
- "स्कैन करने के लिए यहां क्लिक करें" विकल्प का चयन करने पर, उम्मीदवार अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं, जो एक वेबसाइट पर रीडायरेक्ट करेगा, जिससे वे अपने मोबाइल फोन पर फोटोग्राफ क्लिक कर सकेंगे। ली गई तस्वीर का चयन करने पर, फोटोग्राफ आवेदन पत्र में स्वचालित रूप से अपलोड हो जाएगा।

ग) फोटो कैप्चर करने के दौरान क्या करें और क्या न करें:

क्या करें:

- सुनिश्चित करें कि फोटो हल्के रंग की, अधिमानतः सफेद पृष्ठभूमि में ली गई हो और पर्याप्त रोशनी हो।
- वेबकैम/ कैमरे की ओर सीधे देखें।
- फोटो पासपोर्ट आकार की होनी चाहिए।

क्या न करें:

- छोटी आकार की तस्वीर नहीं खींची या अपलोड की जानी चाहिए।
- रंगीन चश्मा या धूप के चश्मे/ टोपी नहीं पहननी चाहिए।
- चेहरे पर छाया/ कैमरे की ओर चेहरा नहीं करना/ चेहरा विकृत होना/ चेहरे को मास्क से ढकना/ धुंधली तस्वीर।
- अंधेरे/ गलत पृष्ठभूमि में तस्वीर नहीं खींचनी चाहिए।

घ) हस्ताक्षर, बाएं हाथ का अंगूठा (एलटी) और हस्तलिखित घोषणा की इमेज:

- आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें:
  - o डायमेंशन 140 x 60 पिक्सल (बेहतर)
  - o हस्ताक्षर के लिए फ़ाइल का आकार 10kb – 20kb और बाएं हाथ के अंगूठे के निशान के लिए 20kb – 50kb के बीच होना चाहिए
  - o सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 20kb से अधिक नहीं है
- आवेदक को सफेद कागज पर काली या नीली स्याही से अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाना होगा:
  - o फ़ाइल प्रकार: jpg / jpeg
  - o डायमेंशन: 200 डीपीआई में 240 x 240 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए बेहतर) अर्थात 3 सेमी* 3 सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)
  - o फ़ाइल का आकार: 20 KB – 50 KB
- आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही से स्पष्ट रूप से अंग्रेजी में घोषणा लिखनी होगी:
  - o फ़ाइल प्रकार: jpg / jpeg
  - o डायमेंशन: 200 डीपीआई में 800 x 400 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए बेहतर) अर्थात 10 सेमी * 5 सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)
  - o फ़ाइल का आकार: 50 KB – 100 KB
- हस्तलिखित घोषणा के लिए पाठ निम्नानुसार है–

"I, _____ (Name of the candidate), hereby declare that all the information submitted by me in the application form is correct, true and valid. I will present the supporting documents as and when required."

- उक्त हस्तलिखित घोषणा उम्मीदवार की लिखावट में तथा केवल अंग्रेज़ी में होनी चाहिए। यदि यह किसी और द्वारा लिखी तथा अपलोड की जाएगी अथवा किसी अन्य भाषा में होगी तो आवेदन को अवैध समझा जाएगा। (दृष्टिबाधित उम्मीदवार जो स्वयं नहीं लिख सकते वे घोषणा टाईप करवा लें तथा टाईप की गई घोषणा के नीचे अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाएं तथा विनिर्दिष्ट किए अनुसार दस्तावेज़ अपलोड करें।)
- हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा आवेदक की होनी चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति की।
- हस्ताक्षर का प्रयोग कॉल लैटर पर, तथा जहां कहीं भी आवश्यक होगा, किया जाएगा।
- यदि परीक्षा के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक अथवा कॉल लैटर पर आवेदक का हस्ताक्षर अपलोड किए गए हस्ताक्षर से नहीं मिलता है तो आवेदक को अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।
- कैपिटल लैटर में हस्ताक्षर/हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगी।

ङ) दस्तावेज़ों की स्कैनिंग:

- स्कैनर के रेज़ोल्यूशन को न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इंच) पर रखें।
- कलर को True Color पर रखें।
- फाइल का आकार उपर्युक्तानुसार रहे
- स्कैनर में फोटोग्राफ/ हस्ताक्षर /बाएं हाथ के अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा की इमेज पर एकदम किनारे पर क्रॉप करें, फिर इमेज को अंतिम आकार (ऊपर बताए अनुसार) में क्रॉप करने के लिए अपलोड एडिटर का प्रयोग करें।
- इमेज फाइल को JPG या JPEG फॉर्मेट में तैयार करें। उदाहरण के लिए फाइल का नाम : image01.jpg या image01.jpeg। इमेज के डायमेंशन को फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा या फाइल इमेज के आइकॉन पर माउस ले जा कर देख सकते हैं।
- एमएस विंडोज/एमएस ऑफिस का उपयोग करने वाले उम्मीदवार एमएस पेंट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग करके आसानी से .jpeg फॉर्मेट में दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी फॉर्मेट में स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को File मेनू में 'Save As' विकल्प का उपयोग करके .jpg / .jpeg फॉर्मेट में सेव किया जा सकता है। आकार को crop और फिर resize विकल्प का उपयोग करके समायोजित किया जा सकता है।

च) दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया:

- ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवार को फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक प्रदान किए जाएंगे।
- संबंधित लिंक पर क्लिक करें- "फोटोग्राफ / हस्ताक्षर अपलोड करें / बाएं हाथ के अंगूठे का निशान / हस्तलिखित घोषणा अपलोड करें"
- ब्राउज करें और उस लोकेशन का चयन करें जहां स्कैन किया गया फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/बाएं हाथ के अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा की फाइल को सेव किया गया है।
- फ़ाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें
- 'ओपन/अपलोड' पर क्लिक करें
- यदि फ़ाइल का आकार और फॉर्मेट निर्धारित किए अनुसार नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा।
- अपलोड की गई इमेज का प्रिव्यू इमेज की गुणवत्ता देखने में मदद करेगा। अस्पष्ट/धुंधला होने की स्थिति में, इसे अपेक्षित स्पष्टता/गुणवत्ता के अनुसार पुनः अपलोड किया जाए।

नोट –

यदि आप अपना फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान तथा हस्तलिखित घोषणा विनिर्दिष्ट किए अनुसार अपलोड नहीं करेंगे तो आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

i. यदि फोटोग्राफ में आपका चेहरा अथवा हस्ताक्षर अथवा बाएं हाथ के अंगूठे का निशान अथवा हस्तलिखित घोषणा अस्पष्ट/धुंधली हो तो उम्मीदवार का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

ii. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में फोटोग्राफ/ हस्ताक्षर/ बाएं हाथ के अंगूठे का निशान/ हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के बाद उम्मीदवार यह जांच लें कि इमेज स्पष्ट हैं तथा सही तरीके से अपलोड की गई हैं। यदि फोटोग्राफ अथवा हस्ताक्षर अथवा बाएं हाथ के अंगूठे का निशान अथवा हस्तलिखित घोषणा स्पष्ट रूप से दिखाई न दे तो उम्मीदवार आवेदन को एडिट करें तथा आवेदन फॉर्म प्रस्तुत करने से पहले अपने फोटोग्राफ अथवा हस्ताक्षर पुनः अपलोड करें।

iii. उम्मीदवार यह भी सुनिश्चित करें कि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड किया गया है। यदि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर उचित रूप से अपलोड नहीं किए गए हैं तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

iv. उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किए जाने वाले फोटो और हस्ताक्षर अपेक्षित आकार के हैं और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

v. यदि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड नहीं किया गया है तो परीक्षा में प्रवेश अस्वीकार / वंचित कर दिया जाएगा। इसके लिए उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होगा/होगी।

vi. ऑनलाइन पंजीकरण के बाद उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट निकाल लें।

अस्वीकरण

यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंड/ मानकों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाया है, परीक्षा के दौरान अनुचित व्यवहार में शामिल हुआ है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। पात्रता, ऑनलाइन/ लिखित परीक्षा/ परीक्षाओं के संचालन, अन्य परीक्षाओं और चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बैंक द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(शेष पृष्ठ 14 पर)

(पृष्ठ 13 का शेष)

अनुलग्नक I

I. सांकेतिक पाठ्यक्रम - कनिष्ठ अभियंता (सिविल)

Paper I: Building materials, Estimating, Costing and Valuation, Surveying, Soil Mechanics, Hydraulics, Transportation Engineering, Environmental Engineering.

(i) **Building Materials:** Physical and chemical properties, classification, standard tests, uses and manufacture/ quarrying of materials e.g. building stones, silicate based materials, cement (Portland), asbestos products, timber and wood based products, laminates, bituminous materials, paints, varnishes.

(ii) **Estimating, Costing and Valuation:** estimate, glossary of technical terms, analysis of rates, methods and unit of measurement, item of works-earthwork, Brickwork (Modular & traditional bricks), RCC work, shuttering, timber work, painting, flooring and plastering, boundary wall, brick building, water tank, septic tank, bar bending schedule, centre line method, mid-section formula, trapezoidal formula, Simpson's rule. Cost estimate of septic tank, flexible pavements, tube well, isolates and combined footings, steel truss, piles and piles caps. Valuation-value and cost, scrap value, salvage value, assessed value, sinking fund, depreciation and obsolescence, methods of valuation.

(iii) **Surveying:** Principles of surveying, measurement of distance, chain surveying, working of prismatic compass, compass traversing, bearings, local attraction, plane table surveying, theodolite traversing, adjustment of theodolite, leveling, definition of terms used in leveling, contouring, curvature and refraction corrections, temporary and permanent adjustments of dumpy level, methods of contouring, uses of contour map, tachometric survey, curve setting, earth work calculation, advanced surveying equipment.

(iv) **Soil Mechanics:** Origin of soil, phase diagram, definitions-void ratio, porosity, degree of saturation, water content, specific gravity of soil grains, unit weights, density index and interrelationship of different parameters, grain size distribution curves and their uses. Index properties of soils, Atterberg's limits, ISI soil classification and plasticity chart. Permeability of soil, coefficient of permeability, determination of coefficient of permeability, unconfined and confined aquifers, effective stress, quicksand, consolidation of soils. Principles of consolidation, degree of consolidation, preconsolidation pressure normally consolidated soil, e-log p curve, computation of ultimate settlement. Shear strength of soils, direct shear test, vane shear test, triaxial test. Soil compaction, laboratory compaction test, maximum dry density and optimum moisture content, earth pressure theories, active and passive earth pressures, bearing capacity of soils, plate load test, standard penetration test.

(iv) **Hydraulics:** Fluid properties, hydrostatics, measurements of flow, Bernoulli's theorem and its application, flow through pipes, flow in open channels, weirs, flumes, spillways, pumps and turbines.

(v) **Transportation Engineering:** Highway engineering-cross sectional elements, geometric design, types of pavements, pavement materials - aggregates and bitumen, different tests, Design of flexible and rigid pavements - Water Bound Macadam (WBM) and Wet Mix Macadam (WMM), gravel road, bituminous construction, rigid pavement joint, pavement maintenance, Highway drainage.

vi) **Environmental Engineering:** Quality of water, source of water supply, purification of water, distribution of water, need of sanitation, sewerage systems, circular sewer, oval sewer, sewer appurtenances, sewage treatments. Surface water drainage. Solid waste management - types, effects, engineered management system. Air pollution pollutants, causes, effects, control. Noise pollution - cause, health effects, control.

Paper II: Theory of structures. Concrete technology, RCC design and Steel design

(i) **Theory of structures:** Elasticity constants, types of beams-determinate and indeterminate, bending moment and shear force diagrams of simply supported, cantilever and over hanging beams. Moment of area and moment of inertia for rectangular and circular sections, bending moment and shear stress for tee, channel and compound sections, chimneys, dams and retaining walls, eccentric loads, slope deflection of simply supported and cantilever beams, critical load and columns, Torsion of circular section.

(ii) **Concrete Technology:** Properties, advantages and uses of concrete, cement aggregates, importance of water quality, water cement ratio, workability, mix design storage, batching, mixing, placement, compaction, finishing and curing of concrete, quality control of concrete, hot weather and cold weather concreting, repair and maintenance of concrete structures.

(iii) **RCC Design:** RCC beams-flexural strength, shear strength, bond strength, design of singly reinforced and double reinforced beams, cantilever beams. T-beams, lintels. One way and two way slabs, isolated footings. Reinforced brick works, columns, staircases, retaining wall, water tanks (RCC design questions may be based on both Limit State and Working Stress methods).

(iv) **Steel Design:** Steel design and construction of steel columns, beams, roof trusses, plate girders.

II. सांकेतिक पाठ्यक्रम - कनिष्ठ अभियंता (इलैक्ट्रिकल)

Paper I

1. Basics of Electrical Engineering
2. Lighting design of office areas
3. Transformers, working principles, protection types, preventive maintenance
4. Pumping systems.
5. Various type of motors, various starting methods of various types of motors
6. Substation design and layout including DG set installations.
7. Type of earthing, testing, lightening arrestor, etc.

Paper II

1. Basic 'knowledge of' air conditioning & refrigeration
2. Inverters, rectifiers, UPS systems
3. Energy conservation techniques
4. LT distribution system, cabling/ internal wiring system, panel design and faultfinding, preventive maintenance, etc.
5. Testing of electrical installation.
6. Basics of elevators, design, electrical safeties, protections controllers, etc.
7. Basics of CCTV system. Fire and Smoke Alarm system, UPS.
8. Knowledge of Indian Electricity Rules
9. Switchgears & protection used in HT/ LT installations.

अनुलग्नक II

भाषा दक्षता परीक्षा के लिए अंचलवार स्थानीय भाषाएं

पूर्वी क्षेत्र	ओड़िया, असमिया, बंगाली, मणिपुरी, खासी, नेपाली, हिंदी, मैथिली, बोडो, मिजो, अंग्रेजी (केवल नागालैंड/अरुणाचल प्रदेश राज्यों के उम्मीदवारों के लिए)
पश्चिम क्षेत्र	गुजराती, मराठी, कोंकणी
उत्तर क्षेत्र	पंजाबी, हिन्दी, उर्दू, कश्मीरी
दक्षिण क्षेत्र	कन्नड़, तमिल, मलयालम
मध्य क्षेत्र	हिन्दी, तेलुगु, मराठी

अनुलग्नक III

परीक्षा केंद्रों की सूची

क्षेत्र	परीक्षा केंद्र
पूर्व	कोलकाता, गंगटोक, कल्याणी, भुवनेश्वर, कटक, जोरहाट, तेजपुर, सिलचर, गुवाहाटी, अगरतला, शिलांग, इम्फाल, चुराचांदपुर, पटना, आरा, धनबाद, रांची
पश्चिम	अहमदाबाद/ गांधीनगर, सूरत/ बारडोली, वडोदरा/ आनंद, मुंबई/ ठाणे/ नवी मुंबई/ एमएमआर क्षेत्र, पुणे, छत्रपती संभाजी नगर, धुले, नासिक, कोल्हापुर, पणजी
उत्तर	चंडीगढ़/ मोहाली, पटियाला, फगवाड़ा, बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश), हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, देहरादून, रुड़की, नई दिल्ली/ एनसीआर , जम्मू, श्रीनगर, साम्बा, जयपुर
दक्षिण	बेंगलुरु, हुबली/ धारवाड़, मैसूर , चेन्नई, मदुरै, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम,
मध्य	भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रायपुर, भिलाई नगर, नागपुर, हैदराबाद, निज़ामाबाद, वारंगल, गुंटूर/ विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम

अनुलग्नक IV

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों द्वारा अपने दावे के समर्थन में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्र का फॉर्म

जाति प्रमाणपत्र का फॉर्म

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती*/कुमारी* ..... पुत्र/पुत्री*..... .... ग्राम*/शहर* ....जिला*/अनुमंडल*.....राज्य/संघराज्य क्षेत्र*..... में ..... जाति/जनजाति* के/की हैं, जिसे निम्नलिखित के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति* माना गया है:

@ संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950.

@ संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1950.

@ संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्यक्षेत्र) आदेश, 1951.

@ संविधान (अनुसूचित जनजाति) (संघ राज्यक्षेत्र आदेश), 1951.

[अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सूची (उपांतरण) आदेश, 1956 द्वारा यथा संशोधित), बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976]

@ संविधान (जम्मू एवं कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956.

@ संविधान (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जाति आदेश, 1959.

@ संविधान (दादरा एवं नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962.

@ संविधान (दादरा एवं नगर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962.

@ संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964.

@ संविधान (उत्तर प्रदेश) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1967.

(शेष पृष्ठ 15 पर)

(पृष्ठ 14 का शेष)

@ संविधान (गोवा, दमन एवं दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968.

@ संविधान (गोवा, दमन एवं दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968.

@ संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1970.

@ संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978.

@ संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978.

@ संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1989.

% 2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उन व्यक्तियों के मामले में लागू, जो एक राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से अन्य में आए हैं:

यह प्रमाणपत्र श्री/श्रीमती*..... पिता/माता श्री/श्रीमती/कुमारी*..... ग्राम/शहर*.....जिला/अनुमंडल*.....राज्य/संघ राज्यक्षेत्र* .....को, जो उस जाति/जनजाति* से आते हैं, जिसे ..... राज्य/संघ राज्यक्षेत्र* में अनुसूचित जाति/जनजाति* के रूप में माना जाता है, ...द्वारा दिनांक .....को जारी किए गए प्रमाणपत्र के आधार पर जारी किया गया है।

% 3. श्री*/श्रीमती*/कुमारी*.....और/या उनका* परिवार सामान्यतः राज्य/संघ राज्यक्षेत्र* .....के .....जिला/अनुमंडल* के ..... ग्राम/शहर* में निवास करता है।

हस्ताक्षर.....

** पदनाम.....

(कार्यालय की मुहर सहित)

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र

स्थान.....

दिनांक.....

*उन शब्दों को निकाल दें, जो लागू नहीं होते हैं।

@ कृपया राष्ट्रपति के विनिर्दिष्ट आदेश को उद्धृत करें।

% उस पैराग्राफ को हटा दें, जो लागू नहीं होता।

टिप्पणी: यहाँ प्रयुक्त "सामान्यतः निवास करता है" पद का अर्थ वही होगा, जो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20 में दिया गया है।

** उन प्राधिकारियों की सूची, जिन्हें अनुसूचित जाति/जनजाति प्रमाणपत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है:

1. जिला मजिस्ट्रेट/ अपर जिला मजिस्ट्रेट/ कलेक्टर/ उपायुक्त/ अपर उपायुक्त/ डिप्टी कलेक्टर/ फर्स्ट क्लास स्टाइपेंडरी मजिस्ट्रेट/ जिला मजिस्ट्रेट/ अनुमंडल मजिस्ट्रेट/ तालुका मजिस्ट्रेट/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त सहायक उपायुक्त। (फर्स्ट क्लास स्टाइपेंडरी मजिस्ट्रेट से नीचे की पंक्ति का नहीं)
2. मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट।
3. राजस्व अधिकारी, जो तहसीलदार से नीचे की पंक्ति का नहीं हो।
4. उस क्षेत्र का अनुमंडल अधिकारी, जहाँ उम्मीदवार और/या उसका परिवार सामान्यतः निवास करता है।
5. प्रशासक/ प्रशासक का सचिव/ विकासअधिकारी (लक्षद्वीप द्वीप समूह)।

नोटः निर्धारित प्रपत्र समय-समय पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की सूचियों में संशोधन/ परिवर्तन के अधीन है।

अनुलग्नक V

भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्र का फॉर्म

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी .....पुत्र/पुत्री ..... . ग्राम/शहर.....जिला/ अनुमंडल..... राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र ..... में .....समुदाय के/की हैं, जिसे भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिनांक* .....के संकल्प सं. ..... के अंतर्गत पिछड़ा वर्ग के रूप में माना गया है।

श्री/श्रीमती/कुमारी ..... और/या उनका परिवार सामान्यतः ..... राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र के .....जिला/अनुमंडल में निवास करता है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वे भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.1993** के कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93-Estt. (SCT) की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) में से नहीं हैं।

जिला मजिस्ट्रेटः.....

उपायुक्त आदिः .....

दिनांकः

मुहरः

*प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी को भारत सरकार के उस संकल्प के ब्यौरे बताने हैं, जिसमें उम्मीदवार की जाति का उल्लेख अपिव के रूप में किया गया है।

** समय समय पर यथा संशोधित

नोटः यहाँ प्रयुक्त "सामान्यतः" पद का अर्थ वही होगा, जो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20 में दिया गया है।

नोटः निर्धारित प्रपत्र भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर संशोधन/परिवर्तन के अधीन है।

अनुलग्नक VI

.....सरकार

(प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी का नाम और पता)

आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आय एवं परिसंपत्ति प्रमाणपत्र

प्रमाणपत्र सं..... तारीखः .....

वर्ष.....के लिए मान्य

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..... पुत्र/पुत्री/पत्नी ....., जो गाँव/गली..... डाकघर ..... जिला.....राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र.....पिन कोड..... के स्थायी निवासी हैं, जिनका फोटोग्राफ नीचे अनुप्रमाणित किया गया है, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग के हैं, क्योंकि .....वित्तीय वर्ष के लिए उनके "परिवार"** की कुल वार्षिक आय* रु. 8 लाख (आठ लाख रुपये मात्र) से कम है। उनके परिवार का निम्नलिखित में से किसी भी परिसंपत्ति*** पर स्वामित्व या कब्जा नहीं है।

I. 5 एकड़ और उससे अधिक की कृषि भूमि;

II. 1000 वर्ग फीट और उससे अधिक का रिहाइशी फ्लैट;

III. अधिसूचित नगरपालिकाओं में 100 वर्ग गज और उससे अधिक का आवासीय भूखंड;

IV. अधिसूचित नगरपालिकाओं से भिन्न क्षेत्रों में 200 वर्ग गज और उससे अधिक का आवासीय भूखंड।

2. श्री/श्रीमती/कुमारी .....जाति के हैं, जिसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (केंद्रीय सूची) के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है।

हस्ताक्षर और कार्यालय की मुहर_____

नाम_____

पदनाम_____

आवेदक का हाल का खींचा गया पासपोर्ट आकार का अनुप्रमाणित फोटोग्राफ

*नोट 1:. आय में सभी स्रोतों से आय शामिल हैं, अर्थात् वेतन, कृषि, कारोबार, पेशा आदि।

**नोट 2: इसके प्रयोजनार्थ "परिवार" पद में वह व्यक्ति, जिसे आरक्षण का लाभ चाहिए एवं उसके माता-पिता और 18 वर्ष से कम आयु के उसके सहोदर भाई/बहन तथा उसकी पत्नी/पति और 18 वर्ष से कम आयु की उसकी संतानें भी शामिल हैं।

***नोट 3: किसी "परिवार" द्वारा विभिन्न स्थानों या भिन्न-भिन्न स्थानों/नगरों में धारित संपत्ति को ईडबल्यूएस की हैसियत का निर्धारण करने के लिए भूमि या संपत्ति-धारण का परीक्षण करते समय एक साथ मिला लिया गया है।

अनुलग्नक VII

किसी परीक्षार्थी के लिखने में शारीरिक कठिनाई के संबंध में प्रमाण पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि, मैंने श्री/श्रीमती/श्रीमती .....(दिव्यांग उम्मीदवार का नाम), जिन्हें .....(दिव्यांगता प्रमाण पत्र में उल्लिखित दिव्यांगता की प्रकृति और प्रतिशत) है, पुत्र/पुत्री ..... निवासी (ग्राम/जिला/राज्य) ....की जांच की है और यह उल्लिखित किया जाता है कि उन्हें शारीरिक कठिनाइयाँ हैं जो उनकी दिव्यांगता के कारण उनकी लेखन क्षमताओं में बाधा डालती हैं।

हस्ताक्षर

सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ सिविल सर्जन/ चिकित्सा अधीक्षक

नाम और पदनाम

मुहर सहित सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य सेवा केंद्र का नाम

स्थानः

दिनांकः

नोटः

प्रमाण पत्र संबंधित स्ट्रीम/ दिव्यांगता के विशेषज्ञ द्वारा दिया जाना चाहिए (उदाहरणार्थ, दृष्टिहीनता - आफ्थैल्मालजिस्ट, लोकोमोटर दिव्यांगता – ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ/पीएमआर)।

अनुलग्नक VIII

स्वयं के स्क्राइब का उपयोग करने के संबंध में वचनपत्र

मैं ....., एक ..... (दिव्यांगता का नाम) उम्मीदवार, जिला ....., ...(राज्य का नाम) में .....(केंद्र का नाम) में ....(परीक्षा का नाम) के लिए उपस्थित हो रहा/रही हूँ, जिसका अनुक्रमांक ....है। मेरी अर्हता .....है।

मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि .....(स्क्राइब का नाम) उपर्युक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए मेरे स्क्राइब/ रीडर/ प्रयोगशाला सहायक के रूप में सेवा प्रदान करेंगे/करेंगी।

मैं एतदद्वारा यह प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि उनकी अर्हता.....। यदि बाद

(शेष पृष्ठ 16 पर)

(पृष्ठ 15 का शेष)

में यह पाया जाता है कि उनकी अर्हता मेरे द्वारा घोषित अर्हता के अनुरूप नहीं है और मेरी अर्हता से अधिक है, तो मैं पद और उससे संबंधित दावों के अपने अधिकार को खो दूँगा/दूँगी।

(दिव्यांग उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

स्थान:

दिनांक:

अनुलग्नक IX

ऐसी विनिर्दिष्ट दिव्यांगता वाले व्यक्ति, जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2(घ) में दी गई परिभाषा के तहत कवर किए गए हैं लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(द) में दी गई परिभाषा के तहत कवर नहीं किए गए हैं, अर्थात् वे व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता 40% से कम है और जिन्हें लिखने में कठिनाई है, के लिए प्रमाण पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि, हमने श्री/सुश्री/श्रीमती ..... (उम्मीदवार का नाम), पुत्र/पुत्री ....., निवासी ..... (गांव/पीओ/पीएस/जिला/राज्य), आयु ..... वर्ष, एक व्यक्ति जो ..... (दिव्यांगता/स्थिति की प्रकृति) हैं, की जांच की है और यह सूचित किया जाता है कि उसकी/उसे ऐसी सीमा है जो उसकी उपर्युक्त स्थिति के कारण उसकी लेखन क्षमता को बाधित करती है। उसे परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब की सहायता की आवश्यकता है।

2. उपर्युक्त उम्मीदवार प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, हियरिंग एड (नाम निर्दिष्ट करें) जैसे सहायक और सहायक उपकरण का उपयोग करता है, जो उम्मीदवार के लिए स्क्राइब की सहायता से परीक्षा में उपस्थित होने के लिए आवश्यक है।

3. यह प्रमाण पत्र केवल भर्ती एजेंसियों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों द्वारा आयोजित लिखित परीक्षाओं में उपस्थित होने के उद्देश्य से जारी किया गया है और यह _____ तक वैध है (यह अधिकतम छह महीने या उससे कम की अवधि के लिए वैध है जैसा कि चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाए)

चिकित्सा प्राधिकारी के हस्ताक्षर

(हस्ताक्षर तथा नाम)	(हस्ताक्षर तथा नाम)	(हस्ताक्षर तथा नाम)	(हस्ताक्षर तथा नाम)	(हस्ताक्षर तथा नाम)
ऑर्थोपेडिक / पीएमआर विशेषज्ञ	क्लीनिकल साइकॉलजिस्ट/ रिहैबिलिटेशन साइकॉलजिस्ट साइकिअट्रिस्ट / स्पेशल एजुकेटर	न्यूरोलॉजिस्ट (यदि उपलब्ध हो)	ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट (यदि उपलब्ध हो)	अध्यक्ष द्वारा मनोनीत अन्य विशेषज्ञ (यदि कोई हो)
(हस्ताक्षर तथा नाम)				
मुख्य चिकित्सा अधिकारी / सिविल सर्जन / मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी ..... अध्यक्ष				

मुहर सहित सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य सेवा केंद्र का नाम

स्थान:

दिनांक:

अनुलग्नक X

ऐसी विनिर्दिष्ट दिव्यांगता वाले व्यक्ति, जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2(घ) में दी गई परिभाषा के तहत कवर किए गए हैं लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(द) में दी गई परिभाषा के तहत कवर नहीं किए गए हैं, अर्थात् वे व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता 40% से कम है और जिन्हें लिखने में कठिनाई है, द्वारा दिया जाने वाला वचन पत्र

मैं _____, एक_____(दिव्यांगता/ स्थिति की प्रकृति) उम्मीदवार, जिला _____, _____(राज्य का नाम) में _____ (केंद्र का नाम) में _____(परीक्षा का नाम) के लिए उपस्थित हो रहा/रही हूँ, जिसका अनुक्रमांक _____ है। मेरी अर्हता _____ है।

2. मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि _____ (स्क्राइब का नाम) उपर्युक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए मेरे स्क्राइब के रूप में सेवा प्रदान करेंगे/करेंगी।

3. मैं एतद्द्वारा वचन देता/देती हूँ कि उसकी अर्हता _____ है। यदि, बाद में यह पाया जाता है कि उसकी अर्हता अधोहस्ताक्षरी द्वारा किए गए घोषणा के अनुरूप नहीं है और मेरी अर्हता से अधिक है। मैं इस पद या प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री और उससे संबंधित दावों पर अपना अधिकार खो दूँगा/दूँगी।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

(यदि उम्मीदवार अवयस्क है तो माता-पिता/अभिभावक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर)

स्थान:

दिनांक:

अनुलग्नक XI

भूतपूर्व सैनिक श्रेणियों में उम्मीदवारों से प्राप्त किए जाने वाले फॉर्म

फॉर्म – ए

सेवा-मुक्त/सेवानिवृत्त कार्मिक के लिए लागू प्रमाणपत्र का फॉर्म

यह प्रमाणित किया जाता है कि नं..... रैन्क ..... नाम..... , जिसकी जन्मतिथि ..... है, ने .....से .....तक थल/नौ/वायु सेना में सेवा की है।

2. इन्हें सैन्य सेवा से कार्यमुक्त किया गया है:

क) नियोजन के पूरा होने पर जिसमें निम्नलिखित शामिल नहीं है

(i) बर्खास्तगी, या

(ii) कदाचार या अकुशलता के कारण डिस्चार्ज, या

(iii) बिना पेन्शन के उनके स्वयं के अनुरोध पर, या

(iv) इस प्रकार की कार्यमुक्ति लंबित रहने तक रिज़र्व में स्थानांतरित नहीं किया गया है।

ख) सैन्य सेवा के दौरान शारीरिक दिव्यांगता के कारण।

ग) कम-से-कम पाँच साल की सैन्य सेवा करने के बाद इनवैलिडमेन्ट होने पर

3. वह भूतपूर्व सैनिक (केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों पर पुन: रोजगार) नियमावली, 1979, समय-समय पर यथा संशोधित, की परिभाषा के दायरे में आते हैं।

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर,

नाम और पदनाम**

मुहर

स्थान:

तारीख:

जो पैरा लागू नहीं हो उसे हटा दिया जाए।

फॉर्म - बी

सेना में कार्यरत कार्मिक हेतु प्रमाणपत्र का फॉर्म

(ऐसे सेवारत कार्मिक के लिए जो एक साल के भीतर कार्यमुक्त होने वाला है)

यह प्रमाणित किया जाता है कि नं. .....रैन्क ..... नाम..... थल/नौ/वायु सेना में ..... से कार्यरत हैं।

2. वह अपने नियोजन की निर्धारित अवधि पूरी होने पर ..... को कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

3. उनके खिलाफ कोई अनुशासनिक कार्रवाई लंबित नहीं है।

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर,

नाम और पदनाम**

मुहर

स्थान:

तारीख:

फॉर्म – सी

ऐसे सेवारत सशस्त्र बल कार्मिकों द्वारा दिया जाने वाला वचनपत्र जो एक साल के भीतर कार्यमुक्त हो जाएंगे

मैं समझता/समझती हूँ कि इस आवेदन का जिस भर्ती/परीक्षा से संबंध है उसके आधार पर यदि चयन हो जाता है, तो मेरी नियुक्ति इस शर्त के अधीन होगी कि नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी की संतुष्टि के लिए इस आशय का दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करूं कि सशस्त्र बलों से मुझे विधिवत कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त/डिस्चार्ज कर दिया गया है और मैं भूतपूर्व सैनिक (केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों पर पुन: रोजगार) नियमावली,1979, समय-समय पर यथासंशोधित, के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों को प्राप्त होने वाले लाभों का/की पात्र हूँ।

2. मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि इस नियुक्ति से पहले यदि किसी भी समय मैंने रिक्तियों के लिए भूतपूर्व सैनिक को प्राप्त होने वाले आरक्षण की रियायत का लाभ लेते हुए सिविल साइड (सरकारी उपक्रमों, स्वायत्त निकायों/सांविधिक निकायों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, आदि सहित) में कोई रोजगार प्राप्त कर लिया है तो इस परीक्षा के तहत भर्ती के संबंध में भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षित रिक्ति पर नियुक्ति का/की पात्र नहीं रहूँगा/रहूँगी।

स्थान:

तारीख :

उम्मीदवार का नाम और हस्ताक्षर

फॉर्म – डी

ऐसे सेवारत सशस्त्र बल कार्मिकों के लिए अनुमेय प्रमाणपत्र का फॉर्म जो अपने आरंभिक नियोजन की अवधि पहले ही पूरी कर चुके हैं और जो विस्तारित नियोजन पर हैं।

यह प्रमाणित किया जाता है कि नं. ..... रैन्क ..... नाम..... , जिसकी जन्मतिथि ..... है, ...से थल/नौ/वायु सेना में सेवारत हैं।

2. वह ..... को अपना पाँच वर्ष का आरंभिक नियोजन पहले ही पूरा कर चुके हैं और ..... तक विस्तारित नियोजन पर हैं।

3. सिविल रोजगार हेतु उनके आवेदन पर कोई आपत्ति नहीं है और चयन हो जाने पर नियुक्ति प्रस्ताव पत्र की प्राप्ति की तारीख के बाद तीन माह के नोटिस पर उसे कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर,

नाम और पदनाम**

मुहर

स्थान:

तारीख:

** सशस्त्र बल कार्मिकों को आयु में रियायत का प्रमाणपत्र जारी करने हेतु सक्षम प्राधिकारी निम्नानुसार हैं:

(क) ईसीओ/एसएससीओ सहित कमीशन्ड अधिकारियों के मामले में: थलसेना: सेना सचिव शाखा, थलसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; नौसेना: कार्मिक निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; वायुसेना: कार्मिक अधिकारी निदेशालय, वायुसेना मुख्यालय, नई दिल्ली।

(ख) जेसीओ/ओआर और इनके समकक्ष जलसेना और वायुसेना के मामले में: थलसेना: विभिन्न रेजिमेन्टल रिकॉर्ड कार्यालयों द्वारा; नौसेना: बीएबीएस, मुंबई द्वारा; वायुसेना: वायुसेना रिकॉर्ड, नई दिल्ली द्वारा।

मुख्य अभियंता
इंजीनियरिंग विभाग, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़

पहली मंज़िल, डीलक्स बिल्डिंग, सेक्टर-9-D, चंडीगढ़-160009
टेलीफोन नं. 0172 2740091, 2740192 फैक्स 0172 2740276
ई-मेल आईडी : ce-chd@nic.in

रिक्ति परिपत्र

इंजीनियरिंग विभाग, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़, दिनांक 27.11.2017 को अधिसूचित भर्ती नियमों में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुसार, प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित रिक्ति को भरने का इच्छुक है. यह नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त या सांविधिक संगठनों के अधिकारियों में से तीन वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है:

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान	समूह
1	अधीक्षण अभियंता (सिविल)	01	रु. 37400-67000 + 8700 GP (संशोधन-पूर्व वेतनमान) (अब केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार Level-13, रु. 123100-215900)	समूह-ए

प्रतिनियुक्ति के आधार पर इस पद के लिए आवेदन करने हेतु, अधिसूचित RRs के अनुसार विस्तृत पात्रता मानदंड और आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज की सूची **(Annexure-I)** कृपया चंडीगढ़ प्रशासन की वेबसाइट, यानी **Chandigarh.gov.in/ Public Notice** पर देखें.

योग्य और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन, जिन्हें तुरंत कार्यमुक्त किया जा सकता है, निर्धारित प्रारूप **(अनुलग्नक-ए)** में उचित माध्यम से ऊपर बताए गए पते पर भेजे जाएं, ताकि वे 'रोजगार समाचार' **(02.05.2026 से 08.05.2026)** में विज्ञापन प्रकाशित होने की **अगली तारीख से 45 दिनों (छह सप्ताह)** के भीतर या उससे पहले वहां पहुंच जाएं. आवेदनों के साथ पिछले पांच वर्षों के ACRs/APARs की फोटोकॉपी भी संलग्न होनी चाहिए, जो 'अवर सचिव' या समकक्ष रैंक के किसी अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित हों. आवेदनों को भेजते समय, कृपया यह प्रमाणित किया जाए कि अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी सही है, और अधिकारी के विरुद्ध कोई भी अनुशासनात्मक या सतर्कता संबंधी मामला न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है; साथ ही, अधिकारी की सत्यनिष्ठा को भी 'अवर सचिव' या समकक्ष रैंक के किसी अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाए **(अनुलग्नक-II)**. यह भी पुष्टि की जाए कि यदि संबंधित अधिकारी का चयन हो जाता है, तो उसे उसके वर्तमान कर्तव्यों से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

जिन आवेदनों/सीवी के साथ उम्मीदवारों द्वारा दावा की गई योग्यता और अनुभव के समर्थन में जरूरी प्रमाणपत्र/दस्तावेज नहीं होंगे, उन पर उम्मीदवारों की पात्रता तय करने के लिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी. इसका मतलब है कि अधूरे आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तुरंत खारिज कर दिया जाएगा.

आवेदकों की पात्रता तय करने के लिए जरूरी तारीख की गणना 'रोजगार समाचार' में रिक्ति/पद के प्रकाशन की पहली तारीख को छोड़कर की जाएगी. उदाहरण के लिए, 'रोजगार समाचार' में **02.05.2026** को प्रकाशित रिक्ति के लिए, जरूरी तारीख की गणना **03.05.2026** से की जाएगी (प्रकाशन की पहली तारीख को छोड़कर), और उचित माध्यम से आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख **16.06.2026** है.

कृपया ध्यान दें कि जो उम्मीदवार प्रतिनियुक्ति के आधार पर इस पद के लिए आवेदन करेंगे, उन्हें बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

(मोहित सिंघल)
कार्यकारी अभियंता (W&E),
मुख्य अभियंता कार्यालय, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़.
मोबाइल नंबर: 9815666007

EN 5/3

संख्या: **A-16013/01/2026-Ad.V**
भारत सरकार

गृह मंत्रालय

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय
जनगणना भवन, 2/ए, मानसिंह रोड, नई दिल्ली

दिनांक: 06.03.2026

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय, नई दिल्ली तथा डीसीओ में प्रतिनियुक्ति/समावेशन के आधार पर 'सीनियर ट्रांसलेटर' के 06 पदों को भरे जाने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 में **'सीनियर ट्रांसलेटर' के 06** पदों को प्रतिनियुक्ति/समावेशन आधार पर भरने के लिए उपयुक्त अभ्यर्थियों से, उचित माध्यम के जरिए आवेदन आमंत्रित करता है.

इच्छुक अभ्यर्थी इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों** के भीतर अपने आवेदन उचित माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं. आवेदन प्रपत्र, पद का विवरण, पात्रता मानदंड, वेतन-भत्ते, आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा अन्य नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी ORGI की आधिकारिक वेबसाइट **https://censusindia.gov.in** पर उपलब्ध है.

(के. कुलकर्णी)
भारत सरकार के अवर सचिव

CBC 19108/11/0049/2627 **EN 5/29**

भा.कृ.अनु.प.-कृषि विज्ञान केन्द्र प्रतापगढ़

कृषि विज्ञान केन्द्र में निम्नलिखित पदों हेतु योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आमंत्रित है

पद का नाम	योग्यता
1. वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड-01 पद वेतन स्तर : लेवल-13ए (रू. 131400-217100) 7वें वेतन आयोग/ICAR मानदंडानुसार (पे बैण्ड-4, 37400-97000, ग्रेड पे-9000) पूर्व संशोधित **आयु सीमा : अधिकतम 47 वर्ष** (डॉ. अखिलेख कुमार श्रीवास्तव बनाम आईसीएआर और 03 अन्य द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच, लखनऊ (यूपी) में दायर रिट याचिका संख्या 11004/2025 के परिणाम के अधीन नियुक्ति/चयन किया जाएगा।)	**आवश्यक योग्यताएँ:** प्रासंगिक विषय में डॉक्टरेट की डिग्री, जिसमें प्रासंगिक बुनियादी विज्ञान भी शामिल है, और प्रासंगिक विषय में वैज्ञानिक/व्याख्याता/विस्तार विशेषज्ञ के रूप में या समकक्ष पद पर 8 वर्ष का अनुभव, वेतन बैंड-3 (15600-39100 रुपये) में, ग्रेड पे 5400/6000/7000/8000 रुपये के साथ, अनुसंधान/शिक्षण/विस्तार शिक्षा में योगदान, जैसा कि प्रकाशित कार्यों/नवाचारों और प्रभाव से प्रमाणित होता है।
2. विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान)-01 पद वेतन स्तर : 7वें सीपीसी का स्तर-10 (₹ 56100-177500)/ICAR मानदंडानुसार (पे बैण्ड-3, 15600-39100, ग्रेड पे-5400) पूर्व संशोधित **आयु सीमा : अधिकतम 35 वर्ष**	**आवश्यक योग्यताएँ:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मृदा विज्ञान या कृषि से संबंधित विज्ञान/सामाजिक विज्ञान की किसी अन्य शाखा में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष योग्यता। **वांछनीय :** संबंधित विषय में पीएचडी/नेट और कृषि विज्ञान केन्द्र में न्यूनतम दो वर्ष का कार्य अनुभव।

निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियों और आवेदन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट रू. 1000/- के साथ, **राजा दिनेश सिंह कृषि विज्ञान केंद्र** के पक्ष में एसबीआई आलापुर में देय अनुरोध पत्र, रोजगार समाचार तथा क्षेत्रीय समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर पहुंच जाना चाहिए। फॉर्म प्राप्त करने के लिए कृपया इस ईमेल आई पर अनुरोध करें- **recruitmentkvkpratapgarh@gmail.com**

पता :- चेयरपरसन
राजा दिनेश सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र
अवधेशपुरम् (ऐंठू), कालाकांकर, जिला-प्रतापगढ़-229408

EN 5/11

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर

(भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय)
बासनी, जोधपुर (राजस्थान) पिनकोड : 342005
वेबसाइट: https://www.aiimsjodhpur.edu.in, फोन नं. : 0291-2740741

AIIMS.JDH/Admn/RECT/Deputation/01/2026

एम्स, जोधपुर में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित) के आधार पर चिकित्सा अधीक्षक पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन की अंतिम तिथि को **14.05.2026** तक बढ़ाया जाता है.

क्र.सं.	पद का नाम	ग्रुप	वेतनमान	कुल पद
1.	चिकित्सा अधीक्षक	A	Level 14 as per 7th CPC	01

नोट:-

1. पदों की संख्या अस्थायी है, और संस्थान की आवश्यकतानुसार बदली जा सकती है.

विस्तृत विज्ञापन और आवेदन पत्र संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **https://www.aiimsjodhpur.edu.in** पर उपलब्ध होंगे.

EN 5/21 **वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी**

संख्या : 12023/3/2020 Admn I
भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

मत्स्यपालन विभाग निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद का नाम, वर्गीकरण एवं वेतनमान	रिक्तियों की संख्या	भर्ती की विधि	आवेदन भेजने का पता
1.	**सहायक आयुक्त (फिशिंग हार्बर)**, साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'A', राजपत्रित, मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय PB-3, रु. 15600-39100 + 6600/- (ग्रेड पे) संशोधित वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (रु. 67700-208700/-) (7वें सीपीसी)	01	समग्र विधि [प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) + पदोन्नति]	अवर सचिव (प्रशासन), प्रथम तल, चंद्रलोक भवन, 36 जनपथ, नई दिल्ली-110001

2. पात्रता मानदंड, अर्थात शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, बायोडाटा प्रारूप आदि के लिए अभ्यर्थियों को इस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **www.dof.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है. इस पद के लिए आवेदन, सभी दृष्टियों से पूर्ण होकर, विधिवत माध्यम से उपर्युक्त पते पर इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों** के भीतर भेजे जाने चाहिए..

3. आवेदन युक्त लिफाफे पर आवेदन किए गए पद का नाम मोटे अक्षरों में अंकित होना चाहिए.

(ए.के. सिंह)
भारत सरकार के अवर सचिव
ईमेल आईडी : admn-fishery@dof.gov.in
दूरभाष : 011-2331 0345

EN 5/22

कृषि अर्थशास्त्र संभाग/Division of Agricultural Economics

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान - नई दिल्ली-110012
ICAR - Indian Agricultural Research Institute- New Delhi -110012

ऑनलाइन साक्षात्कार

कृषि अर्थशास्त्र संभाग, ICAR-IARI, नई दिल्ली-12 द्वारा **दिनांक 12 मई 2026 को प्रातः 10:30 बजे** से वीडियो कॉल के माध्यम से ऑनलाइन साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा. इस साक्षात्कार के माध्यम से दो (02) **सीनियर रिसर्च फेलो (SRF)** को अनुबंध आधार पर "Collaborative Research and Capacity Building Training for Agricultural Policy Analysis." तथा "Impact assessment of spreading happiness - DSR Acre Next Project" परियोजनाओं के अंतर्गत चयनित किया जाएगा.

इच्छुक अभ्यर्थी अपना विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, अंक तालिकाओं एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित स्कैन प्रतियां एकल PDF फाइल में **agecon.srf@gmail.com** पर **07 मई 2026 तक या उससे पूर्व** प्रेषित करें.

वीडियो कॉल का लिंक केवल चयनित (शॉर्टलिस्ट) अभ्यर्थियों को ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा. पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **http://www.iari.res.in** देखें.

EN 5/26 **(सहायक प्रशासनिक अधिकारी)**

इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी

अवंतीपोरा, कश्मीर
फोन- 01933-247954/247955
वेबसाइट www.iust.ac.in

विज्ञापन सूचना संख्या : 02/2026

दिनांक : 22-04-2026

इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कश्मीर के वास्तुकला विभाग में निम्नलिखित पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

क्र. सं.	पद का नाम एवं वेतन स्तर	पदों की संख्या	श्रेणी
01	प्रोफेसर (वास्तुकला) वेतन स्तर-14 (144200-218200)	01	UR

योग्यता एवं आवश्यकताएं

आवश्यक योग्यताएं:

I. वास्तुकला में पीएच.डी. डिग्री के साथ अच्छा शैक्षणिक अभिलेख.

II. वास्तुकला में स्नातक डिग्री या B.Arch के समकक्ष तथा वास्तुकला या उससे संबंधित विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री, दोनों स्तरों में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक के साथ.

III. शिक्षण/अनुसंधान/व्यावसायिक कार्य में चौदह वर्ष का अनुभव, जिसमें न्यूनतम पांच वर्ष का पूर्णकालिक शिक्षण अनुभव हो, अथवा उन्नीस वर्ष का व्यावसायिक अनुभव.

महत्वपूर्ण तिथियां:

ऑनलाइन आवेदन पत्र उपलब्ध होने की तिथि :	24-04-2026.
ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि :	18-05-2026 (4:30 PM).
आवेदन पत्र की हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि :	25-05-2026 (5:00 PM).

संख्या : IUST/Reg/Adm/ADV/26/154 कुलसचिव

दिनांक: 22-04-2026. EN 5/97

भाअजप्रा IWAI

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

Inland Waterways Authority of India

(पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
ए-13, सेक्टर-1, नोएडा - 201301 (उ.प्र.)
फोन: 0120-2544036, 2474050

नोटिस

दिनांक: 16.04.2026

संदर्भ: एम्प्लॉयमेंट नोटिस सं. IWAI-12013(11)/1/2022-Admn दिनांक 10.02.2026

उपरोक्त के संदर्भ में, प्रतिनियुक्ति आधार पर 03 वर्ष की अवधि के लिए **प्रिंसिपल प्राइवेट सेक्रेटरी (PPS)-01 / प्राइवेट सेक्रेटरी (PS)-02/ पर्सनल असिस्टेंट (PA)-01** के रिक्त पदों को भरने हेतु आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तिथि को बढ़ाकर 12 मई, 2026 तक** कर दिया गया है.

अधिक जानकारी के लिए कृपया IWAI की वेबसाइट **www.iwai.nic.in** पर देखें.

EN 5/16 सचिव

आज़ादी का अमृत महोत्सव

फाइल संख्या: ए-35020/4/2023-स्थापना (कं.सं. 3840)

भारत सरकार / Government of India

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान

Institute of Secretariat Training & Management

(एक आईएसओ 9001:2015 संस्था / AN ISO 9001:2015 INSTITUTION)

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग / Department of Personnel & Training

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति आधार पर विभिन्न संकाय पदों को भरा जाना संबंधी.

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान में निम्नलिखित संकाय पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पदों के विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्रम संख्या	पदनाम	रिक्ति संख्या	वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत वेतन लेवल	पात्र वर्ग
(i)	अपर निदेशक	01	वेतन मैट्रिक्स में लेवल 13 (रु. 123100- रु. 215900)	केंद्र सरकार या राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों या विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा स्वायत्त या सांविधिक संगठनों में कार्यरत अधिकारी.
(ii)	संयुक्त निदेशक (व्यावहारिक प्रशिक्षण)	01	वेतन मैट्रिक्स में लेवल 12 (रु. 78800-रु. 209200)	केंद्र सरकार या राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सरकारी विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सांविधिक या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत अधिकारी.
(iii)	उप निदेशक (अर्थशास्त्र और योजना)	01	वेतन मैट्रिक्स में लेवल 11 (रु. 67700-रु. 208700)	केंद्र सरकार या राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों या विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा स्वायत्त या सांविधिक संगठनों में कार्यरत अधिकारी.
(iv)	सहायक निदेशक (कार्यालय प्रबंधन)	01	लेवल 08 (रु. 47600- रु. 151,100)	केंद्र सरकार में कार्यरत अधिकारी.

2. नियुक्त किए जाने पर अधिकारी या तो "प्रतिनियुक्त पद का वेतन" अथवा उसके "मूल विभाग / संवर्ग में प्राप्त मूल वेतन" और समय-समय पर भारत सरकार द्वारा मूल वेतन पर निर्धारित किए गए दर के अनुसार "उस पर प्रशिक्षण भत्ता" प्राप्त करने के/की हकदार होंगे /होंगी. (वर्तमान में प्रशिक्षण भत्ता की दर 12% है.)

3. पात्रता शर्तों के विवरण और निर्धारित प्रोफॉर्मा, जिसमें आवेदन भेजे जाने चाहिए, स.प्र.प्र.सं. की वेबसाइट: **https://www.istm.gov.in/home/other circular** से डाउनलोड किए जा सकते हैं.

4. केवल उन्हीं अधिकारियों/आवेदनकर्ताओं के आवेदनों पर विचार किया जाएगा, जिनके आवेदन उचित माध्यम (चैनल) द्वारा प्रेषित किए जाएंगे और जिनके साथ (i) विवरणों से युक्त रिक्ति परिपत्र के **अनुलग्नक-II (क), (ख), (ग), (घ)** में विहित प्रोफॉर्मा प्रारूप में जीवनवृत्त (बायोडाटा) (चार प्रतियों में) (ii) संवर्ग अनापति (iii) सतर्कता अनापत्ति तथा (iv) पांच वर्षों की सत्यापित वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट भेजी जाएंगी. **ऐसे आवेदनकर्ता जो दिनांक 27.12.2025 के एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार में प्रकाशित रिक्ति परिपत्र के अनुसार अपर निदेशक के पद के लिए पहले ही आवेदन कर चुके हैं, उनके द्वारा दोबारा आवेदन किए जाने की आवश्यकता नहीं है, जब तक कि उनके अनुभव विवरणों,** लेवल आदि में कोई ऐसा परिवर्तन न हो जो पद के लिए उनके योग्यता-**दावा को प्रबल बनाने में उपयोगी साबित हो सके,** अन्यथा उनके आवेदन पर यथावत विचार किया जाएगा.

5. उपयुक्त और पात्र अधिकारियों, जिन्हें चयन होने की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन **श्री राम भगत कुशवाहा, अवर सचिव (आईएसटीएम अनुभाग), प्रशिक्षण प्रभाग, ब्लॉक-IV, तृतीय तल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (पुराना) परिसर, नई दिल्ली-110067 को एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भिजवा दिए जाएं.** EN 5/14

भाकृअनुप ICAR

भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसन्धान संस्थान (निआप)

देव प्रकाश शास्त्री मार्ग, पूसा, नई दिल्ली-110012

ICAR - National Institute of Agricultural Economics & Policy Research

Dev Prakash Shastri Marg, Pusa, New Delhi - 110 012

नं.15(9)/2026-NIAP दिनांक- 17.04.2026

वॉक्-इन-इंटरव्यू

भा.कृ.अनु.प.- निआप, देव प्रकाश शास्त्री मार्ग, पूसा, नई दिल्ली-110012 स्थित संस्थान में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत नीचे उल्लिखित पदों को भरने हेतु वॉक्-इन-इंटरव्यू आयोजित किये जायेंगे.

क्र. सं.	अस्थायी पद	पदों की संख्या (अनंतिम)	वेतन (प्रतिमाह)	वॉक्-इन-इंटरव्यू की तिथि
1.	यंग प्रोफेशनल-II (आईटी)	01	रु. 42,000/- (समेकित)	**18.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे**
2.	यंग प्रोफेशनल-II	09	रु. 42,000/- (समेकित)	**19.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे**

उपरोक्त दर्शाई गई रिक्तियां बढ़ या घट सकती हैं. शैक्षणिक योग्यताओं, मानदेय, आयु सीमा आदि के संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट अर्थात् **www.niap.res.in** देख सकते हैं.

EN 5/18 (सहायक प्रशासनिक अधिकारी)

सत्यमेव जयते

एफ नं. 01-06/2023-प्रशा.

भारत सरकार

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

एनडीएमए भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110 029

टेली नं. 26701700

दिनांक: 16.04.2026

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) में संविदा आधार पर लीड कन्सल्टेंट (समन्वयक-राष्ट्रीय बहाली संसाधन केंद्र) के पद के लिए विज्ञापन.

एनडीएमए निम्नलिखित पद के लिए अपेक्षित अर्हता और अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है:-

क्रम सं.	पद का नाम	पद की प्रकृति	रिक्ति की संख्या	शैक्षणिक अर्हता	अर्हता उपरांत अनुभव	अधिकतम आयु सीमा
1.	लीड कन्सल्टेंट (समन्वयक-राष्ट्रीय बहाली संसाधन केंद्र)	संविदात्मक	01 (एक)	**अनिवार्य:**-आपदा प्रबंधन, सिविल इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, वास्तुकला, समाज विज्ञान, जियो-इन्फॉरमेटिक्स, शहरी नियोजन, लोक नीति, लोक प्रशासन और विकास नियोजन में मास्टर डिग्री. **वांछनीय:**- एक उन्नत डिग्री, जैसे कि संबंधित विषयक्षेत्र में पी.एचडी, वांछनीय है. अभ्यर्थी बहाली और पुनर्निर्माण से संबंधित मुद्दों की मजबूत समझ और ज्ञान अवश्य रखते हों. **अथवा** • ग्रेड वेतन रु. 8700 (असंशोधित)/स्तर-13 (7वां कें वे आ) और ऊपर के साथ सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, किसी भी संगत विषयक्षेत्र में डिग्री, साथ में संगत क्षेत्र में न्यूनतम 10 (दस) वर्षों का अनुभव. बहाली और पुनर्निर्माण कार्यक्रमों की देखरेख में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी.	• अभ्यर्थियों के पास आपदा प्रबंधन, विकास परियोजनाओं और कार्यक्रमों में नीति अथवा कार्यक्रम स्तर पर अर्हता उपरांत न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए. • राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में आपदा जोखिम प्रबंधन या बहाली परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कार्य करने अनुभव वांछनीय है. • डेटा विश्लेषण टूल्स जैसे कि माइक्रोसॉफ्ट एक्सल, पीपीटी, और एमएस वर्ड में विशेषज्ञता अवश्य होनी चाहिए. • अभ्यर्थियों के पास अंग्रेजी में प्रामाणिक लेखन कौशल होना चाहिए क्योंकि पद के तहत आपदा जोखिम न्यूनीकरण और संबंधित पहलुओं के संबंध में राष्ट्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ संव्यवहार करना अपेक्षित होता है. हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता को अतिरिक्त अर्हता माना जायेगा.	लीड कन्सल्टेंट के लिए 62 वर्ष (सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष है).

2. **पारिश्रमिक बैंड:** लीड कन्सल्टेंट के लिए रु. 2,00,000/-- रु. 2,50,000/-, कन्सल्टेंट के तौर पर नियुक्त सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी के संबंध में पारिश्रमिक वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के का.ज्ञा. सं. 3-25/2020-ई -III दिनांक 09 दिसंबर, 2020 के अनुरूप विनियमित किया जायेगा.

3. उपर्युक्त पद पर नियुक्ति के लिए विस्तृत निबंधन एवं शर्तें और पात्रता मानदंड (शैक्षणिक अर्हताएं, आयु, अनुभव आदि) नियुक्ति की शर्तों (टीओआर) में इंगित किये गये हैं और एनडीएमए वेबसाइट: **https://ndma.gov.in** पर देखे जा सकते हैं.

4. अनिवार्य/वांछनीय शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव का सत्यापन मूल प्रमाणपत्रों के साथ किया जायेगा.

5. इच्छुक व्यक्ति एनडीएमए वेबसाइट पर विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **20 दिनों के भीतर** एनडीएमए वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

6. **आवेदन पत्र पर केवल एनडीएमए रोज़गार पोर्टल (https://ndma.gov.in) के जरिए आवेदक द्वारा आवेदन करने पर ही विचार किया जायेगा. आवेदन के किसी अन्य माध्यम पर विचार नहीं किया जायेगा. ऑनलाइन आवेदन करने के लिए किसी भी सहायता के लिए कृपया 9958136496/9873997934 पर संपर्क करें.**

महत्वपूर्ण टिप्पणी: अपूर्ण आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा और एनडीएमए के पास ऐसे आवेदनों को बगैर कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

(अभिषेक बिस्वास)
अवर सचिव (प्रशासन)

EN 5/42

कृषि और किसान कल्याण विभाग

कमरा नं. 12-ए, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001

सं. 12023/04/2019-ई. II

रिक्ति परिपत्र

कृषि और किसान कल्याण विभाग नीचे दिए गए विवरणानुसार तकनीकी पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है:

पद का नाम और वेतनमान: वेतन मैट्रिक्स (रु. 44,900-1,42,400/-) में स्तर-7 में स्कीम अधिकारी

रिक्तियों की संख्या: एक (01)

भर्ती की विधि: संयुक्त विधि (पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित)

पात्रता शर्तें अर्थात शैक्षणिक अर्हता, अनुभव:

प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित):

केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ शासित प्रदेशों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों या अर्द्ध सरकारी या वैधानिक या स्वायत्त संगठनों के अधिकारी:

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, **या**

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (रु. 56100-177500) में स्तर-10 (असंशोधित पीबी-3 (रु. 15600-39100, साथ में ग्रेड वेतन रु. 5400/-) या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत ग्रेड में पांच वर्षों की सेवा के साथ और

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखते हैं:

अनिवार्य:

(i) केंद्रीय/राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों/कृषि विश्वविद्यालयों/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या परिषदों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/अर्द्ध सरकारी/स्वायत्त या सांविधिक संगठनों के अधिकारी:-

(क) (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, **या**

(ii) वेतन बैंड-2: रु. 9300-34800 साथ में ग्रेड वेतन रु. 4200/- या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत ग्रेड में 5 वर्षों की नियमित सेवा के साथ, और

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखते हैं:

(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि में बैचलर डिग्री, **और**

(ii) कीटनाशकों की देखरेख से जुड़ा पादप संरक्षण के क्षेत्र में तीन वर्षों का अनुभव **अथवा**

(i) कृषि रसायनशास्त्र या एनाटोमोलॉजी या प्लांट पैथोलॉजी या वीड साइंस या नेमाटोलॉजी में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मास्टर डिग्री, **और**

(ii) कीटनाशकों की देखरेख से जुड़े पादप संरक्षण के क्षेत्र में एक वर्ष का अनुभव.

(ii) वेतन बैंड-2, रु. 9300-34800 जमा ग्रेड वेतन रु. 4200/- में विभागीय वरिष्ठ तकनीकी सहायक ग्रेड-II (इन्सेक्टिसाइडस), ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा के साथ, पर भी प्रतिनियुक्तिवत् व्यक्तियों के साथ विचार किया जायेगा और पद पर नियुक्ति के लिए यदि चयन हो जाता है और इसे पदोन्नति से भरा गया माना जायेगा.

फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो कि पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे. इसी प्रकार प्रतिनियुक्तिवत् पदोन्नति से नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हांगे.

2. पूर्ण विज्ञापन, आवेदन प्रारूप, जीवनवृत्त प्रोफॉर्मा आदि के लिए आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे इस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **www.agriwelfare.gov.in** ('Recruitment' पर क्लिक करें) पर पधारें.

3. हर तरह से पूर्ण किए गए आवेदन-पत्र (तीन प्रतियों में) एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार में परिपत्र के प्रकाशन के **60 दिनों के भीतर** उचित माध्यम से **सुश्री फानी तुलसी के. सीएच, अवर सचिव (कार्मिक-II), कृषि और किसान कल्याण विभाग, कमरा नंबर 12-ए, भूतल, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001** को अग्रेषित किए जाने चाहिए. **उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किए गए या देरी से प्राप्त अथवा अपेक्षित प्रमाणपत्रों और आवश्यक दस्तावेजों के बगैर प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा.**

4. आवेदित पद का नाम लिफाफे पर साफ अक्षरों में लिखा जाना चाहिए.

(फानी तुलसी के. सीएच)
अवर सचिव, भारत सरकार
कृषि और किसान कल्याण विभाग

EN 5/43

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान

The National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development

(कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Skill Development and Entrepreneurship Govt. of India)

भर्ती सूचना

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (NIESBUD), जो कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है तथा देश में उद्यमिता विकास से संबंधित गतिविधियों में संलग्न है, अपने नोएडा परिसर में निम्नलिखित पद के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है:-

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन स्तर (7वां वेतन आयोग)
1	प्रशासनिक अधिकारी	01	स्तर-10 (आरआर के अनुसार)

2. विस्तृत रिक्ति परिपत्र, जिसमें पात्रता मानदंड, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन प्रारूप शामिल हैं, संस्थान की वेबसाइट **www.niesbud.nic.in** पर उपलब्ध है.

3. निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिन** होगी.

4. संस्थान किसी भी चरण पर बिना कोई कारण बताए भर्ती सूचना को वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

निदेशक (ORA)
NIESBUD

EN 5/47

A-12011/04/2018-Estt.
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

पात्र उम्मीदवारों (भारतीय नागरिक) से प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) या पदोन्नति के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र.सं.	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या	वेतन मैट्रिक्स में वेतनमान/स्तर	योग्यताएं
1.	**सहायक आयुक्त (शिपिंग)** सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'A' राजपत्रित गैर मंत्रालयी	01	7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 (रु. 67,700- रु. 2,08,700	(1) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकाय या सांविधिक संगठन या मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी, (A) (I) अपने मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पदों पर कार्यरत हों; या (II) अपने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (रु. 56,100-1,77,500) के स्तर-10 या समकक्ष पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा पूरी की हो; और (B) निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव रखते हों: **आवश्यक:** (A) (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री; और (ii) पांच वर्ष का अनुभव, जिसमें से- (a) शिपिंग या जहाजों की चार्टरिंग या पोर्ट संचालन का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव; **और** (b) प्रशासनिक कार्य का दो वर्ष का अनुभव. **वांछनीय** : नरोत्तम दास मोरारजी इंस्टीट्यूट ऑफ शिपिंग, मुंबई या भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (पहले मानव संसाधन विकास मंत्रालय) या शिपिंग मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य संस्थान से शिपिंग में एसोसिएटशिप या फेलोशिप या डिप्लोमा. **नोट 1:** वेतन मैट्रिक्स (रु. 56100-177500) के लेवल-10 में कार्यरत विभागीय सहायक निदेशक (शिपिंग), जिनके पास इस ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा है और जो प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति पर विचार करने के लिए निर्धारित शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखते हैं, उन पर बाहरी उम्मीदवारों के साथ विचार किया जाता है. यदि विभागीय उम्मीदवार को इस पद पर नियुक्ति के लिए चुना जाता है, तो इसे पदोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा. **नोट 2:** प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक अनुबंध सहित), जिसमें केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक अनुबंध सहित) भी शामिल है, सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी. **नोट 3:** प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

2. डेपुटेशन की अवधि आमतौर पर 4 साल से अधिक नहीं होगी. डेपुटेशन की शुरुआती अवधि (ISTC) 1 साल है.
3. पूरा आवेदन, साथ में पिछले पांच सालों की अपडेटेड ACR/APAR फाइलें, **श्री मनीष कुमार चौरसिया, अवर सचिव (स्थापना), कमरा नंबर-23049, तीसरी मंजिल, उर्वरक विभाग, कर्तव्य भवन 2, नई दिल्ली** को इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से **45 दिनों के अंदर** सही माध्यम से भेजा जा सकता है.
4. आवेदन स्वीकार करने की आखिरी तारीख तक अधिकतम आयु सीमा 56 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए.
5. विस्तृत पात्रता मानदंड, आवेदन फॉर्म और भर्ती के नियम विभाग की वेबसाइट **https://fert.gov.in** पर उपलब्ध होंगे.

परिशिष्ट-I

जीवनवृत्त प्रपत्र

1. नाम और पता (बड़े अक्षरों में)	
2. जन्म तिथि (ईसवी सन् में)	
3. i) सेवा में प्रवेश की तिथि	
ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि	
4. शैक्षणिक योग्यताएं	
5. क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं पूरी होती हैं? (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उसका आधार/प्राधिकार बताएं)	

विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित आवश्यक योग्यताएं/अनुभव	अधिकारी के पास उपलब्ध योग्यताएं/अनुभव
अनिवार्य	अनिवार्य
A) योग्यता	A) योग्यता
B) अनुभव	B) अनुभव
वांछनीय	वांछनीय
A) योग्यता	A) योग्यता
B) अनुभव	B) अनुभव

5.1 **नोट:** इस कॉलम को प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा परिपत्र जारी करते समय और 'रोज़गार समाचार' में विज्ञापन जारी करते समय, भर्ती नियमों (RRs) में उल्लिखित अनिवार्य और वांछनीय योग्यताओं को दर्शाने के लिए विस्तृत किया जाना चाहिए.
5.2 डिग्री और स्नातकोत्तर योग्यताओं के मामले में, उम्मीदवार द्वारा ऐच्छिक/मुख्य विषय और सहायक विषय बताए जा सकते हैं.

6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि ऊपर आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों के आधार पर, क्या आप पद के लिए आवश्यक अनिवार्य योग्यताओं और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं?	

6.1 **नोट:** उधार लेने वाले विभागों (Borrowing Departments) को, जिस पद के लिए आवेदन किया गया है, उसके संदर्भ में उम्मीदवार के पास उपलब्ध प्रासंगिक अनिवार्य योग्यता/कार्य अनुभव (जैसा कि बायो-डेटा में दर्शाया गया है) की पुष्टि करते हुए अपनी विशिष्ट टिप्पणियां/विचार प्रस्तुत करने होंगे.

7. रोज़गार का विवरण, कालक्रमानुसार. यदि नीचे दी गई जगह अपर्याप्त हो, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें.

कार्यालय/संस्था	नियमित आधार पर धारित पद	कब से	कब तक	* नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान	कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से), जिसमें आवेदन किए गए पद के लिए आवश्यक अनुभव को रेखांकित किया गया हो

* **महत्वपूर्ण:** एसीपी/एमएसीपी के तहत दिया गया पे बैंड और ग्रेड पे अधिकारी के लिए व्यक्तिगत होता है, इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए. केवल नियमित आधार पर धारित पद के पे बैंड और ग्रेड पे/पे स्केल का ही उल्लेख किया जाना चाहिए. एसीपी/एमएसीपी का विवरण, जिसमें वर्तमान पे बैंड और ग्रेड पे शामिल हो (जहां उम्मीदवार ने ऐसे लाभ प्राप्त किए हों), नीचे दिए गए अनुसार दर्शाया जा सकता है:

कार्यालय/संस्था	एसीपी/एमएसीपी योजना के अंतर्गत का वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन	कब से	कब तक

8. वर्तमान रोज़गार की प्रकृति, यानी तदर्थ (Ad-hoc) या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी	
9. यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया बताएं-	

a) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि	b) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि	c) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है	d) मूल संगठन में स्थायी क्षमता में धारित पद का नाम और वेतन

9.1 **नोट:** जो अधिकारी पहले से ही डेपुटेशन पर हैं, उनके आवेदन उनके मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, विजिलेंस क्लीयरेंस और इंटीग्रिटी सर्टिफिकेट के साथ आगे भेजे जाने चाहिए. 9.2 **नोट:** ऊपर कॉलम 9 (c) और (d) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए, जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर डेपुटेशन पर कोई पद धारण कर रहा है, लेकिन अभी भी अपने मूल कैडर/संगठन में अपना लियन (पद का अधिकार) बनाए हुए है.	
10. यदि आवेदक ने अतीत में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया है, तो पिछली प्रतिनियुक्ति से लौटने की तारीख और अन्य विवरण दें.	
11. वर्तमान रोज़गार के बारे में अतिरिक्त विवरण: कृपया बताएं कि आप किसके अधीन काम कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम लिखें) a) केंद्र सरकार b) राज्य सरकार c) स्वायत्त संगठन d) सरकारी उपक्रम e) विश्वविद्यालय f) अन्य	
12. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में काम कर रहे हैं और क्या आप फीडर ग्रेड या फीडर-टू-फीडर ग्रेड में हैं.	
13. क्या आप वेतन के संशोधित स्केल में हैं? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जिससे संशोधन लागू हुआ और साथ ही संशोधित होने से पहले का स्केल भी बताएं.	(शेष पृष्ठ 21 पर)

(पृष्ठ 20 का शेष)

14. वर्तमान में प्रति माह प्राप्त होने वाली कुल परिलब्धियां		
PB में मूल वेतन	ग्रेड वेतन	कुल परिलब्धियां

15. यदि आवेदक ऐसे किसी संगठन से संबंधित है जो केंद्र सरकार के वेतनमानों का पालन नहीं करता है, तो उस संगठन द्वारा जारी की गई नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जा सकती है, जिसमें निम्नलिखित विवरण दर्शाए गए हों:		
वेतनमान और वेतन वृद्धि की दर सहित मूल वेतन	महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (विस्तृत विवरण सहित)	कुल परिलब्धियां

16. A आपने जिस पोस्ट के लिए अप्लाई किया है, उससे जुड़ी कोई और जानकारी, अगर कोई हो, जो पोस्ट के लिए आपकी काबिलियत को सपोर्ट करे. इसमें दूसरी चीजों के अलावा, इन चीज़ों के बारे में जानकारी हो सकती है: (i) एक्स्ट्रा एकेडमिक क्वालिफिकेशन (ii) प्रोफेशनल ट्रेनिंग और (iii) वैकेंसी सर्कुलर/एडवरटाइजमेंट में बताई गई जानकारी के अलावा काम का अनुभव) (नोट: अगर जगह कम है, तो एक अलग शीट लगाएं)	
16. B उपलब्धियां: उम्मीदवारों से आग्रह है कि वे इन चीज़ों के बारे में जानकारी दें; (i) रिसर्च पब्लिकेशन और रिपोर्ट और स्पेशल प्रोजेक्ट (ii) अवॉर्ड/स्कॉलरशिप/ऑफिशियल तारीफ (iii) प्रोफेशनल बॉडी/इंस्टीट्यूशन/सोसाइटी से जुड़ाव और; (iv) अपने नाम पर रजिस्टर्ड पेटेंट या ऑर्गनाइज़ेशन के लिए हासिल किए गए पेटेंट (v) कोई भी रिसर्च/इनोवेटिव तरीका जिसमें ऑफिशियल पहचान शामिल हो (vi) कोई और जानकारी. (नोट : अगर जगह कम हो तो अलग शीट लगाएं)	
17. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (ISTC)/समावेशन/पुनः-रोजगार के आधार पर आवेदन कर रहे हैं? # (केंद्र/राज्य सरकारों के अधीन अधिकारी केवल समावेशन' के लिए पात्र हैं, गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्र हैं)	
# ('STC' / 'समावेशन'/'पुनः-रोजगार' का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है, जब रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से 'STC' या 'समावेशन' या 'पुनः-रोजगार' द्वारा भर्ती का उल्लेख किया गया हो).	
18. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित हैं?	

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं भली-भांति अवगत हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गए बायोडाटा में दी गई जानकारी- जो आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेज द्वारा विधिवत समर्थित है, का मूल्यांकन पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी किया जाएगा. मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही और सत्य हैं, और मेरे चयन पर प्रभाव डालने वाला कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया/रोका नहीं गया है.

दिनांक : ..... **(उम्मीदवार का हस्ताक्षर)**

पता : .....

नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा प्रमाणीकरण

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण, रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं. उसके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव हैं. यदि उसका चयन होता है, तो उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

i) श्री/श्रीमती के ..... विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है.

ii) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है.

iii) उसकी मूल CR पत्रावली संलग्न है / पिछले पांच वर्षों की ACR की प्रतियां, जो भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हैं, संलग्न हैं.

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई बड़ी/छोटी पेनाल्टी नहीं लगाई गई है; अथवा पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर लगाई गई बड़ी/छोटी पेनाल्टी की सूची संलग्न है. (जैसा भी मामला हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकरण, मुहर सहित)

EN 5/12

भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा उत्पादन विभाग

आयुध निर्माणी निदेशालय (C & S)

फील्ड यूनिट खड़की, पुणे

कैम्प, आयुध निर्माणी फैक्ट्री, खड़की, पुणे-411003 (महाराष्ट्र)

वॉक्-इन इंटरव्यू

आयुध निर्माणी अस्पताल खड़की, पुणे-411003 में 06 माह की अवधि के लिए अनुबंध आधार पर 03 एमबीबीएस डॉक्टरों की भर्ती के संबंध में.

क्र. सं.	विवरण	जानकारी
01	साक्षात्कार की तिथि एवं समय	11/05/2026 प्रातः 10:00 बजे
02	स्थान	आयुध निर्माणी अस्पताल खड़की, पुणे-411003
03	रिक्तियों की संख्या	03
04	कार्यकाल	06 माह
05	आवश्यक योग्यता	एमसीआई मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज/विश्वविद्यालय से एमबीबीएस डिग्री. अभ्यर्थी पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनर होना चाहिए.
06	मासिक पारिश्रमिक	रु. 75,000/- (समेकित)
07	अनुपस्थिति पर पारिश्रमिक में दैनिक कटौती	रु. 2,500/- (प्रति दिन)
08	कार्य का प्रकार	ओएफबी द्वारा समय-समय पर जारी शर्तों एवं नियमों के अनुसार.
09	साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज	केवल भारतीय नागरिक ही साक्षात्कार में उपस्थित होने के पात्र हैं. अभ्यर्थियों को बायोडाटा/रिज्यूमे के साथ सभी प्रासंगिक दस्तावेज मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे, जिनमें शामिल हैं: • शैक्षणिक योग्यता • पहचान प्रमाण (आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड) तथा एक पता प्रमाण (राशन कार्ड/अन्य) • राष्ट्रीय/राज्य चिकित्सा परिषद से चिकित्सा पंजीकरण प्रमाण पत्र • जन्म तिथि का प्रमाण एवं केंद्र/राज्य सरकार के राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र • 02 हालिया पासपोर्ट आकार के फोटो • कोई भी पेशेवर जो शैक्षणिक योग्यता के आधार को पूरा करता हो (सेवानिवृत्त कार्मिक सहित) नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकता है.
10	यह नियुक्ति पूर्णतः अनुबंध आधारित है, जिसे किसी भी पक्ष द्वारा 07 (सात) दिन के नोटिस पर समाप्त किया जा सकता है.	
11	चयनित चिकित्सक को डीएमओ ड्यूटी (रात्रि) पर तैनात किया जाएगा, पीवीआर अनिवार्य है.	
12	सीएमओ/आईसी, ओएफएच खड़की को उपरोक्त रिक्ति का विज्ञापन करने का अधिकार सुरक्षित है.	

श्री डॉ. एम. बी. बडिगर

वरिष्ठ विशेषज्ञ प्रभारी

आयुध निर्माणी अस्पताल, खड़की-411003

EN 5/20

सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी

Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy

भारत सरकार, गृह मंत्रालय

Government of India, Ministry of Home Affairs

हैदराबाद - 500052 : Hyderabad - 500052

सं. 15011/18/2012/Estt./A2 दिनांक: 24/03/2026

केंद्रीय/राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या स्वायत्त/वैधानिक संगठनों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों या विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों के अधीन कार्यरत पात्र अधिकारियों से, **सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद-500052** में **'हिंदी प्रशिक्षक'** के पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

2. पद के लिए वेतन, आवश्यक योग्यताएं तथा अन्य पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रपत्र की जानकारी अकादमी की वेबसाइट **http://www.svpnpa.gov.in/vacancies** पर उपलब्ध है.

प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी (स्था.)

EN 5/23

फाइल संख्या: A-12023/1/2023 Admn I (e-22318)

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

मत्स्यपालन विभाग निम्नलिखित पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद का नाम, वर्गीकरण एवं वेतनमान	रिक्तियों की संख्या***	भर्ती की विधि	आवेदन भेजने का पता
1.	सहायक आयुक्त (मत्स्य), मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय लेवल-11 (रु.67700-208700/-) (7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार)	02	प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि संविदा सहित)	अवर सचिव (प्रशासन), प्रथम तल, चंद्रलोक भवन, 36, जनपथ नई दिल्ली - 110001

***उपरोक्त पदों की रिक्तियों की संख्या बढ़ या घट सकती है.

2. विस्तृत पात्रता मानदंड जैसे शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, बायोडाटा प्रारूप आदि के लिए अभ्यर्थियों को विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **www.dof.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है. विज्ञापित पदों के लिए पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन सभी प्रकार से उचित माध्यम से उपरोक्त पते पर **रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर** भेजे जाने चाहिए.

(ए. के. सिंह)

भारत सरकार के अवर सचिव

दूरभाष: 011-2331 0341

ई-मेल:admn-fishery@dof.gov.in

EN 5/38

(C.No. 300693176)
No. A. 12011/4/2025-Admn.VI
Government of India/ भारत सरकार
Ministry of Finance/ वित्त मंत्रालय

Department of Economic Affairs
आर्थिक कार्य विभाग

(Admin. VI)/(प्रशा. VI)

कार्य कक्षः 15051, 'ए' विंग, कर्तव्य भवन - 1, नई दिल्ली

बजट प्रेस, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर भरने के संबंध में.

वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में बजट प्रेस के 5 विभिन्न पदों को प्रतिनियुक्ति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है. पदों के संबंध में आवश्यक विवरण **अनुलग्नक I – V** में दिए गए हैं.

2. अनुरोध है कि योग्य और इच्छुक अधिकारियों के आवेदन (दो प्रतियों में), जिन्हें चयनित होने पर कार्यमुक्त किया जा सकता है, रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तारीख से **60 दिनों के भीतर** अनुलग्नक-क में निर्धारित प्रोफॉर्मा में निम्नलिखित दस्तावेजों सहित इस विभाग को अग्रेषित किया जाएः-

i. अद्यतित सीआर डोजियर. सीआर डोजियर की छायाप्रति के मामले में, यह विधिवत रूप से भारत सरकार के न्यूनतम अवर सचिव रैंक के अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित हो. (प्रत्येक पृष्ठ पर अनुप्रमाणन)
ii. सतर्कता/अनुशासनात्मक अनापत्ति
iii. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र
iv. पिछले दस वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों का विवरण. 'शून्य' सूचना के मामले में भी विवरण अपेक्षित है.
v. संवर्ग अनापत्ति.

3. उचित माध्यम के अलावा अन्यथा अपूर्ण और उपर्युक्त दस्तावेजों के बिना तथा नियत तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा. इसके अलावा, पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(संतोष कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 011-24012872
मेल : santosh.kumar78@nic.in

अनुलग्नक-I

1. **पद का नाम** : **प्रेस सहायक (अनुरक्षण)**
2. **रिक्ति की संख्या** : एक
3. **वर्गीकरण** : सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग' (कुशल), अननुसचिवीय, [मौजूदा भर्ती नियमों के अनुसार (वर्तमान में समूह 'बी' पद के रूप में वर्गीकृत)]
4. **मंत्रालय/विभाग** : वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग
5. **पे मैट्रिक्स में लेवल** : 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स का लेवल-6
6. **भर्ती का तरीका** : **प्रतिनियुक्ति /आमेलन**
7. **पात्रता संबंधी शर्तें** : केंद्र सरकार के अधिकारी

(क) (i) जो मूल संवर्ग या संगठन में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हो; **अथवा**
(ii) जिन्होंने 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स के वेतन लेवल 5 में तीन वर्ष की नियमित सेवा की हो.
(ख) व्यवसाय परीक्षा (ट्रेड टेस्ट) उत्तीर्ण करने के अध्यधीन कॉलम (8)* में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यता और अनुभव प्राप्त हो.
* भर्ती नियमों का कॉलम 8 (सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं) इस प्रकार हैः
अनिवार्यः (1) दसवीं या समकक्ष.
(2) इलैक्ट्रिकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा.
(3) प्रतिष्ठित ऑफसेट प्रेस में विभिन्न प्रकार के उपकरणों के अनुरक्षण में पांच वर्ष का अनुभव.
वांछनीयः ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन के संचालन में तीन वर्ष का व्यावहारिक अनुभव और कैमरा / प्लेटमेकिंग का ज्ञान.
टिप्पणीः प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

अनुलग्नक-II

1. **पद का नाम** : **फोरमैन बाइन्ड्री (पर्यवेक्षी)**
2. **रिक्ति की संख्या** : एक
3. **वर्गीकरण** : सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित अननुसचिवीय,
4. **मंत्रालय/विभाग** : वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग
5. **पे मैट्रिक्स में लेवल** : 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स का लेवल-6
6. **भर्ती का तरीका** : **प्रतिनियुक्ति**
7. **पात्रता संबंधी शर्तें** : केंद्र सरकार के अधिकारी

(क) (i) जो मूल संवर्ग या संगठन में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हो; **अथवा**
(ii) जिन्होंने 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स के पे लेवल 5 में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो.
(iii) जिन्होंने 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स के पे लेवल 4 में दस वर्ष की नियमित सेवा की हो.
(ख) कॉलम (7)* में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव प्राप्त किया हो.
* भर्ती नियमों का कॉलम 7 (सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं) इस प्रकार हैः
अनिवार्यः (1) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण की हो;
(2) मुद्रण संस्थान में बाइंडिंग विभाग या अनुभाग में दो वर्ष के अनुभव के साथ किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से मुद्रण और संबद्ध विषयों में डिप्लोमाः **या**
एक मुद्रण संस्थान में बाइंडिंग विभाग या अनुभाग में तीन वर्ष के अनुभव के साथ शिक्षुता अधिनियम, 1961 (1961 का 52) के तहत ट्रेड में शिक्षुता पूर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र.
वांछनीयः विभिन्न प्रकार की ऑफसेट प्रिंटिंग मशीनों के संचालन का ज्ञान.
टिप्पणीः प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

अनुलग्नक-III

1. **पद का नाम** : **ऑफसेट मशीनमैन ग्रेड II**
2. **रिक्ति की संख्या** : दो
3. **वर्गीकरण** : सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', गैर-राजपत्रित,अननुसचिवीय
4. **मंत्रालय/विभाग** : वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग.
5. **पे मैट्रिक्स में लेवल** : 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स का लेवल-5
6. **भर्ती का तरीका** : **प्रतिनियुक्ति /आमेलन**
7. **पात्रता संबंधी शर्तें**:

(क) (i) अन्य सरकारी विभागों या सरकारी प्रेस में सदृश पदों पर काम करने वाले व्यक्ति
(ii) जिन्होंने 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स के पे लेवल 4 में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो.
(iii) जिन्होंने 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स के पे लेवल 2 में तेरह वर्ष की नियमित सेवा की हो.
(ख) भर्ती नियमावली के कॉलम 8* में उल्लिखित सीधी भर्ती के लिए निर्धारित अर्हता और अनुभव प्राप्त होने के अध्यधीन व्यवसाय परीक्षा (ट्रेड टेस्ट) उत्तीर्ण की हो.
* भर्ती नियमों का कॉलम 8 (सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं) इस प्रकार हैः
अनिवार्यः (1) दसवीं या इसके समकक्ष;
(2) सिंगल और डबल कलर ऑफसेट मशीनों के संचालन के लिए तीन वर्ष के व्यावहारिक अनुभव सहित प्रिंटिंग (ऑफसेट) में डिप्लोमा, **अथवा**
ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन सिंगल और डबल कलर ऑपरेटिंग में छह वर्ष के अनुभव सहित शिक्षुता अधिनियम, 1961 (1961 का 52) के तहत ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन ट्रेड में शिक्षुता पूर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र.
वांछनीयः प्लेटमेकिंग का ज्ञान.
टिप्पणीः प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

अनुलग्नक-IV

1. **पद का नाम** : **प्लेटमेकर**
2. **रिक्ति की संख्या** : एक
3. **वर्गीकरण** : सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', (कुशल) अननुसचिवीय,
4. **मंत्रालय/विभाग** : वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग.
5. **पे मैट्रिक्स में लेवल** : 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स का लेवल-4
6. **भर्ती का तरीका** : **प्रतिनियुक्ति /आमेलन**
7. **पात्रता संबंधी शर्तें**:

केंद्र सरकार के अधिकारी
(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए होः **अथवा**
(ii) जिन्होंने 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स के पे लेवल 2 में आठ वर्ष की नियमित सेवा की हो.
(ख) एक व्यावसाय परीक्षा (ट्रेड टेस्ट) पास करने के अध्यधीन कॉलम 8* में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यता और अनुभव प्राप्त हो.
* भर्ती नियमों का कॉलम 8 (सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं) इस प्रकार हैः
अनिवार्यः (1) दसवीं या समकक्ष;
(2) शिक्षुता अधिनियम, 1961 (1961 का 52) के तहत ट्रेड में शिक्षुता पूर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र.
(3) प्रतिष्ठित प्रेस में प्लेटमेकिंग में तीन वर्ष का अनुभव.
टिप्पणीः प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

अनुलग्नक-V

1. **पद का नाम** : **बाइन्ड्री सहायक**
2. **रिक्ति की संख्या** : एक
3. **वर्गीकरण** : सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', (कुशल) अननुसचिवीय,
4. **मंत्रालय/विभाग** : वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग.
5. **पे मैट्रिक्स में लेवल** : 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स का लेवल-2
6. **भर्ती का तरीका** : **प्रतिनियुक्ति /आमेलन**
7. **पात्रता संबंधी शर्तें**:

केंद्र सरकार के अधिकारी
(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए होंः **अथवा**
(ii) 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के वेतन लेवल 1 में तीन वर्ष की नियमित सेवा सहित.
(ख) एक व्यवसाय परीक्षा (ट्रेड टेस्ट) पास करने के अध्यधीन कॉलम 7* में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यता और अनुभव प्राप्त हो.
* भर्ती नियमों का कॉलम 7 (सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं) इस प्रकार हैः
अनिवार्यः (क) (1) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण की हो;
(2) शिक्षुता अधिनियम, 1961 (1961 का 52) के तहत व्यवसाय में शिक्षुता पूर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र
या
(ख) (1) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण की हो;
(2) एक सुस्थापित प्रिंटिंग प्रेस में बाइंडर के रूप में एक वर्ष का अनुभव.

अनुलग्नक-क

प्रपत्र

1.	आवेदित पद का नाम	
2.	स्पष्ट अक्षरों में नाम और पता	
3.	जन्म तिथि	
4.	केंद्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख	

(शेष पृष्ठ 23 पर)

(पृष्ठ 22 का शेष)

5.	**शैक्षणिक अर्हताएं** (क) तकनीकी अर्हताएं	
6.	क्या पद के लिए शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं पूरी हैं (यदि नियमों में निर्धारित किसी अर्हता को समकक्ष माना गया है तो इस संबंध में प्राधिकार का उल्लेख करें)	
	अर्हता/अनुभव (अपेक्षित)	**अर्हता/अनुभव (प्राप्त)**
7.	आपके द्वारा दी गई उपर्युक्त जानकारी के आलोक में कृपया स्पष्ट रूप से दर्शाएं कि क्या आप पद हेतु अपेक्षित योग्यता पूर्ण करते हैं?	
8.	रोजगार का क्रमानुसार विवरण. (यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें).	

मंत्रालय/ विभाग	धारित पद	कब से	कब तक	पे मैट्रिक्स में लेवल	कार्य का स्वरूप

9.	वर्तमान रोजगार का स्वरूप अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी.	
10.	यदि वर्तमान रोजगार निम्नलिखित पर धारित किया गया है: प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर, तो कृपया बताएं; (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख: (ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि: (ग) संबंधित मूल कार्यालय का नाम:	
11.	वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण, कृपया बताएं कि किसके तहत कार्यरत हैं (क) केंद्र सरकार (ख) राज्य सरकार (ग) स्वायत्त संगठन (घ) विश्वविद्यालय (ङ) अन्य	
12.	क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो संशोधन से पहले की तारीख बताएं और संशोधन-पूर्व का स्केल भी इंगित करें.	
13.	प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां	
14.	क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं	
15.	अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो	
16.	टिप्पणियां (यदि कोई हो)	

